हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

महाकुंभ संपूर्ण होने के बाद सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे, किए बड़े ऐलान

'सफाईवीरों' की सैलरी अब होगी 16 हजार 10 हजार बोनस, 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा

सीएम व कैबिनेट मंत्रियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ के संपूर्ण होने के बाद प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। महाकुंभ में लगे यूपी के सफाई कर्मचारियों को 10 हजार का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। इसके अलावा न्यूनतम 16000 प्रति माह वेतन की घोषणा की है। इसके अलावा महाकुंभ में कार्यरत सभी कर्मियों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। 1 अप्रैल से कर्मचारियों के खाते में रुपए भी भेजे जाएंगे।

सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने पुरस्कार प्राप्त किया।

नाव चालकों को नाव खरीदने दी जाएगी धनराशि, मुफ्त इलाज भी

महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज में नाव चालकों से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि पंजीकरण के बाद हर नाव चालक को 5 लाख रुपए की बीमा योजना दी जाएगी। नाव खरीदने के लिए धनराशि दी जाएगी। जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा।

◆ पीएम मोदी ने महाकुंभ पर कहा-देवभक्ति ही देशभक्ति

यह भारत की विकास यात्रा के एक नए अध्याय का संदेश

महाकुंभ की सफलता के बाद पीएम सोमनाथ दर्शन को जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है की एकता के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए देशवासियों के परिश्रम, उनके प्रयास, उनके संकल्प से अभिभूत मैं द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा। मैं श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा। मैं कामना करूंगा कि देशवासियों में एकता की ये अविरल धारा, ऐसे ही बहती रहे।

हम सब नदी उत्सव जरूर मनाएं

पीएम मोदी ने लिखा कि जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे, और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर। प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है। गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार, नदी उत्सव जरूर मनाएं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पाक चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, शर्मनाक रिकॉर्ड

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में क्या पहले ऐसा हुआ है कि मेजबान देश टूर्नामेंट का एक मैच भी नहीं जीत पाया हो। दरअसल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मेजबान देश पाकिस्तान ग्रुप स्टेज से बाहर हो चुका है। शर्मनाक ये है कि उसका सफर बिना कोई जीत के साथ खत्म हुआ है। पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

हाई कोर्ट बोला- हाईवे की हालत खराब तो टोल कैसा?

जम्मू । यदि सड़क की हालत खराब है तो फिर उस पर टोल टैक्स की वसूली करना तो यात्रा करने वालों के साथ अन्याय है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में यह बात कही है। अदालत ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आदेश दिया कि वह टोल टैक्स में 80% तक कटौती करे क्योंकि सड़क जर्जर है।

सट्टेबाजी में नुकसान की भरपाई के लिए अपहरण

इंदौर। ऑनलाइन सट्टेबाजी एप पर हारी रकम की भरपाई के लिए एक व्यापारी के अपहरण का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार किया और इस शख्स को मुक्त कराया। पुलिस उपायुक्त विनोद कुमार मीना ने बताया कि फिरौती के लिए व्यापारी पवन जैन को 25 फरवरी को अगवा किया गया था।

चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह को केंद्रीय मंत्री शाह ने किया संबोधित

नानाजी ने अपने जीवन में संकल्प लेकर एकात्म मानववाद को धरातल पर 'उतारा'

शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवीनीकृत राम दर्शन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया

नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर हुआ विशेष कार्यक्रम

मप्र में गांव-गांव को गोकुल बनाने का कार्य हो रहा

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज तक देश के 60 करोड़ परिवारों को अपना पक्का मकान, स्वच्छ पेयजल, रसोई गैस और मुफ्त इलाज समेत जैसी अनेक सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री के विचार के संदर्भ में शाह ने कहा कि मप्र में गांव-गांव को गोकुल बनाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयता के साथ-साथ हमारी कृषि, शिक्षा और वसुधैव कुटुंबकम को कैसे विश्व में स्थापित किया जाए, नानाजी के विचारों के अनुकूल इन कार्यों को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि देश का विकास कितना भी हो जाए लेकिन विरासत को साथ लेकर चलना चाहिए।

भारत रत्न नानाजी देशमुख राष्ट्रसेवी थे, प्रधानमंत्री ने उन्हें भारत रत्न देकर किया सच्चा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक भारत रत्न नानाजी देशमुख अजातशत्रु थे। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल की अवधि में कई कष्ट सहे। उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए तत्कालीन परिस्थितियों में राष्ट्रहित में जो कार्य किया उस वजह से उन्हें राष्ट्र ऋषि की उपाधि दी गई।

वे वास्तविक अर्थों में राष्ट्रसेवी थे। प्रधानमंत्री मोदी ने नानाजी देशमुख को भारत रत्न देकर उनके जीवन और कार्यों का सच्चा सम्मान किया। शाह गुरुवार को सतना जिले के चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह नानाजी देशमुख की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित किया गया।

नानाजी ने सबसे पहले चित्रकूट में रामदर्शन की थी और आज इसे नया रूप दिया जा रहा

◆ आपातकाल लगा तो बड़े पैमाने पर लोग लोकतंत्र को बचाना चाहते थे

गृह मंत्री शाह ने कहा कि नानाजी कुशल संगठनकर्ता थे। जब देश में आपातकाल लगा तो बड़े पैमाने पर लोग लोकतंत्र को बचाना चाहते थे। इसी कालखंड में कई आंदोलन हुए और जनसंघ का उदय हुआ। नानाजी देशमुख ने राष्ट्र प्रथम की भावना को प्राथमिकता देते हुए दलों का विलय भी करवाया। शाह ने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने नानाजी देशमुख को राष्ट्र ऋषि की उपाधि दी थी। प्रधानमंत्री ने नानाजी देशमुख को भारत रत्न देने का कार्य किया।

नानाजी ने गांवों में स्वावलंबन की कल्पना की थी: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में केंद्रीय गृहमंत्री शाह समेत यहां उपस्थित सभी अतिथियों का आभार माना। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग रहा है कि उनकी नानाजी से भेंट हुई थी। नानाजी का होना हम सबके लिए एक प्रेरणा पुंज के समान था। जब पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया तो नानाजी ने बड़ी विनम्रता से मना कर दिया था। नानाजी ने गांवों में स्वावलंबन की कल्पना की थी। कथावाचक पूज्य मुरारी बापू ने नानाजी के साथ बिताए समय को याद किया। उन्होंने कहा कि नानाजी ने सबसे पहले चित्रकूट में रामदर्शन की थी और आज इसे नया रूप दिया जा रहा है। यह दिन राष्ट्र ऋषि नानाजी को श्रद्धांजलि देने का दिन है। नानाजी ने रामकथा के साथ रामदर्शन तो कराया ही, लेकिन हम सबको ग्राम दर्शन भी कराया है।

स्टालिन का दावा, कहा- तमिलनाडु में विरोध करेंगे

भोजपुरी, ब्रज और गढ़वाली समेत 25 भाषाओं को निगल गई हिंदी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को राज्य में त्रि-भाषा फॉर्मूले का कड़ा विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदी ने उत्तर भारत में कई प्राचीन भाषाओं को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि हिंदी ने भोजपुरी, अवधी, ब्रज और गढ़वाली समेत कई भारतीय भाषाओं को निगल लिया है।

- राज्य में त्रि-भाषा फॉर्मूले का कड़ा विरोध किया

स्टालिन का आरोप है कि केंद्र त्रि-स्तरीय फॉर्मूले से हिंदी थोपने की कोशिश में है। त्रि-भाषा फॉर्मूले पर तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच मतभेद बढ़ता जा रहा है।

एमके स्टालिन ने केंद्र पर हिंदी और संस्कृत को थोपने का आरोप लगाया है। गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में स्टालिन ने कहा कि हिंदी थोपे जाने का विरोध किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी मुखौटा है। संस्कृत छिपा हुआ चेहरा है। मगर तमिलनाडु भाषा को थोपने की अनुमति नहीं देगा। स्टालिन ने तमिल और अपनी संस्कृति की रक्षा करने की कसम खाई।

त्रि-भाषा फॉर्मूले पर तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच मतभेद बढ़ता जा रहा

त्रि-भाषा फॉर्मूले के तहत तीसरी भाषा विदेशी भी हो सकती है

भाजपा का तर्क है कि त्रि-भाषा फॉर्मूले के तहत तीसरी भाषा विदेशी भी हो सकती है। इस पर स्टालिन ने दावा किया कि त्रि-भाषा नीति अनुसूची के मुताबिक कई राज्यों में केवल संस्कृत को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राजस्थान में उर्दू प्रशिक्षकों के बजाए संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। अगर तमिलनाडु त्रि-भाषा नीति को अपनाता है तो मातृभाषा को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

हिंदी को थोपने का आरोप

डीएमके ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत तीन-भाषा फार्मूले के माध्यम से केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया। हालांकि केंद्र सरकार ने इसका खंडन किया है। अपने पत्र में स्टालिन ने दावा किया कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बोली जाने वाली मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी जैसी कई उत्तर भारतीय भाषाएं हिंदी के वर्चस्व की वजह से खत्म हो गई।

संस्कृत को थोपने की योजना बना रहा केंद्र

उन्होंने यह भी कहा कि एनईपी के प्रावधानों के अनुसार, अन्य भारतीय भाषाओं को संस्कृत के अलावा पढ़ाया जाएगा, और तमिल जैसी भाषाओं को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा। इससे यह साफ है कि केंद्र संस्कृत को थोपने की योजना बना रहा है।

बुरहानपुर अस्पताल में लापरवाही

महिला ने 'बेटे' को जन्म दिया सौंपी गई बेटी, कट गया बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिला अस्पताल में गुरुवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। एसएनसीयू में नवजात बच्चों को बदल दिया गया। ग्राम मैथा की एक महिला ने बेटे को जन्म दिया। लेकिन, अस्पताल स्टाफ ने उन्हें बेटी सौंप दी। महिला के पति ज्ञान सिंह ने तुरंत इस गलती का विरोध किया। जांच में पता चला कि यह बेटी बुरहानपुर निवासी शोएब के परिवार की थी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों परिवारों को उनके सही बच्चे मिले।

- एक घंटे बाद दो परिवारों को मिले उनके सही बच्चे

इंदौर लोकायुक्त ने की बड़ी कार्रवाई

एरियर भुगतान के लिए बाबू ने 5 फीसदी मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलीराजपुर

लोकायुक्त पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई करते हुए रंगे हाथों बाबू को गिरफ्तार किया। यह पूरा मामला अलीराजपुर का है। जो एक रिटायर्ड कर्मचारी के छठें वेतनमान के एरियर से जुड़ा हुआ है। हेमंत दांडेकर चंद्रेशखर आजाद आदिवासी ग्रामीण दृष्टिहीन पुनर्वसन केंद्र भाबरा में वार्डन थे। जो कि साल 2018 में रिटायर हुए थे और साल 2022 में उनका निधन हो गया था। उनका 9.36 लाख रुपए के एरियर का भुगतान होना बाकी है। एरियर भुगतान की एवज में बाबू अलताफ खान ने राशि की भुगतान के लिए 5 प्रतिशत का कमीशन मांगा था।

- 45 हजार लेते रंगे हाथों धराया

दोबारा एग्जाम देने का आश्वासन दिया तो बच्चे हटे

10वीं बोर्ड परीक्षा में नहीं बैठ पाए 26 विद्यार्थी, सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

गुरुवार को कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने समय पर न पहुंचने पर छात्र-छात्राओं को एग्जाम नहीं देने दिया गया। मामला शासकीय पदमा राजे विद्यालय का है। जहां बाहर छात्र-छात्राओं 26 छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। बच्चों का कहना है कि वे सुबह 8:22 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए थे, इसके बावजूद भी उन्हें स्कूल में एंट्री नहीं दी गई। उन्होंने जल्दी स्कूल का गेट बंद करने का आरोप लगाया है। हंगामे की सूचना मिलने पुलिस के अलावा स्कूल शिक्षा विभाग से डीईओ अजय कटियार, ज्वॉइंट डायरेक्टर दीपक पांडेय और एसडीएम भी मौके पर पहुंचे थे। हालांकि, मौके पर पहुंचे एसडीएम ने छात्राओं के समय पर न पहुंचने की बात कही है। बच्चों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुहार लगाई है कि उनकी परीक्षा कराई जाए।

बच्चों का आरोप- स्कूल का गेट जल्दी बंद किया

कलेक्टर से की शिकायत

विदिशा में भी 6 बच्चे देर से आए, नहीं मिली अनुमति

ग्यारसपुर। विदिशा जिले के ग्यारसपुर स्थित सीएम राइज स्कूल में गुरुवार से शुरू हुई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 6 छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पाया। वे निर्धारित समय 8:40 बजे के बाद परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। छात्र केशव कुशवाहा ने बताया कि वह 8:45 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचा, लेकिन परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी। छात्रों का आरोप है कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिसके बाद वे परिजनों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। ग्यारसपुर एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि छात्र 9 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचे, तब तक उत्तर पुस्तिकाएं बांटी जा चुकी थीं। जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। राजगढ़ के बोड़ा में दो छात्रों के देरी से आने से परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया।

प्रयागराज न जाने पर रामदास ने साधा निशाना

राहुल और उद्धव ठाकरे खुद को कहते हैं हिंदू, लेकिन महाकुंभ पर उठाए सवाल और नहीं लगाई डुबकी, अब उनका हिंदुत्व कहां गया?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि कुछ राजनेता खुद को हिंदू मानते हैं और हिंदू वोट चाहते हैं।

फिर भी राहुल गांधी ने महाकुंभ को छोड़ने का फैसला शायद इसलिए लिया, क्योंकि उन्होंने इसे पीएम नरेंद्र मोदी या सीएम योगी आदित्यनाथ का कुंभ माना, न कि हिंदुओं का। महाकुंभ में न जाने के लिए उद्धव ठाकरे सच्चे हिंदू या बाला साहेब के उत्तराधिकारी नहीं हैं। चुनावों में जनता दोनों को कड़ा सबक सिखाएगी और उनकी राजनीति धराशायी हो जाएगी।

महाकुंभ पर सियासत नहीं थमी

अठावले ने मुख्यमंत्री स्टालिन को भी खरी-खरी सुनाई

इसके साथ ही रामदास ने तमिलनाडु के मुक्यमंत्री पर भी हिंदी को लेकर हमला किया और कहा कि मैं तमिल बोलने वाले लोगों से अनुरोध करता हूं कि अगर वे हिंदी में बात नहीं करना चाहते हैं तो वे हिंदी में बोलने के लिए बाध्य नहीं हैं, लेकिन भाषा का जोरदार विरोध न करें।

योगी ने सफलता के लिए पीएम को दिया धन्यवाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभके सफल समापन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को दिया और इस भव्य धार्मिक समागम को 'एकता, समानता और सद्भाव का महायज्ञ' बताया। योगी ने पीएम मोदी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि 'एकता, समता, समरसता का महायज्ञ' महाकुम्भ-भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर संपन्न हो गया है।

हिंदू वोटर्स करें उनका बहिष्कार

अठावले ने कहा है कि कुंभ मेले में नहीं जाने के लिए वोटर्स को राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे का बहिष्कार करना चाहिए। अठावले ने दावा किया कि उद्धव और राहुल महाकुंभ में नहीं जाकर हिंदू समुदाय का अपमान किया है।

गांधी परिवार की तरफ से मैंने लगाई डुबकी: राय

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय नेस्नान किया। राहुल और प्रियंका पर कहा उनकी ओर से मैंने स्नान किया।

हिंदू के रूप में जन्मा था हिंदू ही मरूंगा: शिवकुमार

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ था और हिंदू के रूप में ही मरूंगा।

महाकुंभ पहले ही समाप्त हो गया था: अविमुक्तेश्वरानंद

महाकुंभ बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के साथ संपन्न हुआ। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने दावा किया कि असली महाकुंभ तो पहले ही समाप्त हो चुका था। यह तो सरकारी है।

राहुल- प्रियंका तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे: मौनी

राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के महाकुंभ नहीं आने पर संत महात्माओं ने भी सवाल उठाए हैं। अमेठी के परमहंस धाम के पीठाधीश्वर शिवयोगी मौनी महाराज ने कहा है कि जिन लोगों की सनातन धर्म में आस्था ही नहीं है।

खबर संक्षेप

भाजपा अल्पसंख्यक की बैठक में भिड़े कार्यकर्ता

जयपुर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई। अध्यक्षता

अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ मौजूद रहे। इस बैठक में कई कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

शिमला में छात्रा का अपहरण, मामला दर्ज

शिमला। यहां के एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने

अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। छात्रा के परिजनों ने शिकायत में बताया कि उनकी बेटी निजी कॉलेज में पढ़ती है। मंगलवार दोपहर करीब पौने चार बजे उन्हें अपनी बेटी के नंबर से कॉल आया।

इडली में प्लास्टिक शीट पर 52 होटलों पर केस

बेंगलुरु। आमतौर पर लोग दक्षिण भारतीय व्यंजन इडली को बेहद चाव से खाते हैं लेकिन इसको

लेकर कर्नाटक में एक बड़ा खुलासा हुआ है जिसके बाद राज्य सरकार ने 52 होटलों पर कार्रवाई की है। कर्नाटक खाद्य सुरक्षा विभाग ने इसका खुलासा किया है जिससे लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है।

युवक के 3 टुकड़े कर हिंडन में फेंक दिया

बागपत। मउसे बागपत की महिला के माध्यम से बुलाकर नशीला पदार्थ मिलाकर चाय पिलाई और

फिर गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। शव के 3 टुकड़े करके बोरे में भरकर हिंडन में फेंक दिए। पुलिस ने फैसल के शव के तीनों टुकड़े बरामद किए।असगर का बेटा कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था।

दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायकों ने रखे कई प्रस्ताव

नजफगढ़ का नाहरगढ़, महोमदपुर का माधव पुरम और मुस्तफाबाद का नाम 'शिवपुरी' हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मौजूदा सत्र का गुरुवार को तीसरा दिन था। विपक्ष के 21 विधायकों के सस्पेंड होने के बाद सदन में केवल सत्ताधारी भाजपा विधायक ही मौजूद रहे। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर सीएम योगी और पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। इसके बाद अन्य विधायकों ने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। इस दौरान नजफगढ़ से भाजपा विधायक नीलम पहलवान ने सदन में नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने की मांग की। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने इसका नाम नाहरगढ़ से बदलकर नजफगढ़ रखा था। नीलम ने कहा कि 1857 की लड़ाई में राजा नाहर सिंह ने लड़ाई लड़के नजफगढ़ क्षेत्र को दिल्ली के प्रांत में शामिल करवाया था, लेकिन कई कागजी कार्रवाई होने के बावजूद भी आज तक नाम नहीं बदला गया। नजफगढ़ का नाम बदलने की कई अपील की। कैलाश गहलोत ने कहा, अगर नजफगढ़ के लोग चाहते है तो उस भावना को मानना चाहिए और नाम बदलना चाहिए।

भाजपा विधायकों नीलम पहलमान, अनिल शर्मा और मोहन बिष्ट ने की मांग

नाम परिवर्तन की चर्चा रही हावी

3 विधायक कर चुके नाम बदलने की वकालत

आरके पुरम से भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने भी अपनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव महोमदपुर का नाम बदलने की मांग की और कहा कि महोमदपुर का नाम माधवपुरम रखा जाए। इससे पहले विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मुस्तफाबाद का नाम बदलने की मांग करते हुए कहा था कि इसका नाम 'शिवपुरी' या 'शिव विहार' रखा जाए।

शीशमहल की भी जांच कराई जाएगी: प्रवेश

मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि बारापुला परियोजना की लागत पहले ही स्वीकृत राशि से दोगुनी हो चुकी है। कंपनी ने मुझे बताया है कि पिछले 10 सालों में कोई भी मंत्री फॉलो-अप के लिए नहीं आया। कई परियोजनाओं की लागत फॉलो-अप न होने के कारण दोगुनी हो गई है। कैग रिपोर्ट पर उन्होंने कहा कि हम 2000 करोड़ के घोटाले पर चर्चा करेंगे। शीशमहल की भी जांच कराई जाएगी।

आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट पीएसी को भेजी

विधानसभा ने आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट पीएसी को भेजी। वह तीन महीने में अपनी सिफारिश देगी। इससे पहले सभी विभागों को रिपोर्ट के संबंध में एक महीने के अंदर अपना जब फाइल करना है।

बिष्ट को उपाध्यक्ष चुना गया

भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट को विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया। वे छठी बार विधायक बने हैं। वह पांच बार करावल नगर से जीते थे, जबकि इस बार मुस्तफाबाद से टिकट दिया गया था।

आप ने कोई घोटाला छोड़ा ही नहीं: सिरसा

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आप सरकार ने दोनों हाथों से जनता को लूटा है। शराब घोटाला, स्कूल घोटाला, बस घोटाला और अब कैमरा घोटाला भी सामने आ रहा है। यह कहते थे कि कैमरा चोरी पकड़ेगा लेकिन चोर ही कैमरे ले गए। इन्होंने कोई घोटाला छोड़ा ही नहीं है।

विधानसभा के बाहर धरने पर बैठीं आतिशी

दिल्ली विधानसभा परिसर के बाहर आम आदमी पार्टी के विधायक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उन्हें और उनकी पार्टी के विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर घुसने नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के तौर पर अमानतुल्लाह खान विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा ले रहे हैं। जिस दिन एलजी का अभिभाषण था उस दिन अमानतुल्लाह अनुपस्थित थे। इसलिए उन्हें बाहर नहीं किया गया था।आप ने आरोप लगाया कि दिल्ली में तानाशाही चल रही है।

आप का प्रदर्शन जारी

आप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के अपमान और भाजपा की तानाशाही के ख़िलाफ़ आम आदमी पार्टी के विधायकों का प्रदर्शन जारी है।

अब राष्ट्रपति से शिकायत करेंगी आतिशी

दिल्ली विधानसभा से 21 आम आदमी पार्टी के विधायकों को बाहर करने का मुद्दा गरमाता जा रहा है। आतिशी ने अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है।

खरगे का प्रधानमंत्री पर हमला

विकसित भारत का विचार गरीबों की जेबें 'काट रहा'

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कही यह बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को दावा किया कि 100 करोड़ भारतीयों के पास कोई अतिरिक्त आय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत' दृष्टिकोण आम लोगों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों का खजाना भर रहा है। खरगे ने कहा कि भारत एक वैश्विक कर (टैरिफ) युद्ध और व्यापार में बाधाओं का सामना कर रहा है और केंद्रीय बजट में की गईं घोषणाएं 'निराशाजनक' साबित हुई हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नरेंद्र मोदी जी, सौ करोड़ भारतीयों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है। हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 60 फीसदी उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत के केवल 10 फीसदी लोग आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं और 90 फीसदी लोग बुनियादी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं।

करदाताओं का वेतन नहीं बढ़ा

उन्होंने कहा कि भारत की 50 फीसदी मध्य वर्गीय करदाताओं ने पिछले दशक में वेतन में वृद्धि नहीं देखी है। ग्रामीण मजदूरी नकारात्मक वृद्धि का सामना कर रहा है। पैसा कुछ ही लोग एकत्र कर रहे हैं और आपकी नीतियां सभी लोगों के बीच आय वितरित करने में विफल रही है।

100 साल के उच्चतम स्तर पर आय असमानता

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि बीते दस वर्षों में स्थिर वेतन, लगातार महंगाई और घटते उपभोग के कारण घरेलू बचत 50 साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। आय असमानता 100 साल के उच्चतम स्तर पर है और घरेलू ऋण सर्वकालिक उच्च स्तर पर है।

युवाओं के लिए बेरोजगारी असहनीय

खरगे ने कहा कि हम एक वैश्विक कर (टैरिफ) युद्ध और व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं। बेरोजगारी हमारे युवाओं के लिए असहनीय हो गई है। बजट में की गईं घोषणाएं निराशजनक साबित हुईं। आपका विकसित भारत का दृष्टिकोण आम भारतीयों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों की तिजोरियां भर रही है।

'मायना कोल्लई' उत्सव

चेन्नई। तमिलनाडु के चेन्नई में गुरुवार को 'मायना कोल्लई' उत्सव के अवसर पर जुलूस के दौरान देवी काली की पोशाक पहने भक्त अनुष्ठान में नृत्य कर रहे हैं।

अब गोवा में कल से नकद में नहीं होगा ट्रैफिक चालान

पणजी। अब गोवा में ट्रैफिक चालान का भुगतान कैश में नहीं किया जा सकेगा। गोवा पुलिस का

ट्रैफिक सेल डिजिटल पेमेंट सिस्टम अपनाने जा रहा है। जिससे वाहन चालकों के लिए भुगतान प्रक्रिया को आसान और सुगम बनाया जा सके। ट्रैफिक सेल ने ऐलान किया कि 1 मार्च किए गए ट्रैफिक चालान का भुगतान नकद में नहीं किया जा सकेगा।

नीतीश कैबिनेट में विभागों का बंटवारा

सिन्हा को कृषि विभाग मंत्री बनाया, राजस्व के साथ भूमि सुधार विभाग संभालेंगे सरावगी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने 7 नए चेहरों को शामिल किया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपनी मंत्रिपरिषद में 7 नए चेहरों को शामिल किया। ये सभी गठबंधन सहयोगी भाजपा से हैं। राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिन विधायकों को मंत्री बनाया गया है उनमें जिबेश कुमार, संजय सरावगी, सुनील कुमार, राजू कुमार सिंह, मोती लाल प्रसाद, विजय कुमार मंडल और कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं। शपथ के बाद गुरुवार को सभी के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है।

कई मंत्रियों के विभागों में फेरबदल

नीतीश कैबिनेट में कई मंत्रियों के विभागों में फेरबदल भी हुआ है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास से पथ निर्माण विभाग की जिम्मेवारी अब मंत्री नितिन नवीन के पास गयी है जबकि मंगल पांडे के पास से कृषि विभाग लिया गया है और इसे विजय सिन्हा को दिया गया है। भाजपा कोटे के नए मंत्रियों के विभाग तय कर दिए गए हैं।

राजू कुमार भी मंत्री बने

साहेबगंज सीट से विधायक राजू कुमार सिंह को भी मंत्री पद से नवाजा गया है। वह भी पहले जद (यू) में थे। उन्होंने 2020 में मुकेश सहनी के नेतत्व वाली पार्टी में थे।

विवाद गहराने पर सीएम ममता ने दी सफाई

कोलकाता नगर निगम ने दिया था यह आदेश

विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द और ईद पर 2 छुट्टियां दी गईं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

नगर निगम के स्कूलों में हाल ही में विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द कर दी गई और ईद की छुट्टियां दो दिन के लिए बढ़ा दी गईं। कोलकाता नगर निगम के इस आदेश पर जमकर बवाल हुआ। ये आदेश हिंदी मीडियम स्कूलों के लिए था। विवाद बढ़ने के बाद कोलकाता नगर निगम ने कहा है कि ये अनजाने में हुई टाइपिंग मिस्टेक थी।

शिक्षा विभाग के अधिकारी को कारण बताओ

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि स्कूलों के लिए छुट्टियों की लिस्ट की अधिसूचना सक्षम प्राधिकारी से उचित सहमति लिए बिना जारी की गई थी। जिसके बाद नगर निगम ने इस आदेश को रद्द कर दिया। नगर निगम ने इस आदेश को जारी करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 25 फरवरी को इस नोटिस पर केएमसी के शिक्षा विभाग के मुख्य प्रबंधक के नाम से हस्ताक्षर किए गए हैं। विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी 17 सितंबर को दी जाती है।

ईद का अवकाश 31 मार्च और 1 अप्रैल को होगा

आदेश में लिखा गया था कि 17 सितंबरको विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी नहीं रहेगी क्योंकि इस छुट्टी के बदले ईद उल फितर की छुट्टी बढ़ा दी गई है। आदेश के अनुसार राज्य में ईद उल फितर की छुट्टी 31 मार्च और 1अप्रैल को घोषित की गई थी।

चेन्नई एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे की शुरुआत

यात्रियों को सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगी खाद्य वस्तुएं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देश के एयरपोर्ट पर किफायती दाम में यात्रियों के लिए खाना-पीना उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की ओर से उड़ान यात्री कैफे की शुरुआत की गई है। इसी के तहत केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने चेन्नई एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया जो भारतीय हवाई अड्डों पर इस तरह की दूसरी सुविधा है। इससे पहले 19 दिसंबर 2024 को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के 100वीं वर्षगांठ पर वहां उड़ान यात्री कैफे खोला गया था। तब से कोलकाता हवाई अड्डे का यह कैफे यात्रियों में काफी लोकप्रिय है और वे इसकी गुणवत्ता, स्वाद और कीमत को लेकर बेहद संतुष्ट रहे हैं। यात्रियों की मांग के बाद इस पहल को पूरे देश में विस्तारित किया जा रहा है।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री नायडू ने चेन्नई एयरपोर्ट पर बढ़ाई सुविधा

अन्य हवाई अड्डों पर भी सुविधा आरंभ करने की मांग

नायडू ने बताया कि उड़ान यात्री कैफे पीएम मोदी की हवाई यात्रा को सबके लिए अधिक सुविधाजनक, सुलभ और किफायती बनाने के समावेशी उड़ान दृष्टि योजना के अनुरूप है। कोलकाता पर कैफे खोले जाने के बाद यात्रियों ने इस सुविधा की मांग की थी।

कम कीमतो में यात्रियों को मिलेंगी खान-पान की चीजें

हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण कर रहे

उन्होंने कहा कि यात्री कैफे, उड़ान योजना (उड़े देश का आम नागरिक) की भावना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य हवाई यात्रा को सबके लिए सुलभ बनाना और हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है।

डिजी यात्रा और ई-गेट्स के माध्यम से सहूलियतें बढ़ाई जा रहीं

मंत्री ने कहा कि सरकार यहां यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और डिजी यात्रा (चेहरे से यात्रियों की पहचान और टर्मिनल में प्रवेश तथा बोर्डिंग की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

जबलपुर
शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
- फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष -अमावस
- वर्ष : 19, अंक : 295
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 33
न्यून. 18

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

8 महाकुंभ से सनातन धर्म का बढ़ा गौरव

मैट्रो
14 पिकअप वाहन खाई में गिरा...

खबर संक्षेप

टायर फटने के बाद ट्रक से कार भिड़ी, 2 की मौत

नरसिंहपुर। चलती कार नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार में सवार भाई-बहन की मौत हो गई। वहीं बच्चों के चाचा ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसा गुरुवार दोपहर 3.30 बजे सुआतला थाना क्षेत्र में बरमान चौकी के पास हुआ। कार का टायर फट गया था, जिससे वह बेकाबू हो गई। और ये हादसा हो गया।

केंद्र ने भाजपा के 32 नेताओं की हटाई सुरक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के 32 नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली। गृह मंत्रालय की समीक्षा समिति ने एक लिस्ट जारी की, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला, पूर्व सांसद दशरथ तिर्की, शंकुदेव पांडा और पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर के नाम शामिल हैं।

भोपाल के बाद अब इंदौर से हटेगा बीआरटीएस

इंदौर। अब इंदौर के बीआरटीएस को हटाने का रास्ता साफ हो गया है। जबलपुर हाईकोर्ट ने इसको लेकर फैसला सुनाया है। तीन महीने पहले इंदौर पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा था कि इससे लोगों को परेशानी हो रही है, इसलिए इसे हटाया जाएगा। बता दें कि इंदौर में निरंजनपुर से राजीव गांधी प्रतिमा तक करीब 11.5 किमी लंबा बीआरटीएस है।

भारत में पहली बार घरेलू बिल्लियों में सामने आए 'बर्ड फ्लू' के मामले

भोपाल। भारत में बर्ड फ्लू के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से घरेलू बिल्लियों में बर्ड फ्लू (एच 5एन1) का टेस्ट पॉजिटिव आया है। इसके बाद चिंता और भी ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि यह वायरस इंसानों को भी संक्रमित कर सकता है। एक वैज्ञानिक ने बताया कि एच 5एन1आमतौर पर पक्षियों में पाया जाने वाला वायरस है, लेकिन कुछ बदलावों के कारण यह स्तनधारियों में भी फैल सकता है। आईसीएआर-अनआईएचएसएडी और केंद्र सरकार के पशुपालन विभाग के वैज्ञानिकों ने इस जनवरी में छिंदवाड़ा में मामलों का पता लगाया। यहां पर पिछले साल दिसबंर में बर्ड फ्लू से कई बड़ी बिल्लियां मर गई थीं। वैज्ञानिकों की टीम ने वायरस की पहचान 2.3.2.1ए वंश से की है। यह एच 5एन1 का एक प्रकार है जो पूरे भारत में मुर्गियों में फैल रहा है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि सभी संक्रमित बिल्लियों में तेज बुखार, भूख न लगना और सुस्ती जैसे लक्षण दिखे और फिर सैंपल लेने के एक से तीन दिन के अंदर वह बीमार पड़ गईं।

यूका मामला : सुप्रीम कोर्ट ने पीथमपुर में रासायनिक कचरा जलाने पर दायर याचिका की खारिज

कचरा पीथमपुर में ही जलेगा, सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार, ट्रायल शुरू

कचरा जलाने के ट्रायल को लेकर प्रशासन सतर्क

हाईकोर्ट ने कचरा निपटान के पूरे मुद्दे पर विचार करने के लिए 15 तकनीकी सदस्यों वाली एक टास्क फोर्स समिति गठित की है। 2013 और 2015 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दो परीक्षण किए गए, जो सफल रहे

फैक्ट्री के पास 24 थानों की पुलिस फोर्स तैनात

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में मौजूद

फैक्ट्री में कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार/भोपाल

भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के रासायनिक कचरे को पीथमपुर में जलाने से रोकने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा की याचिकाकर्ताओं के सभी पक्षों को हाईकोर्ट ने सुन लिया है। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में कोई सुनवाई नहीं करेगा। कोर्ट के इस रुख के बाद पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरे के निष्पादन का ट्रायल शुरू होगा। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में मौजूद है। फैक्ट्री में कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 मार्च और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा। इधर, कचरा जलाने के ट्रायल को लेकर प्रशासन सतर्क है।

हाईकोर्ट मामले में बेहतर ढंग से निपट रहा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा गठित टास्क फोर्स समिति में राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, एनजीआरआई और सीपीसीबी जैसे उच्च स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ निकाय शामिल थे। इनकी रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट इस मामले से बेहतर ढंग से निपट रहा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा कचरा निपटान से निपटने के सुस्त तरीके को गंभीरता से लिया। हाईकोर्ट मामले की निगरानी कर रहा है। इसलिए हमें इस विवादित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता।

दो ट्रायल रन का भी संज्ञान लिया

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 और 2015 में हुए दो ट्रायल रन का भी संज्ञान लिया। सीपीसीबी के टेस्ट रिपोर्ट्स का अवलोकन भी किया। उसके आधार पर डबल बेंच ने पिटिशन को डिस्पोज किया। अगर याचिकाकर्ता को किसी तरीके से कोई भी तथ्य या आपत्ति रखना है तो एमपी हाईकोर्ट में दे सकते हैं।

दो परीक्षण किए गए, जो सफल रहे

सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए इस मामले को डिस्पोज ऑफ किया कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में पहले ही यह मामला विचाराधीन है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की डबल बेंच के सामने सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने बताया कि हाईकोर्ट ने कचरा निपटान के पूरे मुद्दे पर विचार करने के लिए 15 तकनीकी सदस्यों वाली एक टास्क फोर्स समिति गठित की है। 2013 और 2015 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दो परीक्षण किए गए जो सफल रहे। भोपाल गैस कांड पीड़ितों के लिए काम करने वाले एक संगठन की ओर से पेश हुए एक अन्य वकील ने कहा कि विचाराधीन प्लांट में जहरीली गैसों को ध्यान में नहीं रखा गया है। संगठन के पास बेहतर वैकल्पिक उपाय है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें एमपी हाईकोर्ट और मध्य प्रदेश सरकार के सामने रखने की भी स्वतंत्रता दी।

कैबिनेट ने संशोधित बिल को मंजूरी दी

बजट सत्र के 'दूसरे हिस्से' में आएगा संशोधित वक्फ बिल

बिल में गैर-मुस्लिमों को बोर्ड में शामिल करने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार जल्द ही वक्फ बोर्ड संशोधन बिल संसद में पेश करेगी। यह बिल बजट सत्र के दूसरे भाग में लाया जाएगा। कैबिनेट ने पिछले हफ्ते इसे मंजूरी दे दी है। यह बिल लोकसभा में पहले ही पेश हो चुका है।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे पेश किया था। इसके बाद इसे संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया था। जेपीसी ने पिछले महीने इस बिल पर अपनी रिपोर्ट दी। रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार किया गया। विपक्ष के सभी 11 सदस्यों ने इसका विरोध किया था। उन्होंने अपनी असहमति भी दर्ज कराई थी। जेपीसी की ज्यादातर सिफारिशों को इसमें शामिल किया गया है। एनडीए के सहयोगियों के सुझाव भी मान लिए गए हैं। रिपोर्ट में 'वक्फ-बाय-यूजर' को लेकर चिंताओं को दूर करने की कोशिश की गई है। वक्फ-बाय-यूजर उन संपत्तियों को कहते हैं जिनका धार्मिक या दान के कामों में लंबे समय से इस्तेमाल हो रहा है। रिपोर्ट में गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में शामिल करने का भी समर्थन किया गया है। बोर्ड में ज्यादा से ज्यादा चार गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं।

बिल पर विपक्ष कर रहा विरोध

यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ा है। इसमें कई बदलाव प्रस्तावित हैं। इन बदलावों का मकसद वक्फ संपत्तियों का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करना है। सरकार का कहना है कि इससे पारदर्शिता आएगी और दुरुपयोग रुकेगा। विपक्ष को लगता है कि इससे अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन होगा। वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने का भी विरोध हो रहा है। विपक्ष का कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड का स्वरूप बदल जाएगा।

तेज रफ्तार का कहर... दो सड़क हादसों में छह लोगों की गई जान

सागर में बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्री समेत 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मंदिर दर्शन कर घर लौटते समय हुआ हादसा

जिले के कर्रापुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम तिंसुआ के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बुधवार रात का है। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया।पुलिस के मुताबिक, सेमरादांत निवासी हेतराम पटेल (45) अपनी बेटी प्रीति (18) और गांव के ही अंकित लोधी (19) के साथ बाइक पर सवार होकर सागर आए थे। उन्होंने बेटी का पेट दर्द का इलाज कराया और फिर बहेरिया तिगड्डा स्थित बड़े शंकर मंदिर में दर्शन किए। दर्शन के बाद वे फोटो खिंचवाकर घर लौट रहे थे। घर लौटते समय ग्राम तिंसुआ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सवार उछलकर सड़क पर गिर पड़े।

शरीर पर चोट के निशान पाए गए

युवकों की प्रताड़ना से परेशान होकर 12वीं की छात्रा ने कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

परिजन ने छात्रा के साथ कुछ गलत होने की आशंका जताई

मर्चुरी के बाहर परिजन

पोहरी में 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। परिजन ने दो युवकों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। साथ ही छात्रा के साथ कुछ गलत होने की आशंका जताई है।

17 वर्षीय छात्रा पोहरी में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। 25 फरवरी को परीक्षा देकर वह गांव लौटी थी। इसके अगले दिन बुधवार को उसने फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छात्रा के छोटे भाई ने बताया कि दो युवक बहन को लंबे समय से परेशान कर रहे थे। छात्रा का छोटा भाई भी उसी के साथ पोहरी में किराए के कमरे में रहता था। वह 6वीं कक्षा का छात्र है। जिन दो युवकों पर आरोप लगाए हैं, वह भी उसी मकान में किराए से रहते हैं।

गिरफ्तारी की शक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

एफआईआर दर्ज हुए बिना कोर्ट का खटखटा सकते हैं दरवाजा

जीएसटी और कस्टम एक्ट के तहत गिरफ्तार लोगों पर भी बीएनएसएस और सीआरपीसी प्रावधान होंगे लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने जीएसटी, सीमा शुल्क और एफआईआर से संबंधित मामलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान गुड और सर्विस एक्ट तथा सीमा शुल्क कानून पर लागू होता है और व्यक्ति गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए अदालत जा सकता है, भले ही उसके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज न हुई हो।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश तथा न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम, जीएसटी अधिनियम में दंडात्मक प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पिछले साल 16 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

अदालत ने कहा है कि अगर गिरफ्तारी की आशंका है, तो पक्षकार राहत के लिए एफआईआर दर्ज हुए बिना कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के संबंध में जीएसटी विभाग द्वारा जारी परिपत्रों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

गिरफ्तार लोगों पर भी यही प्रावधान लागू होंगे

इन याचिकाओं में कहा गया था कि ये दंड प्रक्रिया संहिता सीआरपीसी तथा संविधान के साथ असंगत हैं। फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अग्रिम जमानत जैसे मुद्दों पर सीआरपीसी तथा उसके बाद के कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधान सीमा शुल्क तथा जीएसटी अधिनियमों के तहत आने वाले व्यक्तियों पर लागू होंगे।

एक देश, एक चुनाव समिति के सदस्य डॉ. नितेश शर्मा बोले

एक राष्ट्र, एक चुनाव बार-बार होने वाले चुनाव चक्र और विकास कार्यों में बाधा डालने वाले व्यवधानों को कम कर देश के धन, समय, संसाधनों की करेगा बचत

हरिभूमि चर्चा

भोपाल। एक देश, एक चुनाव के मुद्दे को लेकर पूरे देश में चर्चा है। कई दल पक्ष में हैं और कुछ दल विरोध में। इसको लेकर हरिभूमि ने एक देश, एक चुनाव समिति के सदस्य डॉ. नितेश शर्मा से सवाल कर इसके बारे चर्चा की। पेश हैं बातचीत के प्रमुख अंश...

एक राष्ट्र, एक चुनाव सकल घरेलू उत्पाद का 1.5% बचा सकता है

अप्रत्याशित प्रचार खर्च भी कम हो सकेंगे

सवालः एक राष्ट्र, एक चुनाव क्या है?

जवाबः एक राष्ट्र, एक चुनाव अर्थात वन नेशन, वन इलेक्शन भारत में चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए आम और राज्य चुनाव एक साथ आयोजित करने की व्यवस्था है।

सवालः भारत में क्या पहले कभी एक राष्ट्र, एक चुनाव हुआ है?

जवाबः जी हां, 1951 से लेकर 1967 तक एक साथ चुनाव भारत में भी कराए गए, लेकिन पृथक चुनाव की शुरुआत नए राज्यों की स्थापना और अल्पमत सरकारों के कारण शुरू हुई। एक साथ एक चुनाव में 1967 के समय कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा एवं आम चुनाव के माध्यम से उस समय की सरकारों ने व्यवस्था में अवरोध का कार्य किया। 1983 में चुनाव आयोग ने एक साथ एक चुनाव के विचार को पुनर्जीवित किया।

सवालः क्या एक राष्ट्र, एक चुनाव विश्व के अन्य देशों में भी होता है?

जवाबः हां, विश्व के विकासशील एवं विकसित राष्ट्र जैसे अमेरिका, ब्राजील, जर्मनी, जापान, स्वीडन, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश मेपहले से ही एक राष्ट्र, एक देश के आधार पर चुनाव आयोजित करते हैं।

सवालः भारत में एक राष्ट्र, एक चुनाव की आवश्यकता क्यों है?

जवाबः एक राष्ट्र, एक चुनाव बार-बार होने वाले चुनाव चक्र और विकास कार्यों में बाधा डालने वाले व्यवधानों को कम कर देश के धन, समय और संसाधनों की बचत करेगा, इसलिए भारत में इसकी अत्यंत आवश्यकता है।

सवालः इसमें आर्थिक और सामाजिक पक्ष क्या है?

जवाबः बार-बार चुनाव में 4 से 7 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव सकल घरेलू उत्पाद का 1.5% बचा सकता है। 4.5 लाख करोड़ रुपए के बराबर सरकार के स्वास्थ्य देखभाल व्यय का 50% और शिक्षा व्यय का 33% है। इसमें आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, अप्रत्याशित प्रचार खर्च कम होंगे और चुनाव के बाद मुद्रास्फीति में कमी होगी तथा मनमाने खर्च पर रोक लगेगी। चुनाव खर्चों पर कड़ी नजर से काले धन और भ्रष्टाचार को कम किया जा सकता है।

सवालः उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट में क्या कहा गया है?

जवाबः एनडीए सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। समिति ने 62 राजनीतिक दलों को सुझाव के लिए आमंत्रित किया, जिसमें 47 दलों ने समिति के समक्ष अपनी राय दी। 32 ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का समर्थन किया तथा 15 दलों ने इसका विरोध किया। भारत के चार चीफ जस्टिस ने समर्थन किया। उच्च न्यायालय के 12 मुख्य न्यायाधीश में से 9 ने समर्थन किया। देश के चार मुख्य चुनाव आयुक्तों ने समर्थन किया। जो सुझाव मांगे गए, उनमें 83 प्रतिशत सुझाव समर्थन में आए हैं तथा 17 प्रतिशत सुझाव विरोध में आए हैं।

सवालः भाजपा का एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर क्या मत है?

जवाबः भारतीय जनता पार्टी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की नीति को 1984 में पुनः लागू करने का वादा किया। 1999 में विधि आयोग की रिपोर्ट। न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी ने भी एक साथ चुनाव कराने की वकालत की। 2015 में स्थाई समिति। 79वीं संसदीय समिति की रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया गया। नीति आयोग ने इसे 2017 में दोहराया। भाजपा ने अपने 2019 और 2024 के घोषणा पत्र में एक राष्ट्र, एक चुनाव को शामिल किया। 2019 की सर्वदलीय बैठक एनडीए सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए आयोजित की। 2023 में उच्च स्तरीय समिति ने 6 महीने के विचार-विमर्श के बाद अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। दिसंबर 2024 को संवैधानिक संशोधन के लिए एनडीए सरकार ने संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक और संविधान (129 संशोधन) विधेयक पेश किया। दोनों को व्यापक विचार विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है।

दमोह सहित मप्र के 10 जिले कृषि उत्पादन में पंजाब को पीछे छोड़ेंगे

51 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा पथरिया बायपास हायर सेकंडरी विद्यालय का नाम केसी सुदर्शन होगा

हरिभूमि ⏭ दमोह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव दमोह जिले के अजब धाम में पूज्य जय-जय सरकार के वार्षिक उत्सव में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुंदेलखंड अंचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना मंजूर की गई है। इसके क्रियान्वयन से दमोह सहित प्रदेश के 10 जिले लाभान्वित होंगे। बुंदेलखंड अंचल के 8 लाख हेक्टेयर से अधिक इलाके को सिंचाई के लिए जल और पेयजल सहित उद्योगों के लिए भी पानी की आपूर्ति का कार्य हो सकेगा। मप्र का यह क्षेत्र कृषि उत्पादन में पंजाब को भी पीछे छोड़ देगा। यहां पानी का सूखा खत्म होगा और किसान खुशहाल होंगे।

मुख्यमंत्री बुधवार की शाम दमोह जिले के पथरिया के निकट अजबधाम में पूज्य जै-जै सरकार के वार्षिक उत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निवासियों को अपने स्वामित्व की भूमि का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। यह भूमि बहुमूल्य सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 51 करोड़ रुपए की लागत से पथरिया बायपास निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हायर सेकंडरी स्कूल का नाम राष्ट्रवादी विचारक केसी सुदर्शन के नाम से करने और मटकोलेश्वर सीतानगर बांध में पर्यटन की दृष्टि से 'नौकायन' प्रारंभ करने की घोषणा भी की।

खास बातें

- 8 लाख हेक्टेयर से अधिक इलाके को सिंचाई के लिए जल और पेयजल मिलेगा
- मटकोलेश्वर सीतानगर बांध में पर्यटन की दृष्टि से 'नौकायन' प्रारंभ करने की घोषणा

दुग्ध उत्पादन पर बोनस मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मप्र की धरती पर नदी जोड़ो जैसी परियोजनाएं क्रियान्वित करने की पहल हुई है, वहीं राज्य सरकार ने कृषि के साथ पशुपालन को बढ़ावा देते हुए दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी होने का संकल्प लिया है। इसके लिए 10 गायों के पालन पर सब्सिडी प्रदान करने और दुग्ध उत्पादन पर बोनस देने की रणनीति बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने विवाह समारोहों में फिजूलखर्ची रोकने का आह्वान भी किया।

सीएम डॉ. मोहन ने कहा, दमोह जिले के इस पावन स्थल पर आने का अवसर मिला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर दमोह जिले के इस पावन स्थल पर आने का अवसर मिला है। यहां निकट ही मड़मोलेश्वर धाम है, जहां सुनार, कोपरा और जूड़ी नदियों का संगम है। भगवान भोलेनाथ की विशाल पिंडी श्रद्धा का केंद्र है। बुंदेलखंड में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के विकास के प्रयास बढ़ाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विक्रमोत्सव का शुभारंभ हुआ है। महाराजा विक्रमादित्य से विक्रम संवत प्रारंभ हुआ था।

मंदिर परिसर में अनेक साधु-संत जन से भी भेंट की फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजब धाम किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अजब धाम मंदिर परिसर में अनेक साधु-संत जन से भी भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंच से रिमोट का बटन दबाकर फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजब धाम किया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने सभा में कहा कि मेरे छोटे से आग्रह पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव अजब धाम कार्यक्रम में पधारे और पर्याप्त समय दिया। उन्होंने 20 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजन यज्ञ और 27 कुंडीय यज्ञ में पधारे सभी धर्म प्रेमियों का अभिनन्दन किया। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री का आशीर्वाद और प्रेम हम सब पर है, हमारी छोटी सी मांग को स्वीकार करते हैं।

मुख्यमंत्री ने सपत्नीक की बाबा महाकाल की पूजा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि महापर्व पर महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने भगवान बाबा श्री महाकाल का जल, दुग्ध अभिषेक भी किया।

भोपाल समेत 4 संभागों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी एक मार्च से होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, नर्मदापुरम संभाग में एक मार्च से किसानों से अच्छी गुणवत्ता की फसल की खरीदी होगी। यह 18 अप्रैल तक चलेगा, जबकि बाकी संभागों में 17 मार्च से होगी। यह 5 मई तक चलेगा।

इस मामले में कोताही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस वर्ष करीब 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान खाद्य विभाग ने लगाया है। खाद्य विभाग का कहना है कि उसी अनुसार गेहूं की खरीदी भी की जाएगी। गेहूं खरीदी आदि को लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने निर्देश दिए कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के गेहूं उपार्जन की अवधि के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। इसमें लापरवाही मिलने पर उपार्जन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्री राजपूत ने यह निर्देश मंत्रालय में रबी उपार्जन नीति की समीक्षा के दौरान दिए।

किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं

मंत्री राजपूत ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं। उनके पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष आदि का पर्याप्त प्रबंध करें। प्रमुख सचिव खाद्य रश्मि अरूण शमी ने बताया कि अभी तक 2 लाख 91 हजार से अधिक किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने बताया कि गेहूं उपार्जन में स्लाट बुकिंग के लिए लघु और सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

खबर संक्षेप

वीर सावरकर को दवे ने अर्पित की पुष्पांजलि

भोपाल। वीर सावरकर सामाजिक सांस्कृतिक एवं खेल समिति के वीर सावरकर बाल उद्यान कोटरा सुल्तानाबाद में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक दक्षिण-पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे ने वीर सावरकर की प्रतिमा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

मप्र के पूर्व विधायकों को फ्री फास्टेग सुविधा मिले

भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री, प्रदेश कांग्रेस के सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक मंडल के उपाध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने प्रदेश के पूर्व विधायकों को राष्ट्रीय मार्गों के टोल नाकों पर निःशुल्क फास्टेग सुविधा प्रदान किए जाने के लिए रूल (नियम)-11 के अन्तर्गत सूची में प्रावधान कराने के लिए केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से आग्रह किया है, ताकि पूर्व विधायकों को राहत मिल सके।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, लोड थी आयरन गिट्टी

ट्रक का टायर फटा, धू-धू कर जला ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

रायपुर-जगदलपुर मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम जगतरा में टोल प्लाजा के पास एक ट्रक का टायर फटने के बाद उसमें अचानक आग लग गई। यह घटना बीती रात की बताई जा रही है। देर शाम ट्रक में लगी आग का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

पुलिस थाना पुरुर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि जगदलपुर की ओर से आ रही एक ट्रक का पिछला टायर फटने के बाद ट्रक मे आग लग गई। ट्रक में आयरन गिट्टी लोड थी। यह घटना गुरुर ब्लॉक से गुजरे नेशनल हाईवे 30 में ग्राम जगतरा में टोल प्लाजा के पास की है। जहां दिन भर सैकड़ों की संख्या में वाहन गुजरते हैं ऐसे में ट्रक

में आग लगने के बाद तत्काल जिला मुख्यालय धमतरी और बालोद से अग्निशमन वाहन को बुलाया गया, जहां काफी मशक्कत के बाद ट्रक में लगी आग पर काबू पाया गया। जिस ट्रक में आग लगी थी उस ट्रक का वाहन चालक एवं परिचालक पूरी तरह से सुरक्षित है, हालांकि घटना के बाद लगभग 2 घंटे तक मुख्य मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की कतारे लग गई थी। ट्रक में लगी आग को नियंत्रित करने के बाद ही अन्य वाहनों को आवागमन के लिए रवाना किया गया। पूरी घटनाक्रम के दौरान थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर ही डटे रहे।

पीड़िता से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस बनाने के नाम पर ऐंठे लाखों रुपए

शादी का झांसा देकर किया शोषण, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

पुलिस ने एक गंभीर महिला अपराध के मामले में आरोपी जाहिद हुसैन (उम्र 29 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी पर थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में धारा 366, 376(2) तथा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

थाना सिटी कोतवाली के तहत आने वाले मामले में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2023 से आरोपी जाहिद हुसैन ने पीड़िता से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने युवती को अंबिकापुर में स्थित एक किराए के घर में रखकर शारीरिक शोषण किया। इसके

अतिरिक्त, आरोपी ने महिला से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस दिलाने के नाम पर डेढ़ से ढाई लाख रुपए ठगी की। जब प्रार्थिया ने आरोपी से शादी की पेशकश की और ठगी से लिए गए धन की वापसी की मांग की, तो आरोपी ने टालमटोल कर उसकी भावना को ठेस पहुंचाई।आरोपी जाहिद थाने में मामला दर्ज होने की भनक लगते ही फरार हो गया था। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के अनुसार, आरोपी जाहिद हुसैन ग्राम सन्ना में था। सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्राम सन्ना से हिरासत में ले आई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सख्त कार्रवाई करेंगे

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकश ने कहा कि जशपुर पुलिस महिला-संबंधी अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और अपराध सिद्ध होते ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजना हमारा कर्तव्य है। अपराध की गंभीरता और सभी उपलब्ध सबूतों के आधार पर, आरोपी जाहिद हुसैन के खिलाफ धारा 366 (शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी), 376(2) (महिला का शारीरिक शोषण) तथा 420 (ठगी) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस विवेचना में जुटी है।

युवाओं में राष्ट्रप्रेम और शौर्य की भावना जगाने वाली फिल्म है: सीएम

सीएम की घोषणा, अब छत्तीसगढ़ में भी 'छावा' टैक्स फ्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म "छावा" को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री कर दिया है। उन्होंने कुंभ के आयोजन के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छावा फिल्म को टैक्स फ्री करने का निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम एवं शौर्य की भावना जागृत करने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि "छावा" केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐतिहासिक

परंपराओं, वीरता और स्वाभिमान की गाथा है, जिसे हर नागरिक को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फिल्म युवा वर्ग को प्रेरित करेगी और छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य, बलिदान और नेतृत्व को व्यापक रूप से प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो समाज को प्रेरणा देती हैं और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी फिल्मों को प्रोत्साहित करती रहेगी, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ी रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता, विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे इस फिल्म को देखें और भारतीय इतिहास के उन स्वर्णिम पन्नों को समझें, जो आज भी हमारे जीवन को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

300 करोड़ी फिल्म बनी

विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता जैसे सितारों से सजी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है। पहले ही दिन से दर्शक इस फिल्म पर टूट कर पड़ रहे हैं और यह सिलसिला अब तक जारी है। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म इस साल की पहली 200 करोड़ी फिल्म बनने का तमगा एक सप्ताह में हासिल कर चुकी। 300 करोड़ी क्लब में एंट्री हो ही चुकी है। अब मंजिल 400 करोड़ क्लब में शामिल होना है और वीकएंड तक यह मुकाम भी फिल्म हासिल कर लेगी। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर फिल्म की कमाई में और इजाफा दर्ज हुआ। करीब 130 करोड़ रुपये बजट में बनी इस फिल्म की टोटल कमाई अब 385 करोड़ रुपये हो गई है।

प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना

सीएम ने की भगवान राजीव लोचन मंदिर में पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान राजीव लोचन मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री साय ने त्रिवेणी संगम में स्थित भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक कर छत्तीसगढ़ की उन्नति और प्रगति की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि

हमारी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम है। महाआरती में हुए सम्मिलित .राजिम कुंभ कल्प के अंतर्गत आयोजित महानदी मैया की भव्य महाआरती में मुख्यमंत्री साय मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के मध्य विधि-विधान से शामिल हुए।

जिला अदालत का सिविल लाइन थाने को आदेश, शुभम अवस्थी को परिवाद में बताया गया है झोलाछाप डॉक्टर

फर्जी डिग्री से चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति के मामले में दर्ज करो एफआईआर

जबलपुर।

जिला न्यायालय ने फर्जी डिग्री से चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति के मामले में शुभम अवस्थी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। जेएमएफसी पलक श्रीवास्तव की कोर्ट ने एक आपराधिक परिवाद पर यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह प्रकरण गम्भीर प्रकृति का प्रकरण है, परिवाद में उल्लेखित धारा संज्ञेय हैं। परिवाद में उल्लेखित अपराध की घटना की उचित जांच एवं विवेचना पुलिस के द्वारा की जाना अपरिहार्य है।कोर्ट ने सिविल लाइन थाना प्रभारी को आरोपी शुभम अवस्थी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर 5 अप्रैल तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

यह है मामला-

शिवसेना के प्रांतीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बारी ने यह परिवाद भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420, 467, 471, 120बी, 34, मप्र आयुर्विज्ञान परिशद अधिनियम की धारा 24(2) तथा मप्र चिकित्सा शिक्षा अधिनियम की धारा 8(1) व 8(2) के तहत प्रस्तुत किया। उनकी ओर से अधिवक्ता परितोष गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि जाली और मनगढ़ंत डिग्री के आधार पर शुभम अवस्थी ने जबलपुर जिला अस्पताल में डाक्टर का पद हासिल कर लिया था। इस मामले में सिविल लाइन थाने में शिकायत की गई थी। परन्तु पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर जांच नहीं की जा रही है। तर्क दिया गया कि विक्टोरिया अस्पताल में चिकित्सक की नियुक्ति पाने के लिए झोलाछाप डॉक्टर शुभम अवस्थी ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से आयुर्वेद स्नातक की कूटरचित डिग्री बनाकर पेश की थी। अवस्थी ने यह झूठ भी छलपूर्वक अंकित किया था कि उसने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर से पढ़कर यह डिग्री प्राप्त की थी। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवस्थी द्वारा मध्यप्रदेश आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड भोपाल में ऑफलाइन पंजीयन मूड से पंजीयन क्रमांक 56970 प्राप्त किया गया। जबकि इस नंबर पर वास्तव में डॉक्टर इरम जहां मंसूरी का नाम रजिस्टर में दर्ज है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसने करीब 1 साल तक मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया। शिकायत दर्ज किए डेढ़ साल से अधिक होने पर भी जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गई है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि परिवादी शैलेन्द्र बारी सिविल लाइन पुलिस थाने को मय दस्तावेज परिवाद की प्रति उपलब्ध कराए। संबधित थाना प्रभारी द्वारा अनवोदक क्रमांक 1 शुभम अवस्थी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की जाए।.

हाईकोर्ट के आदेश पर जिला न्यायालय ने की सुनवाई

परिवाद पर लंबे अरसे से सुनवाई न किये जाने का आरोप लगाते हुए शैलेन्द्र बारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने कोर्ट को बताया था कि जबलपुर जिला न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) के समक्ष सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत याचिकाकर्ता द्वारा दायर आवेदन पिछले एक साल से अधिक समय से लंबित है। पुलिस अधिकारियों द्वारा जांच कर अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की जा रही है। इस पर हाईकोर्ट ने संबंधित जेएमएफसी को आदेश दिया था कि वह परिवाद पर 60 दिनों की अवधि के भीतर कानून के अनुसार निर्णय लें। इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में जिला अदालत ने मामले की सुनवाई की।

संस्कारों के बीज हर जगह रोपित करने का हो रहा कार्य

गायत्री परिवार का विराट पुस्तक मेला सिखा रहा जीवन जीने की कला

जबलपुर। शहीद स्मारक गोलबाजार में चल रहे विराट पुस्तक मेला के तीसरे दिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही, जिसमें 100 से अधिक अनुश्री होम्योपैथिक कॉलेज के विद्यार्थियों एवं उनके प्राध्यापकों ने पुस्तक मेले का अवलोकन किया और बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में हर जगह होते रहना चाहिए, जिससे कि संस्कारों का बीज हर जगह रोपित हो सके और लोग अपना व्यक्तित्व परिष्कार करने के साथ-साथ, जीवन जीने की कला और अध्यात्म के वैज्ञानिक पक्ष को भी समझ कर आगे बढ़ सकें। पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा लिखित किताबों में मनुष्य शरीर की रचना और उसके सूक्ष्म तंत्र के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया गया है, हम सब भी यहां आकर बहुत ही अभिभूत हैं।महामंडलेश्वर नरसिंह दास ने जन मानस को संबोधित करते हुए बताया कि बड़े भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा। इस मनुष्य शरीर को यूं ही नष्ट नहीं करना चाहिए, इसे प्रभु के कार्य में लगाएं, जिस प्रकार आचार्य श्री ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के लिए दिया, उन्होंने हर किसी के जीवन को सरल बनाया, व्यक्तित्व को सरल बनाया एवं व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण एवं समाज निर्माण की बात उन्होंने कही जो अपने आप में एक अनोखी बात है, सिर्फ उन्होंने कहा ही नहीं उसको करके भी दिखाया।संस्कृति को कोई नहीं कर पाया नष्ट:-समाज के प्रबुद्ध वर्ग से डॉ. पवन स्थापक, समाजसेवी डॉ. राजेश जायसवाल, राजेश पाठक, डॉ. अरुण शुक्ला, डॉ. हरीशंकर दुबे आदि ने बताया कि हमारे देश में मुगलों ने राज किया, अंग्रेजो ने, फ्रें च ने, ब्रिटिश ने नाना प्रकार के लोगों ने आकर भारतीय संस्कृति को, सनातन धर्म को नष्ट करने का प्रयास किया, हमारी गुरुकुल की पद्धति को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन संस्कृति अपने आप में इतनी मजबूत है कि उसे कोई नष्ट नहीं कर सकता।

भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाया

आचार्य श्री ने भारतीय संस्कृति को जन-जन तक, गांव-गांव तक फैलाया, जो कि असंभव जैसा लगने वाला कार्य था। मेला संयोजक जगदीश दीक्षित द्वारा चौथे दिन दोपहर 3 बजे से बुधवार के नगर के बुद्धिजीवियों के सानिध्य का लाभ उठाने एवं पूर्वान्ह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में पधार कर अपने जीवन को सफल बनाने का अनुरोध किया है। इस संबंध की जानकारी गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी मनोज सेन ने दी है।

दसवीं के हिंदी विषय के पेपर में 921 बच्चे रहे अनुपस्थित

नहीं बना कोई भी नक़ल प्रकरण, आज 12वी का अंग्रेजी विषय का 100 परीक्षा केंद्रों पर दूसरा पेपर

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हिंदी विषय के पेपर के साथ हुई। डीईओ घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नकल प्रकरण नहीं बना हैं। हिंदी प्रश्नपत्र मे शहर के 701 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 921 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन एप के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।

माशिमं के उपाध्यक्ष ने लिया जायजा

परीक्षा के दौरान माशिमं मप्र भोपाल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव के द्वारा शहरी क्षेत्रो के परीक्षा केंद्र करोंदीग्राम, सीएम राइज मेडिकल एवं शास कन्या रानी दुर्गावती शाला गंगा नगर गढ़ा का निरीक्षण किया गया। इन केंद्रों मे स्वाध्यायायी परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं डीईओ सोनी के नेतृत्व मे गठित दल के द्वारा शास मॉडल स्कूल, शा एमएलबी कन्या शाला, सेंट नार्बेट, सेंट थामस स्कूल का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पाई गई। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया।

एसडीएम भी अपने क्षेत्रों में रहे सक्रिय

कलेक्टर द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल के दल के द्वारा एमएलबी विद्यालय, महाराष्ट्र हायर सेकण्डरी विद्यालय एवं शा कमला नेहरू विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी के दल के द्वारा एपीएन विद्यालय सदर, कन्या सदर, एवं सेंट थामस द्वारा जवाहर नगर का निरीक्षण किया गया.। एसडीएम जबलपुर के दल द्वारा शा स्कूल मोहास का निरीक्षण किया गया। एसडीएम गोरखपुर के दल के द्वारा सीएम राइज विद्यालय मेडिकल तथा अंधमूक बधिर विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम कुण्डम के द्वारा शा विद्यालय मोहनी एवं शा विद्यालय हरदुली कला का निरीक्षण किया गया। एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह के द्वारा सीएम राइज विद्यालय पाटन, ओंकार नामदेव विद्यालय पाटन एवं शा उमावि नुनसर का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा बीईओ के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।

रादुविवि में भ्रष्टाचार-लापरवाही के खिलाफ एनएसयूआई का अनोखा प्रदर्शन

कुलपति का मुखौटा लगाकर रिक्शा से कराया प्रशासनिक भवन का भ्रमण

जबलपुर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (**NSUI**) जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक एवं राहुल यादव के नेतृत्व में 27 फरवरी को छात्रों ने जमकर नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया, कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा का मुखौटा पहनाकर उन्हें रिक्शा में घुमाया, ताकि उन्हें एहसास हो कि जब छात्र संसाधनों के बिना भटक रहे हैं, तब उन्हें 25 लाख से अधिक की गाड़ी में घूमने का कोई हक नहीं! जब विश्वविद्यालय ज्ञान और चरित्र निर्माण का केंद्र होना चाहिए, तब रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के भविष्य की नींव को खोखला करने में जुटा है! छात्रों से लाखों की फीस वसूलने वाला यह विश्वविद्यालय आज उनकी सबसे बुनियादी सुविधाएँ भी देने में असफल है। जब छात्रों के लिए लैब नहीं, रिसर्च संसाधन नहीं, पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया नहीं, डिजिटल शिक्षा के

साधन नहीं, तो फिर लाखों की तनख्वाह लेने वाले कुलपति और अन्य अधिकारी आखिर क्या कर रहे हैं? शासन के नियमों के अनुसार, कुलपति को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का वाहन उपयोग करने की अनुमति है, लेकिन वे 25 लाख से अधिक की इनोवा क्रिस्टा में सफर कर रहे हैं। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के पत्र क्रमांक एफ/11 16/2012/ नियम/चार दिनांक 28/12/2017 में उल्लेखित है कि 8900 से अधिक ग्रेड पे में आने वाले समस्त अधिकारियों के लिए वाहन पात्रता के रूप में वे वाहन शामिल होंगे जिनकी अधिकतम कीमत रुपए दस लाख (एक्स शोरुम) तक हो। विश्वविद्यालय द्वारा विशिष्ट अतिथियों, जैसे महामहिम राज्यपाल और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए, सर्वसुविधायुक्त वीआईपी सूट्स का निर्माण किया गया था। इनका उद्देश्य केवल विशिष्ट अतिथियों के अस्थायी प्रवास के लिए था, न कि किसी प्रशासनिक अधिकारी के निजी आवास के रूप में उपयोग के लिए। लेकिन वर्तमान कुलगुरु, प्रो. राजेश कुमार वर्मा, पिछले एक वर्ष से इन वीआईपी सूट्स में स्वयं निवास कर रहे हैं, जो न केवल अनैतिक है, बल्कि विश्वविद्यालय संसाधनों के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण भी है। विश्वविद्यालय प्रशासन को उनसे एक वर्ष का गेस्ट हाउस किराया वसूलकर उसकी समुचित भरपाई करनी चाहिए, ताकि संस्थान के आर्थिक संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में राज्यपाल की समन्वय समिति के आदेश के बावजूद पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया तीन वर्षों से ठप पड़ी है, जिससे सैकड़ों शोधार्थियों का भविष्य अंधकार में डूबा हुआ है। **BCA**, **MCA** और **B.Tech** के छात्रों के पास प्रयोगशालाओं की कमी के कारण वे बिना किसी व्यावहारिक ज्ञान के डिग्री लेने को मजबूर हैं। विश्वविद्यालय के कृषि विभाग को अब तक **ICAR** से मान्यता नहीं मिली, फिर भी छात्रों का दाखिला जारी है, क्या यह उनके करियर के साथ खुला धोखा नहीं? **NAAC** की पीयर टीम ने भी बार-बार लैब और डिजिटल संसाधनों की कमी पर सवाल उठाए, लेकिन प्रशासन कानों में रुई डालकर बैठा है।

उपभोक्ता फोरम से कंपनी के विरुद्ध परिवाद निरस्त

जबलपुर। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना व सदस्य सुषमा पटेल व मनोज कुमार मिश्रा की न्यायपीठ ने ब्लू स्टार कंपनी के विरुद्ध परिवाद उचित न पाते हुए निरस्त कर दिया। परिवादी जबलपुर निवासी देवव्रत साहा का आरोप था कि 2017 में कंपनी का एसी क्रय किया गया था, तो बेहतर गुणवत्ता का नहीं था। इसी वजह से ठंडी हवा नहीं देता था। लिहाजा, एसी बदलकर देने या संपूर्ण राशि वापस करने की मांग की गई। लेकिन मांग पूरी नहीं की गई। इसीलिए उपभोक्ता आयोग आना पड़ा। कंपनी की ओर से अधिवक्ता सतीश वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि एसी बेचने के बाद एक वर्ष की वारंटी अवधि तक उपभोक्ता ने कभी कोई शिकायत नहीं की। उसे समय पर सर्विस दी गई। वारंटी के बाद किसी प्रकार का कोई सेवा शुल्क नहीं लिया गया। इसलिए शिकायत अनुचित होने के कारण आमन्य है। इस तरह के प्रकरण में सेवा में कमी का आरोप लगाना गलत है। उपभोक्ता आयोग ने तर्क से सहमत होकर परिवाद निरस्त कर दिया।

शक्ति इंजीनियरिंग कंपनी के संचालक मनीष सिन्हा पर दर्ज हुई धोखाधड़ी की एफआईआर

अधूरा काम छोड़कर ठेकेदार ने लगाया डॉक्टर को लाखों का चूना

हरिभूमि, जबलपुर।

कोल्ड स्टोरेज में विद्युत उपकरण लगाने वाले एक ठेकेदार ने एक डॉक्टर को लाखों रुपये की चपत लगा दिया। ठेकेदार ने 52 लाख 71 हजार रुपये कोल्ड स्टोरज की विद्युत व्यवस्था करने का समझौता किया। उसके बाद अधूरा काम छोड़कर भाग गया। शेष रुपये वापस मांगने पर ठेकेदार ने बैंक चेक थमा दिया। बैंक में लगाने पर चेक बाउंस हुए तो डॉक्टर को अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला। जिसके बाद लार्डगंज थाना में आरोपी शक्ति इंजीनियरिंग कंपनी के प्रोपराइटर मनीष सिन्हा के विरुद्ध धोखाधड़ी की एफआईआर पंजीबद्ध की गई है।

52 लाख 71 हजार में हुआ अनुबंध

उखरी मार्ग निवासी डॉ. सुबोध दरबारी का बघोड़ा मार्ग में कोल्ड स्टोरेज है। उसके निर्माण के समय ट्रांसफार्मर, जनरेटर एवं अन्य विद्युत उपकरणों को कोल्ड स्टोरज में लगने का कांट्रेक्ट, डाक्टर ने शक्ति इंजीनियरिंग कंपनी के प्रोपराइटर मनीष सिन्हा से किया। संपूर्ण विद्युतीकरण कार्य के लिए 52 लाख 71 हजार रुपये में ठेका तय हुआ। कंपनी ने कोल्ड स्टोरेज का कार्य आरंभ किया, लेकिन बीच में अचानक बंद कर दिया। पूछने पर आगे कार्य पूर्ण करने में असमर्थता व्यक्त कर दिया। तब डॉक्टर ने एक अन्य कंपनी से शेष विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराया। नई कंपनी को 25 लाख 91 हजार रुपये का अलग से भुगतान किया।

दबाव बनाया तो थमा दिया फर्जी बिल

अधूरा काम छोड़ने पर डॉक्टर ने शक्ति इंजीनियरिंग कंपनी के प्रोपराइटर ठेकेदार मनीष सिन्हा से आधी राशि वापस मांगी। आरोपी ठेकेदार मनीष ने पहले आनाकानी किया। उसके बाद डॉक्टर को 33 लाख 16 हजार 982 रुपये के विद्युत कार्य कोल्ड स्टोरेज में किए जाने के फर्जी बिल थमा दिए। आशंका होने पर डॉक्टर ने ध्यान से देखा तो बिल में जीएसटी नंबर नहीं थे। कम्प्यूटर से इनवॉइस जनरेट कर फर्जीवाड़ा करके अधिक बिल वसूलने का प्रयास किया जा रहा था।

पांच-पांच लाख के तीनों चेक बाउंस

यह गड़बड़ी पकड़ने पर जब डॉक्टर ने ठेकेदार को चेताया तो उसने कुल 15 लाख रुपये की राशि का चेक दिया। आरोपी ठेकेदार मनीष ने कुल तीन बैंक चेक दिए थे, जिसमें पांच-पांच लाख रुपये की राशि अंकित थी। लेकिन जब उक्त चेकों को बैंक में लगाया तो वह भी बाउंस हो गए। डॉक्टर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ठेकेदार मनीष पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

इंटक की बैठक कल

जबलपुर। अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन इंटक की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 01 मार्च को जबलपुर स्थित रानीताल यूथ हॉस्टल के सभागृह में शाम 4 बजे आयोजित है। कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि मप्र इंटक के अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव एवं गुजरात प्रदेश इंटक अध्यक्ष निशाध देसाई होंगे। विशेष अतिथि मप्र इंटक के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह नाती ग्वालियर व महामंत्री बीडी गौतम भोपाल होंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष शंकरदयाल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर इंडियन नेशनल ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रमिक नेता कृपाशंकर वर्मा का 89वां जन्मदिन 01 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे बस मजदूर कार्यालय एल-1 हाथीताल कालोनी में मनाया जाएगा।

पनागर में विशाल राज्य स्तरीय ईनामी दंगल 2 मार्च को

जबलपुर। पनागर सरस्वती विद्यालय के पास प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राज्य स्तरीय विशाल ईनामी दंगल का आयोजन 02 मार्च को दोपहर दो बजे से किया जा रहा है। दंगल के संयोजक मनोज पहलवान पूर्व पार्षद ने बताया कि जनकल्याण खेल समिति एवं बुद्धेगोंड अखाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे व सुशील तिवारी विधायक पनागर क्षेत्र होंगे।

स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर का स्मरण आज

जबलपुर। महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर द्वारा मनाये जाने वाले शताब्दी समारोह कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत 28 फरवरी को महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के स्मरण निमित्त ओजस्वी वक्ता दयाशंकर तिवारी पूर्व महापौर नगर निगम नागपुर का व्याख्यान सेठ गोविंददास रंगमंच शहीद स्मारक जबलपुर में शाम 6.30 बजे से आयोजित है। मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंत तनखीवाले, सचिव पीडी पाठक ने साहित्य प्रेमियों तथा सावरकर प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

पनागर विधानसभा में 140 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

सड़कें सिर्फ आवागमन का साधन ही नहीं बल्कि समृद्धि का प्रतीक हैं : मंत्री

जबलपुर। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पनागर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 140 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। पनागर में उन्होंने 80.32 करोड़ की लागत से पनागर पुराना एनएच 7 मार्ग का फोरलेन चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण तथा 8.31 करोड़ की लागत से परियट नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण एवं गांधीग्राम एनएच 7 के छूटे हुए भाग का चौड़ीकरण का भूमिपूजन किया।

पनागर विधानसभा क्षेत्र में आज विकास की सौगात देते हुए उन्होंने ग्राम खैरी में 44.46 करोड़ की लागत से इंद्रा पिपरिया, खैरी, घुघरी खरहरघाट मार्ग तथा गौर नदी पर पुल का निर्माण एवं 4.45 करोड़ की लागत से पड़वार-पड़रिया मार्ग निर्माण का भूमिपूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोंटिया,जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, रानू तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना जैन, कांति सैनी, हर्ष तिवारी,नगर मंडल अध्यक्ष सर्व शैलेंद्र साहू,विजय सिंह ठाकुर,प्रदीप पटेल, लखनदेवानी, संतोष साहू, राजमणि सिंह बघेल सहित बड़ी तादात में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

ग्राम पड़वार में दी विकास कार्यों की सौगात

मंत्री सिंह ने ग्राम पड़वार में विकास कार्यों की सौगात देते हुए बरेला से पड़वार और पड़वार से सलैया मार्ग का भूमिपूजन भी किया। पड़वार से सलैया मार्ग में एक पुल भी है जो सड़क निर्माण के साथ-साथ पूरा होगा। जिससे आम जन को सहूलियत होगी।

खैरी में जन-सभा को किया संबोधित

विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री सिंह ने पनागर विधानसभा के ग्राम खैरी पहुंचकर विकास कार्यों का भूमिपूजन कर सौगात दी। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार के विकासवादी सोच के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब विकास संबंधी सभी कार्य तेजी से हो रहे हैं, जबकि पहले छोटी-छोटी सड़कों के लिए लोग परेशान हुआ करते थे। क्षेत्र में रिंग रोड बनने से बहुत परिवर्तन आया है। साढ़े चार हजार करोड़ के रिंग रोड से क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। साथ ही सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं घर-घर में समृद्धि लेकर पहुंच रही है। प्रधानमंत्री आवास व आयुष्मान योजना आम जन के कल्याण के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने सड़कों के विस्तार के लिए भूमिपूजन करते हुए कहा कि सड़कें क्षेत्र में निश्चित ही समृद्धि लेकर आयेंगी और विकास की धारा हर आदमी के दरवाजे पर पहुंचेगी। आने वाले समय में भी विकास के कार्य होते रहेंगे। इस दौरान विधायक सुशील तिवारी इंदु ने भी आम जन को संबोधित करते हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। सभा के दौरान सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, रानू तिवारी, सुअल्का गर्ग, राजेश दाहिया, राजमणि सिंह बघेल सहित बड़ी तादात में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

शिव-पार्वती विवाह में भक्तों ने भगवान के पैर पूजे

शिव महापुराण कथा में हुआ शिव-पार्वती विवाह का सजीव आयोजन

जबलपुर। श्री गिरिजाशंकर रामलीला मैदान घमापुर प्रांगण में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है जिसके तृतीय दिवस के अवसर पर वृंदावन से पधारे प्रमुख व्यास आचार्य पं. सिद्धार्थ पाण्डेय महराज ने पार्वती जी के प्राकट्य एवं तपस्या तथा शिव-पार्वती विवाह की कथा का व्याखान किया। इस अवसर पर शिव-पार्वती विवाह का सजीव आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी. सोनकर, एड. बलराज सोनकर, आचार्य पं. राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ. शिव मणी मिश्रा, एड. श्याम चंद्र तिवारी सहित रामलीला समिति के पं. कमलेश तिवारी, विष्णु दीक्षित, पं. अक्षय पाण्डेय, राजेन्द्र सोनकर, पुरुषोत्तम सोनकर, राजेश सेन, जगदीश यादव, पं. अरिवंद पाठक, अरुण सोनकर एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भगवान शिव के विवाह में भगवान के पैर पूजकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसी श्रृंखला में विगत 76 वर्षों से श्री गिरिजा शंकर मंदिर बाई का बगीचा घमापुर में महा शिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का चारों पहर का अभिषेक एवं अखण्ड राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया है जिसका समापन 27/2/25 को दोपहर 2.30 बजे हवन के पश्चात समापन होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे प्रारंभ होकर सायं सात बजे तक होगी। क्षेत्रीय नागरिकों, धर्म प्रेमी बंधुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।

सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

जबलपुर। पटवारी भवन पटेल मोहल्ला पाटन रोड स्थित करमेता में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 से 28 फरवरी तक किया गया है, जिसमें भागवत के आचार्य जबलपुर करमेता निवासी विजय गौतम की सुपुत्री सुश्री अनुष्का गौतम के मुखारबिंद से भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। 27 फरवरी को व्यास पीठ से अनुष्का गौतम ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। आज 28 फरवरी को हवन, पूर्णाहुति के पश्चात प्रसाद (भंडारा) वितरण किया जाएगा।

108 सुन्दरकाण्ड पाठ सम्पूर्ण होने पर 1 मार्च को संगीतमय सुन्दरकांड पाठ आयोजित

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के संयोजन में श्री हनुमान जन्मोत्सव 2024 से हनुमत कृपा से अखिल विश्व के शुभ एवं मंगल कल्याण हेतु 108 सुन्दरकाण्ड की श्रृंखला आयोजित की गई थी, जिसमें 108 अधिवक्ता यजमानगणों के द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ का अभिनव आयोजन सफलतापूर्वक किया गया था, आयोजन के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये बताया कि 108 सुन्दरकाण्ड पाठ सम्पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 01 मार्च 2025 को शाम 06:00 बजे अश्विन कुमार पाठक, राजपारडी, भरूच, गुजरात के मुखारबिंद से संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन मानस भवन जबलपुर में किया जा रहा है। पूज्य अश्विन कुमार पाठक, दुनिया के सभी महाद्वीपों के विभिन्न देशों में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन कर चुके हैं एवं विगत 25 वर्षों से देश-विदेश में दैनिक रूप से सुन्दरकाण्ड पाठ कर रहे हैं एवं विभिन्न धार्मिक चैनलों पर इनके द्वारा किये गये सुन्दरकाण्ड पाठ का वर्षों तक नियमित रूप से प्रसारण होता रहा है। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सहसचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, आदि उपस्थित रहे।

दारुल उलूम में अध्ययनरत 5 छात्रों को मौलवी, 2 छात्रों को हाफिज की सनद (डिग्री) प्रदान की

दारुल उलूम गौसिया रज़वीय कासमीया का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

जबलपुर। पुराना पुल साऊथ मिलौनीगंज गोहालपुर स्थित दारुल उलूम गौसिया रज़वीया कासमीया में अध्ययनरत छात्रों का दीक्षांत समारोह 24 फ़रवरी दिन सोमवार को हज़रत अल्लामा मुफ़्ती इम्तियाजुल कादरी कासमी मुफ़्ती ए आज़म जबलपुर व क़ाज़ी ए शरआ जिला जबलपुर की अध्यक्षता में यूनानी दवाखान ग्राउंड साऊथ मिलौनीगंज गोहलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की सरपरस्ती देश में सुन्नियों के सब से बड़े केंद्र दरगाह आला हज़रत बरेली शरीफ उ.प्र. से मुख्य इस्लामिक विद्वान नवास-ए-मुफ्ती-ए-आजम हिंद व जानशीने खालिदे मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद अनस रजा खान साहब ने की। जिसमें दारुल उलूम गौसिया रज़वीय कासमिया में अध्ययन करने वाले छात्रों में मौलवी वा हाफिज का कोर्स पूर्ण करने वाले छात्रों को डिग्री (सनद) प्रदान की गई। मीडिया प्रभारी सुल्तानुज़्ज़मा क़ादरी कासमी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इस्लामिक विद्वान हज़रत अल्लामा मुफ़्ती सगीर अहमद बरकाती प्रिंसपल दारुल उलूम मज़हरे इस्लाम बरेली शरीफ (उ.प्र.) व उस्तादुल उलमा हजरत मौलाना गुलाम अहमद रज़ा तहसीनी प्रिंसपल दारुल उलूम गौसिया रज़वीया कासमिया, मुफ़्ती मोहम्मद तौफीक़ आलम क़ासमी खतीबो इमाम सालार मस्जिद, मुफ़्ती अलताफ हुसैन क़ासमी खतीबो इमाम मक्का मस्जिद, मुफ़्ती हिफजुर्रहमान क़ासमी, मुफ़्ती शाहिदुल कादरी कसमी साहब, मुफ़्ती तबरेज़ आलम कासमी ने वज़ो तक़रीर (इस्लामिक प्रवचन ज्ञान) बयान फरमाया। वहीं हाफ़िज़ो क़ारी जाहिद हसन, हाफिजो क़ारी सलाहुद्दीन ने नातो मनक़बत पेश किये। इ

ग्राम पंचायत परासिया में निकली भव्य शिव बारात

जबलपुर। चरगवां ग्राम पंचायत परासिया में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर अजय रागिनी पटेल (सरपंच) के निवास से भोलेनाथ भगवान शंकर की भव्य बारात निकाली गई। बारात का स्वागत ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास से किया। अंत में भगवान शंकर जी के मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर डेलन प्रसाद पटेल, गयाप्रसाद गैनाबाई पटेल, लेखराम गुड्डीबाई पटेल, केवल प्रसाद ताराबाई पटेल एवं अजय रागिनी पटेल (सरपंच), दिलीप अंजली पटेल ने बारात का स्वागत वंदन किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

जबलपुर।

श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय मढ़ाताल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मंगेली (ग्वारीघाट) में विशेष शिविर का आयोजन 24 फरवरी से 03 मार्च 2025 तक किया जा रहा है जिसमें ग्राम की छात्राओं द्वारा ग्रामवासियों के लिए स्वच्छता, नशा मुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जन जागृति का कार्य किया जा रहा है। स्वयं सेवी छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैली के माध्यम से ग्राम में जागरूकता फैलाई जा रही है, इस विशेष शिविर का समापन 03 मार्च 2025 को किया जाएगा। शिविर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर विमलकांत सैनी के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है शिविर के सफलतम आयोजन पर शुभकामनाएं महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष सरदार जीएस बांगा, सचिव सरदार जसप्रीत सिंह आहुजा, कोषाध्यक्ष सरदार रविंदर सिंह दुआ, सरदार परमजोत सिंह बांगा द्वारा दी गईं। शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विधि जैन एवं सहयोगी श्रीदेवी ताम्हणे द्वारा किया जा रहा है।

विद्युत वितरण कंपनी से 2 अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

जबलपुर । मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 2 अधिकारी 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे है ।

सुरेन्द्र कुमार चड़ार - मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता (प्रवर्तन) रीवा सुरेन्द्र कुमार चड़ार दिनांक 28 फरवरी 2025 को 31 वर्ष 05 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त होंगे । वह कंपनी के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे है ।

श्रीराम पाण्डेय - मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता (संचा. / संधा.) कटनी में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ श्रीराम पाण्डेय दिनांक 28 फरवरी 2025 को 35 वर्ष 06 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त होंगे । वह कंपनी के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे है ।

कंपनी प्रबंधन ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

साइंस कॉलेज के छात्रावासी व भूतपूर्व छात्रावासी छात्रों का मिलन समारोह आज

जबलपुर। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के छात्रवासी छात्रों का मिलन समारोह एवं छात्रावास दिवस का आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रममंत्री, मध्यप्रदेश शासन प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शहपुरा विधायक एवं पूर्व छात्र ओमप्रकाश धुर्वे, पूर्व राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन जालम सिंह पटेल एवं केंट क्षेत्र, जबलपुर विधायक आशोक रोहाणी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट माइकल प्रदीप कपूर (जनभागादी महाविद्यालय, जबलपुर) अध्यक्ष, शा. एवं संरक्षक शासकीय महाविद्यालय, जबलपुर के प्राचार्य डॉ. ए.एल. महोबिया रहेंगे। विज्ञान छात्रावास दिवस समारोह के अवसर पर मंत्री श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों द्वारा 1975वें बैच के छात्रावासी छात्रों के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में छात्रावासी छात्र एवं भूतपूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजन आज

जबलपुर। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 28 फरवरी से 01 मार्च तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन प्रो. अखिलेश पांडे (विजिटर नॉमनी, जामिया मिलिया इस्लामिया विवि दिल्ली) के मुख्य आतिथ्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम में सतत विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी तथा विकसित भारत के लिए भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान जैसे विषयों पर कई उत्कृष्ट वैज्ञानिकों के उद्बोधन एवं विद्यार्थियों के लिए निबंध, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी तथा वैज्ञानिक रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित हैं।

श्रीमद् भागवत कथा की धूमधाम से निकली शोभायात्रा

बरगी। ग्राम सगड़ा झपनी में 27 फरवरी से 6 मार्च तक सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है जिसमें व्यास मनीष कृष्ण तिवारी शास्त्री के मुखारविंद से अमृतमय कथा भक्तों को सुनाई जाना है। गुरुवार को भक्तों द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में मूलचंद गीताबाई साहू, नंदकिशोर उमाबाई पटेल उपस्थित रहे।

निधन

श्री भोला शंकर अग्रवाल- भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री भोला शंकर अग्रवाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री छोटे लाल- हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री छोटे लाल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती राधा बाई रैकवार- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री वृंदावन रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई रैकवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सुनील ठाकुर- लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री भूरा सिंह ठाकुर के पुत्र श्री सुनील ठाकुर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री दीपक कोरी- भानतलैया निवासी श्री दीपक कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती मुल्ली बाई मोधक- गली नं. 10, सदर निवासी श्री नत्थू लाल मोधक की धर्मपत्नी श्रीमती मुल्ली बाई मोधक (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रवि अहिरवार- राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गौरी लाल अहिरवार के पुत्र श्री रवि अहिरवार (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री गुलाब प्रसाद विश्वकर्मा- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री गुलाब प्रसाद विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री प्रदीप कुमार जायसवाल- राम सिंह का बाड़ा बेलबाग निवासी श्री प्रदीप कुमार जायसवाल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती संतोषी बाई- संजय नगर अधारताल निवासी श्री शंकर लाल कहार की धर्मपत्नी श्रीमती संतोषी बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कपूरिया बाई- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री गंम्भीर प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती कपूरिया बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रामरति चौधरी- छापर रामपुर निवासी श्री शंभू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति चौधरी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रामपाल गुप्ता- लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री रामपाल गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रुक्मणी कुंडे- लालमाटी चौधरी मोहल्ला निवासी श्री मुरारी लाल कुंडे की धर्मपत्नी श्रीमती श्रीमती रुक्मणी कुंडे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री एन्थोनी- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री एन्थोनी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजेश शर्मा- नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री राजेश शर्मा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संजय चतरे- कांचघर रोड सर्वोदय स्कूल के पीछे निवासी श्री संजय चतरे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

पशुपतिनाथ मंदिर में भोलेनाथ का किया अद्भुत श्रृंगार

जबलपुर। भेड़ाघाट स्थित गोपालपुर में प्रसिद्ध प्राचीन भोलेनाथ शंकर जी के पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर पंडित राजेश तिवारी द्वारा भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार किया गया, मंदिर में सुबह से शाम तक दूर-दूर से भक्तों का आना लगा रहा। लोगों ने पूजन अर्चन किया, वहीं बाबा का अभिषेक भी भक्तजनों द्वारा किया गया।

कोका-कोला 'बॉडीआर्मरलाइट' ब्रांड भारत में लाने की तैयारी में

- कंपनी को उम्मीद थम्सअप व स्प्राइट दो अरब डॉलर के ब्रांड बन जाएगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेय पदार्थ बनाने वाली प्रमुख कंपनी कोका-कोला इस गर्मी में वैश्विक स्पोर्ट्स ड्रिंक ब्रांड 'बॉडीआर्मरलाइट' को भारत में पेश करने जा रही है। इसके साथ ही कंपनी को उम्मीद है कि थम्सअप और स्प्राइट दो अरब डॉलर के ब्रांड बन जाएंगे। कोका-कोला के भारत एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया के उपाध्यक्ष (परिचालन) संदीप बाजोरिया ने बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोका-कोला इस साल जल्द गर्मियां शुरू होने को लेकर उत्साहित है और

भारतीय बाजार में ऑनेस्ट टी, बॉडीआर्मरलाइट और विटामिनवाटर जैसे पेय पदार्थ ब्रांड को पेश करने जा रही है। इसके अलावा कंपनी 'कोक जीरो शुगर' और 'स्प्राइट जीरो शुगर' का विस्तार भी कर रही है। बॉडीआर्मरलाइट पेय में इलेक्ट्रोलाइट्स और नारियल पानी भरपूर मात्रा में होता है। वहीं ऑनेस्ट टी असम से मिलने वाला एक ऑर्गेनिक चाय ब्रांड है। कंपनी पायलट आधार पर विटामिनवाटर का भी विस्तार करेगी जो फिलहाल हवाई अड्डों जैसे चुनिंदा स्थानों पर उपलब्ध है। बाजोरिया ने कहा, ''हमारे पास अमेरिका में बॉडीआर्मरलाइट नाम का एक अरब डॉलर वाला ब्रांड है, जो नारियल पानी का डिहाइड्रेशन सॉल्ट है। हम इसे भारत में ला रहे हैं। हम इसे कार्टन लाइन के साथ-साथ पेट बोतलों में भी लाने जा रहे हैं।''

कंपनी ब्रांड का विस्तार जारी रखे हुए :
इसके साथ ही बाजोरिया ने कहा कि कोका-कोला अपने लोकप्रिय 'बिलियन डॉलर' ब्रांड- थम्सअप, स्प्राइट और माजा का विस्तार करना जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में कोका-कोला के लिए थम्सअप और स्प्राइट दोनों ही दो अरब डॉलर के ब्रांड बनने जा रहे हैं। कोका-कोला को उम्मीद है कि इस साल 2022 की तरह ही भीषण गर्मी का दौर देखने को मिलेगा।

सोना 1,150 रुपए लुढ़का चांदी 1,000 रुपए फिसली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- वैश्विक बाजारों में सुस्ती का असर भारत के बाजार पर
- सोना घटकर 88,200 रुपए प्रति दस ग्राम

वैश्विक बाजारों में सुस्ती के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,150 रुपये टूटकर 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,150 रुपये टूटकर 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसका पिछला बंद भाव 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर सराफा बाजार बंद थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''एमसीएक्स में बिकवाली के कारण सोने की कीमतों में कमजोरी देखी गई, जहां सोने की कीमत 85,000 रुपये तक गिर गई। अगर एमसीएक्स पर सोना 84,800 रुपये के स्तर तक आता है, तो और भी कमजोरी आ सकती है। त्रिवेदी ने कहा कि बाजार प्रतिभागी आगे के संकेतों के लिए शुक्रवार को कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) मूल्य सूचकांक के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। विदेशी बाजारों में, अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 23.10 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,907.50 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसके अलावा, हाजिर सोना 2,900 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गया और इसकी कीमतें 2,892.95 डॉलर प्रति औंस पर आ गईं। अबन्स होल्डिंग्स के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, शुल्क संबंधी चिंताओं के कारण डॉलर में तेजी आने से सोने की कीमतों में एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद सुधार हुआ, लेकिन सुरक्षित निवेश की मांग मजबूत बनी हुई है।

निवेशकों को आर्थिक आंकड़ों की प्रतीक्षा

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, निवेशक साप्ताहिक बेरोजगारी दावों, जनवरी के टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर और चौथी तिमाही के शुरुआती जीडीपी जैसे प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों की प्रतीक्षा कर रहे हैं

भारतीय कंपनियों में इस साल 9.4 प्रतिशत वेतन वृद्धि अनुमानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- 'ईवाई फ्यूचर ऑफ पे' ने जारी की रिपोर्ट
- यह 2024 की 9 .6 फीसदी की वेतन वृद्धि से कम

भारत में कंपनियां इस साल 9.4 प्रतिशत की औसत वेतन वृद्धि कर सकती हैं। यह 2024 की 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ी कम है। ईवाई फ्यूचर ऑफ पे' रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के 10 में से छह नियोक्ता कर्मचारियों को पुरस्कृत करने और वेतन संबंधी रणनीतियों के लिए अगले तीन वर्षों में कृत्रिम मेधा की क्षमता का पता लगाने के इच्छुक हैं। भारतीय कंपनियों में 2025 में 9.4 प्रतिशत की औसत वेतन वृद्धि हो सकती है जो 2024 में दर्ज 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ी कम है। कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर 2024 में घटकर 17.5 प्रतिशत रह गई थी जो 2023 में 18.3 प्रतिशत थी। ई-कॉमर्स क्षेत्र में 2025 में सबसे अधिक 10.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि होने की उम्मीद है, जो ऑनलाइन कारोबार के तेजी से विस्तार, बढ़ते उपभोक्ता खर्च और प्रौद्योगिकी प्रगति से प्रेरित है। वित्तीय सेवा क्षेत्र में इस साल 10.3 प्रतिशत की वेतन वृद्धि का अनुमान है जबकि वैश्विक क्षमता केंद्रों में 10.2 प्रतिशत वेतन वृद्धि की संभावना है। हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आईटी-सक्षम सेवा क्षेत्र में वेतन वृद्धि सुस्त रहने का अनुमान है। आईटी क्षेत्र में वेतन वृद्धि 2024 के 9.8 प्रतिशत से घटकर 2025 में 9.6 प्रतिशत होने, जबकि आईटी-सक्षम सेवाओं में वेतन वृद्धि 9.2 प्रतिशत से घटकर नौ प्रतिशत होने के आसार हैं।

कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी, (म.प्र.)

क्रमांक 3464/लो.नि.वि./निर्माण/2025 — निविदा आमंत्रण सूचना — कटनी, दिनांक:-18/02/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत रुपए में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए में एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2025_UAD_403664_1	माधव नगर चौराहा से कलेक्ट्रेड तक दोनो तरफ पेच मरम्मत कार्य।	60 Days 421630/-	2,000/- 4216/-	05/03/2025
2	2025_UAD_403664_2	मुख्य मार्ग NH7 में चौदहा पेट्रोल पंप से ट्रांसपोर्ट नगर मोड़ तक पेच मरम्मत कार्य।	60 Days 385905/-	2,000/- 3859/-	05/03/2025
3	2025_UAD_403664_3	रेल्वे स्ट्रेशन से दिलवार चौक व कचहरी तक पेच मरम्मत कार्य ।	60 Days 412862/-	2,000/- 4128/-	05/03/2025
4	2025_UAD_403664_4	मुख्य मार्ग में किशन वैल्डिंग से हनुमान मंदिर तक पेच मरम्मत कार्य ।	60 Days 414902/-	2,000/- 4149/-	05/03/2025

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (वास्ते - आयुक्त)
नगरपालिक निगम, कटनी

कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल
ग्राम बडबाई नई जेल रोड भोपाल पिन कोड - 462038
(Tel. – 0755-2736200 email - aebhopalmp@gmail.com)

क्रमांक/तक./2024-25/02 — निविदा विज्ञप्ति (प्रथम आमंत्रण) — भोपाल, दिनांक 24/02/25

(मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बाबत्)

संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम - भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु एक वर्ष 2025-2026 की अवधि के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई. ओ. आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है ।

निविदा क्रमांक	विवरण	निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए	धरोहर राशि रुपए	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
02/2025	संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम ग्वालियर स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत मेस संचालन के लिये केटरिंग एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण	28/02/2025	2000/-	200000/-	20/03/2025

1) इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तो की प्रति संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री भोपाल दिनांक 28.02.2025 से निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्राप्त कर सकते है ।
2) निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रुपएं 35 लाख (राशि रुपए पेतीस लाख मात्र) वार्षिक है ।
3) निविदा प्रपत्र डाक द्वारा दिनांक 13.03.2025 तक क्रय किया जा सकेगा ।

G-23608/24 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। — कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल

कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल
ग्राम बडबाई नई जेल रोड भोपाल पिन कोड - 462038
(Tel. – 0755-2736200 email - aebhopalmp@gmail.com)

क्रमांक/तक./2024-25/01 — निविदा विज्ञप्ति (प्रथम आमंत्रण) — भोपाल, दिनांक 24/02/25

(हाउसकीपिंग कार्य एवं केन्द्र प्रबंधन कार्य हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बाबत्)

संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम - भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत हाउसकीपिंग कार्य एवं केन्द्र प्रबंधन कार्य हेतु एक वर्ष 2025 2026 की अवधि के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई. ओ. आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है ।

निविदा क्रमांक	विवरण	निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए	धरोहर राशि रुपए	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
01/2025	संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत हाउसकीपिंग कार्य एवं केन्द्र प्रबंधन कार्य के लिये एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण	28/02/2025	2000/-	100000/-	21/03/2025

1) इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तो की प्रति संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री भोपाल दिनांक 28.02.2025 से निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्राप्त कर सकते है ।
2) निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रुपएं 25 लाख (राशि रुपए पच्चीस लाख मात्र) वार्षिक है ।
3) निविदा प्रपत्र डाक द्वारा दिनांक 13.03.2025 तक क्रय किया जा सकेगा ।

G-23607/24 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। — कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/643, दिनांक 25.02.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3337; कार्य का नाम: (1) एईएन/आरपीएच के क्षेत्राधिकार के अधीन रामपुरहाट में रनिंग रूम के उन्नयन के संबंध में विद्युतीय सामान्य कार्य। (2) एईएन/आरपीएच के क्षेत्राधिकार के अधीन पाकुड़ में रनिंग रूम के उन्नयन के संबंध में विद्युतीय सामान्य कार्य। निविदा मूल्य: रु. 44,57,604। बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 89,200; समापन अवधि: 180 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 18.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-632/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.
LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD
एरिया ऑफिस :– 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

क्रं.	ऋण खाता संख्या	खातेदार का नाम एवं पता	संपत्ति विवरण	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना	उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र
1.	120500008409	श्री मनोहर अमूले पता वार्ड क्रमांक 01, खसरा नं. 493/13, 494/13, 495/13 का भाग, मौजा सिवनी, पटवारी हल्का नं. 26/2,28, वारासिवनी, बालाघाट, म.प्र. 481331	वार्ड क्रमांक 01, खसरा नं. 493/13, 494/13, 495/13 का भाग, मौजा सिवनी, पटवारी हल्का नं. 26/2,28, वारासिवनी, बालाघाट, म.प्र., 481331 क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट	11.11.2024 / 25.02.2025	15,20,105.81 + ब्याज व अन्य खर्चे
2.	120500011636	स्वर्गीय श्री संतोष कुमार सोलंकी के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, खसरा नं. 87/2/2, मौजा अवलाझारी, पटवारी हल्का नं. 14, बालाघाट, म.प्र. 481001	खसरा नं. 87/2/2, मौजा आवलाझारी, पटवारी हल्का नं. 14, बालाघाट, म.प्र. 481001 क्षेत्रफल 1037 वर्ग फीट	11.11.2024 / 25.02.2025	29,95,719.95 + ब्याज व अन्य खर्चे
3.	120500012067	एमएस झामली कुसरे और स्वर्गीय श्री रघुनाथ खुसरे के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, पता खसरा नंबर 300/2CHA/1/1, मौजा भटेरा, पटवारी हल्का नंबर 12ध्66, बालाघाट, म.प्र., 481001	खसरा नं. 300/2CHA/1/1, मौजा भटेरा, पटवारी हल्का नं. 12/56, बालाघाट, म.प्र., 481001 क्षेत्रफल 1725 वर्ग फीट	11.11.2024 / 25.02.2025	18,43,193.76 + ब्याज व अन्य खर्चे
4.	120500012067	श्री अब्दुल निसार खान श्री अब्दुल जाकिर खान वार्ड नंबर 08, हीरापुर कैंप, भरवेली, बालाघाट, म.प्र., 481001	वार्ड नंबर 03, खसरा नंबर 267/1/खा/2 एसए का हिस्सा, मौजा बालाघाट, पटवारी हल्का नं.13/2, बालाघाट, म.प्र., 481001	23.08.2024 / 25.02.2025	7,07,193.01 + ब्याज व अन्य खर्चे

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 28.02.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

निविदा सूचना(1st Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	न.नि.ज./प्रकाश/2024-25/42/ पी.आर.ओ/599 दिनांक 27/02/2025	SITC of Decorative Pole & Lighting work at Ward No. 53 Jabalpur	03 माह एवं 813589.00	2000.00 एवं 8136.00	25/03/2025

नोट - निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम, जबलपुर

निविदा सूचना
कार्यालय कार्यपालन यंत्री बीहड़ कृष्यकरण योजना सागर संभाग सागर

क्रमांक/स्टोर/कौ.वि.के/2024-25/200 — दिनांक/24/02/2025

निविदा विज्ञप्ति (प्रथम आमंत्रण)

(मेस संचालन हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बावत्)

संभागीय कार्यालय कार्यपालन यंत्री बीहड. कृष्यकरण योजना के केन्द्र का नाम- सागर स्थित कौशल विकास केन्द्र प्रशिक्षण अन्तर्गत मेस केटरिंग कार्य हेतु एक वर्ष 2025 2026 की अवधि के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा क्रमांक	विवरण	निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए	धरोहर राशि रुपए	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
02	संभागीय कार्यालय कार्यपालन यंत्री बीहड कृष्यकरण योजना के केन्द्र का नाम - सागर स्थित कौशल विकास केन्द्र प्रशिक्षण अन्तर्गत मेस संचालन के लिए केटरिंग एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण	28/02/2025	2000/-	2,00,000/-	20/03/2025

1 इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तो की प्रति संभागीय कार्यालय कार्यपालन यंत्री बीहड कृष्यकरण योजना सागर (पुरानी तहसील; बरिया तिगड्डा; आफिसर्स कॉलोनी के पास) दिनांक 28/02/2025 से निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्राप्त कर सकते है। 2 निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रुपए 30 लाख (राशि रुपए तीस लाख रुपए मात्र) वार्षिक है। 3 निविदा प्रपत्र डाक द्वारा दिनांक 13/03/2025 तक क्रय किया जा सकेगा।

कार्यपालन यंत्री
बीहड़ कृष्यकरण योजना
संभागीय कार्यालय
सागर संभाग सागर

G-23615/24 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्र 1 जबलपुर

निविदा सूचना क्र 32 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक — निविदा सूचना — जबलपुर दिनांक 25/02/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

क्र	ई टेण्डर कमांक	कार्य का नाम		ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मुल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ई एम डी,टेन्डर फीस एवं निविदा से संभंदित अन्य अभिलेख जमा करने हेत
1	2025_PWDRB_405213_pack1	मुख्यालय सेक्शन मुख्यालय उपसंभाग कमांक 3 जबलपुर अंतर्गत आवासीय भवनों में दरवाजे खिड़कियों की मरम्त, पी.व्ही.सी. पलश डोर, एल्यूमिनियम विंडो, लॉन में कर्ब स्टोन इत्यादि लगाने का कार्य।	प्रथम	19.80	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
2	2025_PWDRB_405214_pack1	मुख्यालय सेक्शन मुख्यालय उपसंभाग कमांक 3 जबलपुर अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के व्ही.व्ही. आई.पी. बंगलों में विशेष मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.95	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
3	2025_PWDRB_405215_pack1	मुख्यालय सेक्शन मुख्यालय उपसंभाग कमांक 3 जबलपुर अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के व्ही.व्ही. आई.पी. बंगलों में विभिन्न मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.87	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
4	2025_PWDRB_405216_pack1	मुख्यालय सेक्शन मुख्यालय उपसंभाग कमांक 3 जबलपुर अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के ए.जी. बंगले एवं माननीय रजिस्ट्रार बंगले में सीवर लाईन एवं विभिन्न मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.87	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
5	2025_PWDRB_405217_pack1	मुख्यालय सेक्शन मुख्यालय उपसंभाग कमांक 3 जबलपुर अंतर्गत कलेक्टर जिला जबलपुर के बंगले में वुडन फ्लोरिंग, मेंटेनेंस एवं रिपेयरिंग का कार्य।	प्रथम	19.67	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
6	2025_PWDRB_405218_pack1	मुख्यालय सेक्शन मुख्यालय उपसंभाग कमांक 3 जबलपुर अंतर्गत व्ही.व्ही.आई.पी. बंगलों में एस.आर. वर्क एवं विभिन्न मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.67	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
7	2025_PWDRB_405219_pack1	मुख्यालय सेक्शन मुख्यालय उपसंभाग कमांक 3 जबलपुर अंतर्गत आवासीय भवनों में अंडरग्राउण्ड सीवर लाईन, आयरन ओवरहेड वाटर टेंक, वाटर सप्लाई लाईन्स, प्लास्टर मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.87	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
8	2025_PWDRB_405221_pack1	मुख्यालय उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत पनागर सेक्शन अंतर्गत अतिवर्षा हेतु पुल पुलियों की मरम्मत, शोल्डर मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	10.00	20000	2000	03 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
9	2025_PWDRB_405222_pack1	मार्ग उपसंभाग जबलपुर अंतर्गत चौरई सेक्शन में विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेच मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.60	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
10	2025_PWDRB_405224_pack1	मार्ग उपसंभाग जबलपुर अंतर्गत बघराजी सेक्शन में विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेच मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.40	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
11	2025_PWDRB_405225_pack1	उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत पनागर सेक्शन में विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य।	प्रथम	10.00	20000	2000	03 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
12	2025_PWDRB_405227_pack1	उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत कटंगी सेक्शन में विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य।	प्रथम	20.00	40000	2000	04 माह वर्षा ऋतु सहित	केवल आनलाईन
		कुल योग		217.70				

टीपः– (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 14/03/2025 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियों एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री लोक
निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र 1 जबलपुर

G-23604/24

चिंतन

यूएन में कश्मीर का राग अलापना बंद करे पाक

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत की है। स्विटज़रलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। यह नई बात नहीं है। यूएन के हर सत्र में पाकिस्तान कश्मीर राग अलापता रहा है। भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर व लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत पाकिस्तान के साथ केवल आतंकवाद के खात्मे के बाद ही कोई बात करेगा। ऐसे में पाक का यूएन में कश्मीर मुद्दे को उठाना अपने अवसर का जाया करना है। यूएन में अपने उत्तर देने के अधिकार के तहत भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मदद पर टिका एक नाकाम देश कर्तव्यनिष्ठा से अपने सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ द्वारा फैलाए गए झूठ को आगे बढ़ाता है। आतंकवाद को शह देने के नीतिगत एजेंडे के चलते आज पाकिस्तान अलग-थलग पड़ा हुआ है, टेरर फंडिंग समेत अन्य आतंकवादी वित्तीय गतिविधियों के चलते वह फ्रांस स्थित एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में है। इससे पहले कई बार ब्लैक लिस्ट में रह चुका है। आजादी के बाद पाक अवैध रूप से कबायली वेष में कश्मीर में घुसा था। उस वक्त एकीकृत जम्मू-कश्मीर राज्य का भारत में विधिवत विलय हो चुका है। इसके बाद से कश्मीर के कुछेक हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, जो पीओके है। भारत चाहता है कि पाकिस्तान पीओके क्षेत्र से अपना अवैध कब्जा खत्म करे, वह हिस्सा भारत का है। भारत अपना हिस्सा लेने को प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को कश्मीर को लेकर निराधार व दुर्भावनापूर्ण संदर्भ बयां नहीं करना चाहिए। यह खेदजनक है। वह हमेशा अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल करता है। विश्व में सबके सामने कश्मीर को लेकर स्थिति साफ है, यह भारत का अभिन्न हिस्सा है। पाकिस्तान में सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ को दुनिया ने देखा, जब अमेरिका ने पाक के सैन्य क्षेत्र से ओसामा बिन लादेन को पकड़ा और मारा। पाक की फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई नीतिगत रूप से आतंकवाद को पालती-पोसती रही है और कश्मीर में उसका दुरुपयोग करती रही है। आज 32 से अधिक छोटे व बड़े आतंकी गुट पाकिस्तान में सक्रिय हैं। अनेक घोषित ग्लोबल टेररिस्ट पाक में हैं। मौजूदा समय में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में आजादी के बाद से ही हुई अभूतपूर्व, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तरक्की खुद ही सबकुछ बयां कर रही है। पाकिस्तान को यूएन मानवाधिकार परिषद का वक्त नहीं बर्बाद करना चाहिए। उसको भारत के बारे में सोचने से ज्यादा अपने देश के नागरिकों की मुश्किलें दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) का भी मजाक बना रहा है, वहां कश्मीर राग का कोई मतलब नहीं है। वह (पाकिस्तान) इसे (ओआईसी) अपना मुखपत्र बताकर दुष्प्रचार को बढ़ावा देकर इसका दुरुपयोग कर रहा है। पाकिस्तान की हर कारगुजारियों से भारत वाकिफ है। अपनी करतूतों की वजह से ही आज पाकिस्तान की ऐसी हालत है और दुनिया में चीन व तुर्किये के अलावा किसी देश से अच्छे संबंध नहीं हैं। इमदाद के भरोसे जीने वाले पाकिस्तान को अपने हालात सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। यूएन में कश्मीर गीत गाने से भारत पर कुछ भी नहीं होने वाला है, कश्मीर भारत का था, है और सदा रहेगा।

विश्लेषण

सुरेश पचौरी

महाकुंभ से सनातन धर्म का बढ़ा गौरव

प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है।

माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नरः ।
युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। कितना ही बिरला अवसर है कि प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। सुरक्षा, सुविधाएं और सुगमता प्रदान करने के जतन के साथ ही साथ इस आयोजन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के विशेष प्रयास हुए, यह स्तुत्य है। इन प्रयासों ने महाकुंभ को केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकारों के प्रति चेतना का संदेश भी दिया। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है। भगवान आदि शंकराचार्य ने भारतीय जनमानस में धर्म की भावना जगाने और संस्कृति की चेतना मजबूत करने के लिए देश के चार कोनों पर चार मठ बनाये। पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारिका, उत्तर में जोशीमठ तथा दक्षिण में श्रंगेरी मठ। आदि शंकराचार्य ने देश की चार प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, क्षिप्रा व गोदावरी के तट पर चार शहरों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में चार कुंभ-मेलों के आयोजन की रूपरेखा रची। कुंभपर्व का आधार खगोलीय घटना है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ग्रहों की गति और उनके मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर कुंभ मेलों के आयोजन की तिथियां और स्थान तय होते हैं। 12 साल के अंतराल से सूर्य और गुरु की राशि विशेष में स्थिति कुंभ पर्व का समय और स्थल निर्धारित करते है। कुंभ को लेकर पौराणिक आधार भी है। देवताओं और दानवों ने समुद्रमंथन किया। इस मंथन में अमृत निकला। अमृत के बंटवारे की छीना छपटी में अमृत कलश से कुछ बूंदें छलकी। ये अमृत बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में गिरीं। इन शहरों के पास से बहने वाली नदियां गंगा, यमुना, गोदावरी, एवं क्षिप्रा अमृतमयी हो गई। इन्ही स्थलों पर कुंभपर्व आयोजित किया जाता है। कुंभ पर्व नदियों के महत्व का महापर्व है। यह विविधता में एकता प्रदर्शित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ पर्व 'वसुधैव कुटंबकम' की भावना को साकार करता है। यह आयोजन सर्वसमावेशी संस्कृति एवं भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक है। कुंभ महापर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। महाकुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन दर्शन को वैश्विक पहचान मिली है। यह पर्व केवल स्नान का पर्व नही है बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का अवसर है। भारतीय सनातन परंपरा में

यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का सदियों से परिचायक रहा है और आगे भी रहेगा। इस वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ अपने आयोजन के आरंभ से ही अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता रहा है। प्रतिदिन औसतन 1.5 करोड़ लोग कुंभ में गंगा स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं। देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत पहले कभी नहीं देखी। विश्व चकित है। पूरी दुनिया अचरज से सनातन संस्कृति की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को समझने की कोशिश कर रही है। महाकुंभ के भव्य दृश्यों ने हमें हतप्रभ किया है और अपनी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं के प्रति गहन आस्था और गौरव से भर दिया है। महाकुंभ का संपूर्ण मानवता को स्पष्ट संदेश है कि आस्था और आध्यात्म में कोई भेद नहीं होता। यहां कोई भी जाति या वर्ग का भेद नहीं होता। यहां राजा हो या रंक, साधु हो या गृहस्थ सब मां गंगा की गोद में पुण्य अर्जित करने आते हैं। यह समरसता ही कुंभ की सबसे बड़ी विशेषता है। प्रयागराज का कण-कण अलौकिकता का स्मरण कराता है। त्रिवेणी स्नान के दौरान जो शांन्ति और दिव्यता का अनुभव होता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। महाकुंभ में स्नान केवल धार्मिक कार्य मात्र नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। महाकुंभ में आकर यह अनुभव होता है कि सनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की एक महान परंपरा है। साधु संतों के प्रवचन मंत्रों की ध्वनि अखाड़ों की भव्यता और गंगा आरती का सौन्दर्य मन में ईश्वरीय अनुभूति कराता है। मेरे लिए वे असीम शांति और गौरव के पल थे, जब मैंने पुण्य भूमि प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में स्नान कर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट की।

किसी भी श्रद्धालु की तरह मेरे लिए भी यह असीम आनंद के क्षण थे। गंगा तटों पर गूंजती मंत्रध्वनियां, हवनकुंडों से उठती धूप की सुवास आयोजन को दिव्यता प्रदान करती है। इस संकल्पना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व स्तुत्य और स्मरणीय है। मैंने अनुभव किया कि गंगा मैया में लगाई गई हर डुबकी एक अलौकिक आनंद की अनुभूति करवाती हैं। आत्मा निर्मल होकर परमतत्व से साक्षात्कार करती है। इसी साक्षात्कार के उपरांत यह कह सकता हूं कि 2025 का प्रयागराज महाकुंभ एक आयोजन ही नहीं अपितु सनातन की जीवंत धरोहर बनकर प्रकट हुआ है। इस दिव्यता को प्रधानमंत्री माननीय मोदी के कथन में भी अनुभूत किया जा सकता है। प्रयागराज में गंगा स्नान के उपरांत यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा था-'प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हो गया। संगम पर स्नान एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया।' प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रार्थनाओं में हमारी प्रार्थना के स्वर भी शामिल हैं। यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के सभी सनातनधर्मियों को नया गौरव प्राप्त हुआ है। उनके शासनकाल में हमारी आस्था के प्रतीकों और धार्मिक स्थलों का पुनरूत्थान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर, महाकाल लोक परियोजना, केदारनाथ मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण जैसे श्रेष्ठतम कार्यों से भारत का सांस्कृतिक वैभव प्रतिष्ठित हुआ है तथा लोक आस्था के महत्व में अद्वितीय वृद्धि हुई है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का यह महाकुंभ उत्सव सभी के जीवन में नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही ईश्वर से प्रार्थना है। मेरा मानना है कि महाकुंभ 2025 के माध्यम से जागृत हुई सनातन की यह चैतन्य धारा राष्ट्रहित में प्रवाहित होकर एक नये भारत के निर्माण में सहायक होगी।

(लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

संस्कृति

विवेक शुक्ला

महाकुंभ में सात समंदर पार से आए भक्तों की भी उमड़ी आस्था

महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ ही महाकुंभ समाप्त हो गया। पूरे कुंभ के दौरान संगम शहर में करोड़ों भक्त पहुंचे। उन भक्तों की भी संख्या अनगिनत रही जो दुनिया के कोने-कोने से डुबकी लगाने के लिए पहुंचे थे। इनमें भारतवंशियों से लेकर विदेशी शामिल थे। इस तरह दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम का रंग वैश्विक हो गया। प्रयागराज के होटलों, बाजारों और गंगा के आसपास लगातार विदेशी भक्त दिखाई देते रहे। वैश्वीकरण और इंटरनेट ने संस्कृतियों को जोड़ा है। इसके चलते महाकुंभ पर सारे संसार की निगाहें थीं। हालांकि हरेक कुंभ में विदेशी आते हैं, पर इस बार इनका आंकड़ा अनगिनत रहा। अमेरिका के न्यूयार्क शहर से 25 वर्षीय मारिया महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए संगम शहर आईं थी। "मैं यहां 15 दिनों से अधिक समय तक रहने के लिए आई हूं। यह मेरा पहला अनुभव है। मेरे देश में, मुख्य रूप से हिंदू समुदाय कुंभ के बारे में जानता है, लेकिन मुझे संदेह है कि क्या हमारे जैसे अमेरिकी इस आयोजन और इसके विशाल कैनवास के बारे में जानते हैं।' मारिया जैसे न जाने कितने विदेशी पवित्र गंगा में स्नान करने, साधुओं के विचार सुनने और इतने बड़े स्तर के आयोजन को अपनी आंखों से देखना चाह रहे थे। दिल्ली से 16 फरवरी को प्रयागराज जा रही इंडिगो की उड़ान में दक्षिण अफ्रीका से कुंभ स्नान के लिए जा रहे करीब दो दर्जन भारतवंशी भी सवार थे। इनके पुरखे एक सदी से भी पहले दक्षिण अफ्रीका जाकर बस गए थे। इस टोली में पेशे से स्कूल टीचर राम पिल्ले भी थे। वे डरबन शहर में रहते हैं। डरबन को मिनी इंडिया कहा जाता है दक्षिण अफ्रीका में। राम की उम्र होगी करीब 40 साल। कह रहे थे कि पहली बार भारत आया हूं। मैं अपने पुरखों के देश में आकर कितना अच्छा महसूस कर रहा हूं, इसे बताना मेरे लिए संभव नहीं है। अब इससे ज्यादा आनंद की क्या बात हो सकती है कि मुझे कुंभ में शामिल होने का भी अवसर मिला है। भारत के बाहर से संभवतः सर्वाधिक भारतवंशी अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और केन्या से कुंभ में भाग लेने के लिए आए। "मुझे साधुओं की उपस्थिति में रहने और उनके प्रवचन सुनने का सौभाग्य मिला है। यह अप्रतिम अनुभव रहा। यह दूसरी बार है जब मैं भारत आया हूं। मैं मानता हूं कि जनभागेदारी के लिहाज से कुंभ के सामने ओलंपिक खेल भी कुछ नहीं हैं," यह बात न्यूजीलैंड के एस. डेविड ने कही। कइयों के लिए कुंभ में आना उनके जीवन भर के अहम ख्वाब का पूरा होने जैसा है। ये लंबे समय से इस अतुलनीय आयोजन में भाग लेने की योजना बना रहे थे। 61 साल के डेरिक पीटर ने कुछ साल पहले अपना नाम बदलकर राधा श्याम रख लिया है। वे अमेरिका के शहर न्यूजर्सी से आए हुए थे। "मैं बीते करीब 20 सालों से कुंभ मेले में भाग लेने का सपना देख रहा था। मुझे एक बार कुंभ का एक ब्रोशर मिला। हालांकि मुझे भारत के बारे में बहुत कम जानकारी थी, लेकिन गंगा में खड़े हजारों अन्य लोगों के बीच एक साधु की छवि ने मेरा ध्यान खींचा। इसमें लिखा था, 'माँ गंगा में स्नान करने आओ!' उस पल, मैंने खुद से कहा, 'एक दिन, मैं वहां जाऊंगा!' अब मेरा सपना सच हुआ है, और मैं परम आनंद की स्थिति में हूं।" कहने वाले कह रहे हैं कि इस बार महाकुंभ करीब 60 से अधिक देशों के राजनयिकों और नागरिको ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर अपने जीवनसाथियों के साथ पवित्र डुबकी लगाई। कोलंबिया के राजदूत विक्टर चावेरी ने कहा- 'यह मेरे जीवन का एक अद्भुत अनुभव रहा।' भारतीय संस्कृति बेहद समृद्ध है और यहां संदेश शांति और मानवता के लिए है। जब आप गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर इतने सारे लोगों को आध्यात्मिकता में डूबा हुआ देखते हैं, तो एक अजीब शक्ति महसूस होती है। इस बीच, रूसी नागरिक अलेक्जेंडर और उनकी पत्नी त्रिवेणी घाट पर ही मिले। डुबकी लगा चुके थे। कह रहे थे- 'हमें यहां स्नान करने के बाद अपार आध्यात्मिक शांति मिली। भारत बहुत विविध और इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं।' प्रयागराज एयरपोर्ट में अधिकतर विदेशी दिल्ली और मुंबई के रास्ते पहुंच रहे थे। दक्षिण अफ्रीका से राम नायडू भी प्रयागराज में आए हुए थे। उनके पूर्वज आंध्र प्रदेश से दक्षिण अफ्रीका में जाकर बसे थे। नायडू कह रहे थे- 'हम भारतवंशियों के दिलों में बसता है भारत। कुंभ का आयोजन वास्तव में अद्भुत रहा। यहां लाखों लोग इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने और मुझे यह देखकर गर्व हुआ कि हमारी भारतीय संस्कृति कितनी समृद्ध और गहरी है। हम भाग्यशाली हैं कि हम मूल रूप से भारतीय हैं।' तो कह सकते हैं कि कुंभ में सात समंदर पार से आने वाले भी कम नहीं रहे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य

संकलित

दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

हृदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे

संकलित

प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

सटाका

आज की पाती

स्कूली शिक्षा में मोबाइल आने से छात्रों को नुकसान

ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार छात्रों के निजी मोबाइल पर आने वाला एक छोटा सा भी नोटिफिकेशन उनके ध्यान में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। एक अन्य प्रसिद्ध शोध श्रमिकों पर 2008 में हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष दिया कि एक बार ध्यान भटकने पर, अपने मूल कार्य पर पुनः ध्यान केंद्रित करने में औसतन 23 मिनट और 15 सेकंड का समय लगता है। ऐसी ही स्थिति एक छोटे से नोटिफिकेशन के आने से विद्यार्थियों की होती है जिनके पास स्मार्टफोन हैं। कई यूरोपीय देशों जैसे बेल्जियम, स्पेन और ब्रिटेन के स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक से छात्रों द्वारा सीखने के परिणामों में सुधार हुआ। भारत में मोबाइल और डिजिटल गैजेट्स के स्कूली शिक्षा में आने से बच्चों की स्मरण शक्ति क्षीण हो रही है जो शिक्षा प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है।

– प्रतीक शर्मा, दुर्ग

करंट अफेयर

चीन के सैन्य अभ्यास की ताइवान ने की निंदा

ताइवान ने उसके दक्षिण-पश्चिम तट पर सैन्य अभ्यास के लिए बृहस्पतिवार को चीन की निंदा की। चीन ने स्व-शासित द्वीप के दक्षिण-पश्चिमी तट पर गोलीबारी अभ्यास करने के लिए एक क्षेत्र निर्धारित किया है। चीन इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जिसे जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक लिया जा सकता है और हाल के वर्षों में उसने ताइवान के जल एवं हवाई क्षेत्र के आसपास सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'चीन क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए सबसे बड़ा संकट है तथा ताइवान जलडमरूमध्य और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए वह एकमात्र और सबसे बड़ा खतरा है।' ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटे की अवधि में उसने ताइवान के आसपास 45 विमानों, 14 नौसैनिक जहाजों और चीनी सेना के एक जहाज को देखा, जिनमें से 34 उसके जल और हवाई क्षेत्र में घुस आए थे। ताइवान ने इस बारे में विस्तार से कोई जानकारी दिए बिना कहा कि उसने इसका 'माकूल जवाब' दिया।

ऑफ बीट

क्वांटम नेवीगेशन यात्रा के तरीके को बदल सकता है

जीपीएस जैसी वैश्विक नेवीगेशन उपग्रह प्रणालियां आधुनिक समाज में गहराई से समाहित हैं। हम नेवीगेशन, ऑर्डर की आपूर्ति करने और फोटो लोकेशन टैग करने के लिए रोजाना इनका इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनका असर सुविधा से कहीं ज्यादा है। पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों से समय संकेत स्टॉक मार्केट कारोबार को प्रमाणित करते हैं और बिजली ग्रिड को संतुलित करने में मदद करते हैं। कृषि में, उपग्रह नेवीगेशन सुदूर संवेदी तकनीकों से ट्रैक्टरों के संचालन में मार्गदर्शन मिलता है और मवेशियों को इकट्ठा करने में मदद करता है। आपातकालीन सेवाएं त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नेवीगेशन उपग्रह प्रणालियों पर निर्भर करती हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने में लगने वाला समय कम हो जाता है। अपने लाभों के बावजूद, जीपीएस जैसी प्रणालियां काफी असुरक्षित हैं। उपग्रह सिग्नल जाम हो सकते हैं या उनमें हस्तक्षेप हो सकता है। अंतरिक्ष का वातावरण भी स्थिर नहीं है। सूर्य नियमित रूप से प्लाज्मा के विशाल पुंज निकालता है, जिससे सौर तूफान पैदा होते हैं। ये उत्सर्जन पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराते हैं, जिससे उपग्रहों और जीपीएस संकेतों में बाधा उत्पन्न होती है।

ट्रेंड

सशक्त नींव

महाकुंभ में जिस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की है वो सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत को सुदृढ़ और समृद्ध रखने के लिए कई सदियों की एक सशक्त नींव भी रख गया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आर्थिक विकास

सौ करोड़ भारतीय नागरिकों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है। हमारी जीडीपी का 60 प्रतिशत उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत में केवल शीर्ष 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं जो आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

बड़ी चीजें छोटे पैकेज में

कभी-कभी, बड़ी चीजें छोटे पैकेज में हो सकती हैं। असम में मुझे ये अहसास बहुत शिद्दत से हुआ। इसमें तेल के क्षेत्र में दुनिया का सातवां मेगा बेसिन बनाने की संभावना है। यह कई छोटे कुओं के अमेरिकी मॉडल का अनुसरण कर सकता है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

मोटापे का कारण

भारत किशोर मधुमेह की विश्व राजधानी बन गया है। शहरी जीवनशैली में बदलाव का मतलब प्रसंस्कृत भोजन और कोला की ओर बदलाव है जो मोटापे का कारण बनता है। हालांकि, कोला के विज्ञापन करने वाले स्टार्स को पैसों की जरूरत नहीं है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

महाकुंभ में आने वाले विदेशियों ने की सराहना
विदेशी मीडिया ने बताया दुनिया का सबसे बड़ा पर्व

आध्यात्मिक शांति, आस्था और परंपरा के 'महाकुंभ' का सात समंदर पार हो रहा गुणगान

न्यूयॉर्क टाइम्स (14 जनवरी 2025)

ये अमेरिका का प्रमुख अखबार है. इसमें कहा गया कि महाकुंभ मेला नाम का धार्मिक उत्सव हर 12 साल में प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी के तट पर आयोजित किया जाता है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल 40 साल से अधिक लोग मेले में शामिल होंगे। 40 करोड़ अमेरिका की कुल आबादी से कहीं अधिक है। हिंदू राष्ट्रवाद के उदय के साथ महाकुंभ मेला प्रमुख राजनीतिक आयोजन बन गया है। पीएम मोदी की दक्षिणपंथी पार्टी का इसे समर्थन मिला है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

धर्म,संस्कृति और परंपराओं से भारत की पावन भूमि बेहद समृद्ध है। इसे जानने और समझने के लिए सात समंदर पार से भी लोग खिंचे चले आते हैं। हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ मेले में सैकड़ों विदेशी महमानों ने संगम में डुबकी लगाई। अब स्थिति ये है कि मेले की व्यवस्था, परंपरा और आध्यात्मिक शांति को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा होना शुरु हो गए है। इस शोध और वर्कशॉप जैसे आयोजन भी शुरु हुए हैं। न्यूयार्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने एक विशेष चर्चा का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था, 'इनसाइट्स फ्रॉम द वर्ल्ड्स लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग- महाकुंभ।' आयोजन में प्रोफेसर तरुण खन्ना, प्रोफेसर डायना ईक और सहायक प्रोफेसर टियोना जुजुल शामिल थीं।

न्यूयॉर्क में जानकारों ने महाकुंभ को सराहा

दयालुता हमारा सबसे बड़ा सबकः एना

मैक्सिको और अमेरिका से आए एक समूह ने भी त्रिवेणी संगम में स्नान किया। समूह की एक सदस्य एना ने कहा कि मैं अपने समुदाय के एक समूह के साथ यहां आई हूं। हमारे ग्रुप में मैक्सिको, कोलंबिया और इटली के लोग शामिल हैं। इतनी भक्ति को देखकर 'वाह' जैसा अहसास हो रहा है। हमने यहां लोगों की दयालुता देखी। हर कोई बहुत स्वागत करने वाला है।

अपने देश में दिखा रहे वीडियो : डेनियल

ब्राजील से आईं डेनियल ने उत्साह से कहा कि यह एक अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव है। हम बहुत दूर से आए हैं और इसे अपने लोगों और देश को दिखाने के लिए उत्साहित हैं। पूरा कुंभ मेला कमाल का है। लोग बहुत दोस्ताना और स्वागत करने वाले हैं।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल (23 फरवरी 2025)

अमेरिकी अखबार ने कहा कि महाकुंभ मेले में अमेरिका की पूरी आबादी से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे। पिछले छह सप्ताह में आधा अरब से अधिक लोग आए। श्रद्धालुओं का मानना है कि महाकुंभ में डुबकी लगाने से पाप मिट जाते हैं। लोगों को मोक्ष मिल जाता है। अमेरिकी अखबार ने कहा कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार, देवताओं और राक्षसों के बीच अमृत के लिए लड़ाई हुई तो इस दौरान अमृत की चार बूंदे धरती के चार अलग-अलग जगहों पर गिरी।

फ्रांस 24 (26 फरवरी 2025)

भगदड़ की दो घटनाओं के बाद भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का पीएम मोदी की हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी ने एक जीत के तौर पर स्वागत किया। हिंदू संरक्षक के तौर पर गढ़ी गई पीएम मोदी की छवि को इससे और बल मिला है। पीएम मोदी और उनके सहयोगी योगी आदित्यनाथ का कहना है कि हजारों वर्ष पुराना ये मेला अब तक का सबसे भव्य मेला है।

सीएनएन (25 फरवरी)

अमेरिका के सबसे बड़े टीवी चैनल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुधवार को दुनिया के सबसे बड़े समागम के समापन पर करोड़ों लोगों ने पवित्र नदी में स्नान किया। पिछले 45 दिन में करीब 67 करोड़ लोग कुंभ के उत्सव में शामिल हुए। रंगों और आस्था के त्योहार का ये नजारा बहुत खास है। महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक लोग गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में स्नान करने आए।

डॉन न्यूज (13 जनवरी 2025)

कुंभ मेला उत्सव शुरू होने के साथ विशाल जनसमूह ने सोमवार को पवित्र जल में स्नान किया। आयोजनों को अनुमान है कि कार्यक्रम में 400 मिलियन लोगों के आने की उम्मीद है। ये मानवता का सबसे बड़ा आयोजन है। हजारों साल पुराना महाकुंभ धार्मिक श्रद्धा और अनुष्ठानिक स्नान का प्रदर्शन है। हालांकि, इसमें बहुत बड़ी चुनौती है।

द डेली गजट (26 फरवरी 2025)

अमेरिका अखबार ने कहा कि पीएम मोदी और उनके सहयोगी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ दोनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। पीएम मोदी ने उस स्थान पर स्नान किया, जहां गंगा और यमुना का जल आकर मिलता है। बुधवार को शिवरात्रि के त्योहार के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

नेशनल जियोग्राफिक (19 फरवरी 2025)

भारत में गंगा नदी चमकीले रंग से सराबोर क्योंकि लाखों हिंदू तीर्थयात्री इसमें डुबकी लगा रहे हैं और भक्ति की निशानी के रूप में गेंदे के पुष्प अर्पित कर रहे हैं। शाम के वक्त महाकुंभ में मंत्रमुग्ध करने वाला संगीत बजता है। दिन में वहां मंत्रोच्चार होता है। महाकुंभ में इस वर्ष 40 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है।

हफ पोस्ट (चार फरवरी 2025)

ये एक अमेरिकी वेबसाइट है। कुंभ मेला भारत के चार पवित्र शहर प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में आयोजित होने वाला तीर्थ मेला है। हर स्थान का आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व है। महाकुंभ चार जगहों पर हर 12 साल में मनाया जाता है।

खबर संक्षेप

हैकमैन और पत्नी की संदिग्ध मौत, घर में मृत मिले

मैक्सिको। हॉलीवुड जगत से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी, न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। 95 वर्षीय एक्टर जीन हैकमैन और उनकी पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है।

सतारा की नीलम यूएस में हादसे की शिकार, गंभीर

कैलिफोर्निया। महाराष्ट्र के सतारा जिले की रहने वाली 35 वर्षीय नीलम शिंदे 14 फरवरी को अमेरिका में एक सड़क हादसे का शिकार हो गई। कैलिफोर्निया में एक कार ने नीलम को टक्कर मार दी, जिसके बाद वह कोमा में चली गई। फिलहाल वह आईसीयू में भर्ती है। इस हादसे के आरोपी वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पाकिस्तान को भारत से सीखने चाहिए लोकतांत्रिक मूल्य

भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा, कहा- फेल देश, दुनिया के दान पर टिका, उपदेश न दे

एजेंसी ▶▶ जिनेवा

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक फेल देश है। वह अंतरराष्ट्रीय दान पर टिका है। भारत ने कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान लगातार झूठ फैला रहा है। यह फेल देश ओआईसी का समय भी बर्बाद कर रहा है। मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाले पाकिस्तान को उपदेश देने की जरूरत नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के क्षितिज त्यागी ने कहा, यह देखना दुखद है कि पाकिस्तान के नेता और प्रतिनिधि अपने सैन्य आतंकवादी समूह के झूठ को लगातार फैलाने में जुटे हैं। पाकिस्तान ओआईसी को अपने मुखपत्र के रूप में इस्तेमाल करके उसका मजाक उड़ा रहा है। त्यागी ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ओआईसी का समय एक फेल देश बर्बाद कर रहा है। यह देश अंतरराष्ट्रीय सहायता पर जीवित है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की बयानबाजी पाखंड, अमानवीयता और अक्षमता से भरी हुई है। भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। इन मूल्यों से पाकिस्तान को सीखना चाहिए।

यूएन में भारत ने पाकिस्तान के झूठ को किया बेनकाब

कहा- पाकिस्तान की शासन व्यवस्था अक्षमता से भरी

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत के अंग रहेंगे

क्षितिज त्यागी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग बने रहेंगे। पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति अपने आप में बहुत कुछ कहती है। ये सफलताएं दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित इस क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर लोगों के भरोसे का प्रमाण हैं।

भारत को सराहा

पाकिस्तान की हो रही निंदा

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने जवाबी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यह बयान पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए निराधार झूठ का जवाब है। साथ ही भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने भी 19 फरवरी को कहा था कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए गलत सूचना अभियानों की कड़ी निंदा की।

उत्तर देने के अधिकार का इस्तेमाल

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने उत्तर देने के अधिकार का इस्तेमाल किया और कहा कि यह टिप्पणी पाकिस्तान के झूठ फैलाने का जवाब है। इससे पहले 19 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा था कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा।

हमें न सताएं पाकिस्तान

पाकिस्तान में मानवाधिकारों का हनन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित उल्लंघन राज्य की नीतियों का हिस्सा है। पाकिस्तान जो बेशर्मी से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसे किसी को उपदेश नहीं देना चाहिए। भारत ने यूएन में कहा कि पाकिस्तान को भारत के खिलाफ अपनी सनक से उबरना चाहिए।

प्रोजेक्ट के बहाने 1 हजार करोड़ जुटाए

डब्ल्यूटीसी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े 12 ठिकानों पर छापे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया। जांच एजेंसी ने डब्ल्यूटीसी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हुई है। बताया जा रहा है कि निवेशकों से धोखाधड़ी के मामले में ये एक्शन लिया गया है। बताया जा रहा है कि ईडी डब्ल्यूटीसी बिल्डर के दफ्तरों, इसके प्रमोटर आशीष भल्ला और भूटानी ग्रुप के 12 ठिकानों पर सर्च कर रही है।

ये ठिकाने दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हैं। डब्ल्यूटीसी ग्रुप के फरीदाबाद, नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में कई प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। आरोप है कि ग्रुप ने निवेशकों से 1000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए हैं और पिछले 10-12 सालों में प्रोजेक्ट्स पूरे नहीं हुए।

एफआईआर पर हुआ एक्शन

इस मामले में डब्ल्यूटीसी बिल्डर, आशीष भल्ला, भूटानी ग्रुप के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस और ईओडब्ल्यू दिल्ली द्वारा कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसी मामले में अब ईडी ने ये एक्शन लिया है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी के गुरुग्राम कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दिल्ली, नोएडा (उत्तर प्रदेश) और फरीदाबाद व गुरुग्राम (हरियाणा) में करीब एक दर्जन परिसर पर छापेमारी की।

देश में काफी बड़ा नाम है भूटानी ग्रुप का

देश की बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल भूटानी ग्रुप प्रोजेक्ट्स है। कंपनी अब तक 9 मिलियन स्क्वायर फीट से ज्यादा निर्माण कर चुकी है और इसके 74 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं।

डीएनपीए को भेजे संदेश में बोले

परिवर्तन के दौर में महत्वपूर्ण रूप से उभरा डिजिटल मीडिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन को डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 आयोजन के लिए बधाई दी। डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 का अयोजन 27 फरवरी को नई दिल्ली में किया गया। डीएनपीए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के भारत के शीर्ष 18 प्रकाशकों की डिजिटल इकाइयों का संगठन है। सम्मेलन के लिए अपने संदेश में सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डीएनपीए में अपने सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं।

युवाओं ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह अपनाया

आपके प्रयास प्रशंसनीय हैं। यह एक शानदार सम्मेलन है। इसके माध्यम से आज के डिजिटल मीडिया परिदृश्य और आगे बढ़ती दुनिया में पारंपरिक से नए मीडिया में परिवर्तन पर बेहतरीन चर्चाएं होंगी। मैं निश्चित रूप से जानना चाहूंगा कि इन चर्चाओं से क्या सुझाव सामने आते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि आज मीडिया जगत एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पारंपरिक मीडिया के साथ-साथ डिजिटल मीडिया भी महत्वपूर्ण रूप से उभरा है। इसमें अखबार और टेलीविजन जैसे प्रमुख माध्यम शामिल हैं। कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। खासकर युवा पीढ़ी ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह से अपना लिया है।

मीडिया का स्वरूप नाटकीय रूप से बदला

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरा देश मीडिया को बड़ी जिम्मेदारी के साथ देखता है और उम्मीद है कि इस सम्मेलन से इसे बेहतर बनाने के बारे में बहुमूल्य सुझाव आएंगे। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मीडिया का स्वरूप नाटकीय रूप से बदला है। ऐसे में मीडिया क्षेत्र पहले से कहीं अधिक विकसित हो रहा है। इस बार डीएनपीए कॉन्क्लेव में 'एआई युग में मीडिया परिवर्तन' विषय के तहत समाचार प्रसार में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वास स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

अनीता ने कहा पीएम की रेस में मैं नहीं

टोरंटो। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद सभी की नजर कनाडा के अगले प्रधानमंत्री पर है। कनाडा की बागडोर अब कौन संभालेगा? इसका फैसला आगामी चुनाव में होगा। हालांकि चुनाव से पहले पीएम पद के लिए कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। वहीं भारतीय मूल की अनीता आनंद ने भी अपना मन बदल लिया है। दरअसल अनीता आनंद ने पहले जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने से साफ इनकार कर दिया था।

ट्रंप ने बताया पूरा प्लान

अमेरिका के नए नागरिकता कानून में भारत को मिलेगी विशेष छूट

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में नए नागरिकता कानून को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल मची हुई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रवासियों के लिए जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता समाप्त करने का निर्णय लिया है। हालांकि, भारतीय नागरिकों के लिए एक विशेष छूट प्रदान की गई है। ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रस्तावित 'गोल्ड कार्ड' योजना के तहत अमेरिकी कंपनियों को हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की सुविधा मिलेगी।

इन लोगों को होगा फायदा

ट्रंप ने कहा कि भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका में रहने और काम करने में बाधा बन रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत, चीन, जापान और अन्य देशों से आने वाले छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे हार्वर्ड या व्हार्टन स्कूल ऑफ फाइनेंस से शिक्षा प्राप्त करते हैं, लेकिन उनके पास अमेरिका में रहने की कोई निश्चित गारंटी नहीं होती।

हिमाचल के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी

अगले 48 घंटों तक रहेगी जारी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में और अधिक बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने कहा कि अगले 48 घंटों तक ऊपरी इलाकों में बर्फबारी जारी रहेगी, साथ ही राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश भी होगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी दर्ज की गई है और अन्य क्षेत्रों में बारिश देखी गई है।

भारत 25 वर्षों में 3 ट्रिलियन डॉलर से 13 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा

केंद्र सरकार को 10 साल और ऐसे ही प्रयास करने होंगे

भारत का ग्रोथ मॉडल अन्य देशों में बन सकता है विकास का टेंपलेट : सीईए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकतांत्रिक और संघीय शासन संरचना में रहते हुए भारत की विकास यात्रा अन्य देशों के लिए एक मॉडल है। यह बयान भारत के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए), डॉ. वी.अनंत नागेश्वरन ने दिया।

दक्षिण अफ्रीकन और भारतीय बिजनेस लीडर्स के सेमिनार में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है जो लोकतांत्रिक राजनीति और संघीय शासन संरचना के रहते हुए खुद को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहा है। इस कारण भारत का अनुभव दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों के लिए बहुत उपयोगी टेम्पलेट होंगे। नागेश्वरन ने विकसित भारत विजन के बारे में भी चर्चा की और कहा कि भारत अगले 25 वर्षों में 3 ट्रिलियन डॉलर से 13 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

देश अपने इस लक्ष्य के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिरेगुलेशन और शिक्षा में निवेश के जरिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारे पास अर्थव्यवस्था के लिए लक्ष्य होते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि ये परिणाम हमारे नियंत्रण से परे विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए हम जो प्रयास कर सकते हैं, केवल वही हमारे नियंत्रण में है। नागेश्वरन के मुताबिक, परिणाम वैश्विक कारकों के अधीन होंगे, लेकिन भारत सरकार ने पिछले दस वर्षों में जो करने की कोशिश कर रही है। उसे अगले दस वर्षों में भी करना जारी रखेगी। हम उन बिल्डिंग ब्लॉक्स को स्थापित कर रहे हैं जो हमें विकसित भारत तक ले जाएंगे।

हमें खुले विचारों वाला बनने की जरूरत

डॉ. नागेश्वरन ने नए वैश्विक परिवेश में देशों के बीच साझेदारी के लिए बदले हुए दृष्टिकोण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी भी समय देशों को एक-दूसरे पर इतना निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ी, जितनी अब है। हमें खुले विचारों वाला बनने की जरूरत है। साथ ही हम साझेदारी बनाने में विकल्प नहीं चुन सकते बल्कि अवसरवादी बन सकते हैं क्योंकि दुनिया अब मंथन के दौर में है। वहीं भारत के उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने कहा कि भारत वर्तमान में चीन और अमेरिका के बाद दक्षिण अफ्रीका का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, लेकिन दूसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि जर्मनी और भारत उस स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चीन का आकार बहुत बड़ा है, लेकिन निकट भविष्य में हम शायद निर्यात और आयात दोनों में नंबर दो बन सकते हैं।

'कायदे में रहो तो फायदे में रहोगे' सिकंदर का टीजर रिलीज...

मुंबई। सलमान खान की आगामी फिल्म 'सिकंदर' का दर्शक सांसे थामकर इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार को फैंस को एक तोहफा जरूर मिल गया है। 'सिकंदर' का टीजर जारी हो चुका है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'जो दिलों पर करता है राज, वो आज कहलता है सिकंदर'। टीजर की शुरुआत में सलमान खान की आवाज आती है, 'दादी ने नाम सिकंदर रखा था। दादा ने संजय और प्रजा ने राजा साहब'। इसके बाद दूसरी आवाज आती है, 'अपने आप को बहुत बड़ा सिकंदर समझता है। इंसाफ दिलाएगा तू'? सलमान कहते हैं, ' इंसाफ नहीं, हिसाब करने आया हूं। कायदे में रहो, फायदे में रहोगे'।

लाइफ Style

भूमि

अपने आपको किसी सांचे में नहीं रखना चाहती

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म 'दम लगा के हईशा' को रिलीज हुए 10 साल हो गए। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को भी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल हो गए। वह अपने इस सफर को लेकर कृतज्ञता से भरी हैं। हाल ही में उन्होंने कहा 'मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं अभी भी वह कर पा रही हूं, जिससे मैं बहुत प्यार करती हूं।'

भूमि पेडनेकर ने कहा कि 'मुझे अभी भी याद है जब दम लगा के हईशा का प्रीमियर आया था। मुझे नहीं पता था कि क्या होगा, लेकिन बहुत खुश थी। क्योंकि, मेरे ऊपर दबाव नहीं था कि फिल्म हिट होगी या फिर फ्लॉप। मेरी पहली फिल्म रिलीज हो रही थी और शायद ये मेरी सबसे बड़ी कामयाबी थी। जब मुझे कभी शक होता है, तो मैं उसी ऊर्जा का इस्तेमाल करती हूं।' भूमि का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उन्होंने अपना कॅरियर अपरंपरागत रोल से शुरू किया। उनके मुताबिक तब से वह ऐसे विकल्प चुनती आ रही हैं, क्योंकि वह खुद को सीमित नहीं रखना चाहतीं। उन्होंने कहा 'मैं अपने आपको किसी भी सांचे में नहीं रखना चाहती, न मैं वैसा करना चाहती हूं, जो मेरे किसी साथी ने किया है। मैं वह काम करना चाहती हूं जिससे मैं जुड़ती हूं। कुछ मेरे लिए आसान होते हैं, तो कुछ मुश्किल, लेकिन ये सभी मेरी पसंद हैं और मैं इस पर फख्र महसूस करती हूं।' भूमि पेडनेकर ने 'दम लगा के हईशा' फिल्म से अपने कॅरिअर की शुरुआत की। इसके बाद वह 'टॉयलेट; एक प्रेम कथा' में नजर आईं। उनकी दूसरी बेहतरीन फिल्मों में 'सांड की आंख', 'बाला', 'बधाई दो' और रक्षा बंधन है।

हॉलीवुड मसाला

'गॉसिप गर्ल' में निभाई भूमिका

लॉस एंजिल्स। मिशेल ट्रैवेनबर्ग एक अमेरिकी अभिनेत्री थी, जिनके निधन की खबर मिलते ही अमेरिकन सिने इंडस्ट्री में हलचल मच गई। 'गॉसिप गर्ल' जैसे तमाम सीरीज से चर्चित इस एक्ट्रेस का 39 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एक्ट्रेस मिशेल ट्रैवेनबर्ग का जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था। इन्होंने 1991 में न्यूयॉर्क में ही उन्हें 'लॉ एंड ऑर्डर' सीरीज के एक एपिसोड से अभिनय कॅरियर की शुरुआत थी। फिर मिशेल ने 1996 में 'हैरियर द स्पाई' फिल्म में पहली बार मुख्य भूमिका में नजर आई थी।

एंड्रयू और ट्रिस्टन के ऊपर से हटा बैन...

लॉस एंजिल्स। इंफ्लुएंसर भाई एंड्रयू टेट और ट्रिस्टन टेट ने रोमानिया छोड़कर अमेरिका का रुख किया है। अधिकारियों के मुताबिक उनके ऊपर से यात्रा प्रतिबंध हटा लिया गया है। इन भाइयों पर मानव तस्करी और महिलाओं का यौन शोषण करने के लिए आपराधिक गिरोह बनाने का इल्जाम है। भाइयों का जाना तब हुआ जब रोमानिया के विदेश मंत्री एमिल हुरेजेनु ने इस महीने कहा कि मौजूदा ट्रम्प प्रशासन के तहत एक अमेरिकी अधिकारी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में रोमानिया में भाइयों के कानूनी मामले में रुचि जाहिर की थी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह दबाव के जैसा नहीं था। एंड्रयू टेट पर पीड़ितों में से एक के साथ दुष्कर्म करने का भी इल्जाम लगा था, जबकि उनके भाई ट्रिस्टन पर दूसरों को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगा था।

भारत में स्विमिंग से डरती हूं...

मुंबई। हाल ही में दिग्गज अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने जीवन से जुड़ी कुछ घटनाओं को साझा किया है। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह एक ट्रेंड स्वीमर हैं, जिन्हें विदेशों में तैराकी के रोमांच का अनुभव करते अक्सर देखा जाता है। लेकिन, भारत में स्विमिंग ना करने को लेकर एक्ट्रेस ने एक खुलासा किया है। सोनाक्षी ने कहा कि बड़े होने पर उन्हें हमेशा स्विमसूट पहनने में असहज महसूस हुआ। इसीलिए वह कहती हैं कि हमने मुंबई या भारत देश में स्विमिंग नहीं की। पता नहीं कब कौन चुपके से तस्वीर लेकर शेयर कर देगा और इस तरह वह इंटरनेट पर जा छा जाएगी। उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें उनके वजन को लेकर अभिनय के लिए मना कर दिया था। वह कहती हैं कि इस बात का उन्हें बहुत बुरा लगा था, फिर घर जाते ही वह अपने मासी से लिपटकर रोने लगी थी।

सम्मान में बदल दिया गांव का नाम...

मुंबई। दिवंगत अभिनेता इरफान खान अपने सिनेमा के जरिए आज भी लोगों की यादों में हैं। फैंस को उनकी कमी खलती है। अभिनय के साथ-साथ वे अपनी नेकी के लिए भी मशहूर रहे। महाराष्ट्र के एक गांव ने अभिनेता को अनोखे अंदाज में श्रद्धांजलि दी है। इस गांव के लोगों ने इरफान के याद में अपने गांव का नामकरण ही कर लिया है। इरफान खान ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के इस गांव के लोगों की खूब मदद की। अभिनेता के इस योगदान के सम्मान का गांव वालों ने अनोखा तरीका चुना। दरअसल, इगतपुरी तहसील में ऐतिहासिक त्रिलंगवाड़ी किले के पास एक मोहल्ले को पहले पटरियाचा वाडा के नाम से जाना जाता था। इसका नाम बदलकर दिवंगत अभिनेता के सम्मान में 'हीरो ची वाडी' कर दिया गया है। इसका मतलब है 'हीरो का पड़ोस'।

टीवी मसाला

तेजस्वी प्रकाश बन गईं 'पू' उषा नाडकर्णी पर गिरेगी गाज!

नई दिल्ली। सोनी टीवी पर टेलिकास्ट होने वाला कुकिंग शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इसमें मिलने वाले चैलेंज के अलावा कंटेस्टेंट्स की आपस में लड़ाई, फराह खान के बयान और दीपिका कक्कड़ का शो छोड़ना... इन सबको लेकर खूब चर्चा हुई है। लेटेस्ट रिपोर्ट ये है कि आयशा जुल्का के बाद अब एक और एविक्शन होने वाला है। इसके अलावा तेजस्वी प्रकाश का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो 'कभी खुशी कभी गम' की पू यानी करीना कपूर की तरह स्टाइल और डायलॉग मारती दिख रही हैं। पहले आपको तेजस्वी प्रकाश का फनी वीडियो दिखाते हैं। इसमें वो वैनिटी वैन में हैं और मेकअप करवा रही हैं। तभी क्रू मेंबर उन्हें आने के लिए कहता है तो वो पू के स्टाइल में बोलती हैं, 'ये कौन है सुबह-सुबह जो पू को डिस्टर्ब कर रहा है, जल्दी कहो मेरे पास टाइम नहीं है।' इसके बाद तेजस्वी उसी अंदाज में और भी कई डायलॉग्स बोलती हैं। उन्होंने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'प्लीज डोंट डिस्टर्ब ओके।' इस शो से जो बड़ी खबर सामने आ रही है, वो ये है कि आयशा जुल्का के बाद एक और एविक्शन होने वाला है। बताया जा रहा है कि दिग्गज एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी को बाहर कर दिया गया है।

'एक बदनाम आश्रम सीजन 3' का दूसरा पार्ट रिलीज

नई दिल्ली। जिस घड़ी का फैंस को इंतजार था, आखिर वो आ ही गई। बॉबी देओल की फेमस वेब सीरीज 'आश्रम' के तीसरे सीजन का पार्ट 2 रिलीज हो गया है। 27 फरवरी को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 5 एपिसोड स्ट्रीम कर दिए गए हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया पर भी प्रकाश झा के वेब शो की चर्चा होने लगी है। एक फैन ने ट्वीट किया, 'बाबा निराला की सदा ही जय हो। आश्रम 3 पार्ट 2 सुपर्ब है। एक भी सिंगल डल मोमेंट नहीं है। बॉबी देओल ने लाइमलाइट चुरा ली है। उम्मीद है कि चौथा सीजन भी होगा।' 'आश्रम' वेब सीरीज का पहला और दूसरा सीजन दोनों ही साल 2020 में रिलीज किए गए थे। इसके बाद दूसरा सीजन साल 2022 में आया। तबसे ही फैंस अगले पार्ट के लिए बेकरार थे। कहा जा रहा है कि इस सीजन में वो हुआ है, जो पिछले तीन सीजन में नहीं हुआ।

अनिल कपूर निर्मित माहिर की डॉक्यूमेंट्री 'बज़' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। सुपरस्टार अनिल कपूर द्वारा निर्मित, 'बज' मुंबई की गलियों से उभरे प्रसिद्ध टैटू कलाकार एरिक डिसूज़ा की असाधारण यात्रा को दर्शाती है युवा फ़िल्म निर्माता माहिर खान की डॉक्यूमेंट्री 'बज' का बेहद मार्मिक ट्रेलर रिलीज़ हो गया है और इसमें भारत के सबसे मशहूर टैटू कलाकारों में से एक एरिक डिसूज़ा की यात्रा की झलक दिखाई गई है। अनिल कपूर फ़िल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क द्वारा निर्मित इस डॉक्यूमेंट्री में एरिक द्वारा मुंबई की गलियों से उभर कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाने तक के असाधारण सफ़र को दिखाया गया है। 'बज' 28 फ़रवरी को जियो हाटस्टार पर रिलीज़ होगी। इस डॉक्यूमेंट्री को माहिर ने एक बेहद गहरे और व्यक्तिगत नजरिए से फ़िल्माया है, जो कला, व्यक्तिगत पहचान और अदम्यता के बीच पनपते जीवन का वर्णन करता है।

'एरिक की कला सतही नहीं है। इसमें अर्थ की कई परतें हैं और हर बार जब वह अपने शिल्प का अभ्यास करते हैं , तो वह वो कुछ ऐसा कहते हैं जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सार्वभौमिक भी होता है।' माहिर कहते हैं, जिन्हें कहानी कहने का जुनून अपने पिता और थिएटर लेखक फ़िरोज अब्बास खान से विरासत में मिला है। एरिक कहते हैं, 'मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं माहिर और उनके दल लिए उनकी डॉक्यूमेंट्री का विषय मात्र हूं। वे ऐसे सह-यात्री थे, जिनके दिल में मेरी कहानी के प्रति गहरा सम्मान था। उन्होंने बहुत संवेदनशीलता दिखाते हुए मेरी निजी चुनौतियों और सफलता को पाने तक कि मेरी यात्रा को समझा और फिल्म में उतारा। यह डॉक्यूमेंट्री सिर्फ़ मेरी यात्रा के बारे में नहीं है, बल्कि यह कला की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में भी है। ये बताती है की कैसे कला हमें नया जीवन दे सकती है और हमें दर्द, आघात और सामाजिक बाधाओं से परे जाने में भी मदद कर सकती है।

वो बॉलीवुड एक्ट्रेस, जो थीं राज कपूर की बहन और पहली कलर फिल्म की हीरोइन, मगर नहीं बनीं कभी मां

नई दिल्ली। बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस, जिसने कभी एक्ट्रेस बनने का ख्वाब नहीं देखा। लेकिन, किस्मत ऐसी पलटी की सीधे राज कपूर ने फिल्म में ले लिया और हीरोइन बना दिया। कई दशक इंडस्ट्री में राज किया और पहली टेक्नीकलर फिल्म की हीरोइन बन गईं। बरसात, आन उड़न खटोला, बसंत बहार मेरे महबूब और लव एंड गॉड जैसी फिल्मों से 1949 से 1965 तक इंडस्ट्री पर राज करने वाली एक्ट्रेस निम्मी, हमारे बीच नहीं हैं। 2020 में उनका मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 साल की थीं।

असली नाम था नवाब बानो

निम्मी का असली नाम नवाब बानो था। इस नाम को रखने के पीछे भी एक दिलचस्प किस्सा है। खुद एक्ट्रेस ने बताया था कि उनके नाना जमींदार थे, वह ब्रिटिश सरकार से नवाब का खिताब चाहते थे, लेकिन नहीं मिला। सरकार हर बार टाल देती थी। जब निम्मी पैदा हुईं तो नानी ने नाना से कहा कि बधाई हो! बच्चा हुआ है। तो नाना ने कहा फौरन उसका नाम नवाब रख दो। नानी ने कहा कि लड़का नहीं, लड़की हुई है तो भी नाना ने कहा कि जो भी हो, लड़का हो या लड़की। उसका नवाब नाम रखो। ऐसे एक्ट्रेस का नाम नवाब बानो रखा गया।

राज कपूर को बांधती थीं राखी

'फिल्मफेयर' को निम्मी ने बताया था, 'शुरू में, मैं राजजी से डरती थी। मुझे सहज महसूस कराने के लिए, एक दिन उन्होंने एक कलावा लिया और कहा, क्या तुम राखी का मतलब समझती हो? इस धागे को मेरे हाथ पर बांध दो। तब से मैं हर साल राजजी को राखी बांधती हूं।'

बहन के बेटे को पाला

निम्मी ने एस अली रजा से शादी की थी। इनके कोई बच्चे नहीं थे। इनके पति लेखक थे, जिनका 2007 में निधन हो गया था। हालांकि, इन्होंने अपनी बहन के बेटे को पाला था। वह उनकी मां थीं। 'मेरी छोटी बहन कम उम्र में ही गुजर गई। उसकी आखिरी इच्छा थी कि मैं उसके बेटे का पालन-पोषण करूं। इसलिए मैं परवेज को पाकिस्तान से यहां ले आई।'

माता-पिता और उनका काम

निम्मी का जन्म 18 फरवरी, 1933 को आगरा के पास हुआ था। उनकी माता का नाम वहीदन बानो था, जो खुद एक फेमस सिंगर थीं। इनके पिता का नाम अब्दुल हकीम था, जो बहुत बड़े कॉन्ट्रैक्टर थे। ब्रिटिश आर्मी का कॉन्ट्रेक्ट लेते थे। लेकिन मैनेजर ने कुछ गड़बड़ कर दी, जिससे कॉन्ट्रेक्ट उनके हाथ से चला गया। फिर ये कलकत्ता आए।

30 के दशक में खूब था जलवा, बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरू किया था कॅरियर

6 बच्चों के पिता से एक्ट्रेस को हुआ था प्यार, बिन ब्याही मां बनी तो अपनाने से इंकार

नई दिल्ली। यहां आपको एक ऐसी एक्ट्रेस की दुखभरी कहानी बताने जा रहे हैं, जिसने हिंदी सिनेमा को एक बड़ी सुपरस्टार दी। वह खुद भी बड़ी स्टार रही, लेकिन निजी जिंदगी में इतने जुल्म और ताने सहे कि जानकर कोई भी सिहर उठे। प्यार के हाथों मजबूर होकर इसने 6 बच्चों के बाप से शादी की थी, पर क्या पता था कि वही इसे अपनाने से इनकार कर देगा और सारे रिश्ते तोड़ लेगा। इस एक्ट्रेस की बेटी को भी पति ने नहीं अपनाया था और नाजायज करार दिया। और तो और इसके पति ने 78 साल की उम्र में तीसरी शादी कर ली थी। इस एक्ट्रेस का 30 के दशक में खूब जलवा था। इसने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करियर शुरू किया था और पहली ही फिल्म में छोटी सीता का किरदार निभाया था। लेकिन, साल 1947 में आई फिल्म 'मिस मालिनी' से हर तरफ छा गई थीं। इस एक्ट्रेस की दो शादियां हुईं, और दोनों ही टूट गईं। दूसरे पति ने तो इस एक्ट्रेस को पत्नी का दर्जा देने से ही इनकार कर दिया था और जिंदगी भर पाई-पाई को मोहताज रखा।

रंगचारी से की पहली शादी, नहीं चला रिश्ता

इनका नाम था पुष्पावल्ली, जो 30 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रहीं और 60 के दशक तक फिल्मों में खूब काम किया। पुष्पावल्ली, एक्ट्रेस रेखा की मां थीं। उन्होंने पहली शादी साल 1940 में आई. वी. रंगचारी से की थी, पर यह रिश्ता नहीं चला और दोनों ने साल 1946 में अलग रहना शुरू कर दिया। रंगचारी से शादी के बाद पुष्पावल्ली दो बच्चों की मां बनी थीं, पर ससुरालवालों को उनका फिल्मों में काम करना पसंद नही था। इसी वजह से पुष्पावल्ली और रंगचारी के बीच मतभेद पैदा गए और दोनों अलग रहने लगे।

6 बच्चों के पिता जेमिनी गणेशन से किया प्यार

इसी दौरान पुष्पावल्ली की मुलाकात एक्टर जेमिनी गणेशन से हुई। दोनों ने एक फिल्म में साथ काम किया था, जिसमें उनकी जोड़ी खूब पसंद की गई। इसी के बाद जेमिनी और पुष्पावल्ली एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। पुष्पावल्ली पहले से शादीशुदा और दो बच्चों की मां थीं, वहीं जेमिनी भी दो शादियां कर चुके थे और 6 बच्चों के पिता थे।

बेटियों को नाम देने से इनकार

पुष्पावल्ली ने फिर जैमिनी से शादी करने को कहा, पर उन्होंने इनकार कर दिया। और तो और बेटी रेखा को भी अपना नाम देने से इनकार कर दिया। अखबारों में जेमिनी गणेशन और पुष्पावल्ली के रिश्ते की खबरें आने के बाद रेखा को उनकी नाजायज बेटी कहा जाने लगा। पर इससे भी जेमिनी गणेशन पर फर्क नहीं पड़ा और रेखा ताउम्र पिता के प्यार को तरसती रहीं। वह अपने बाकी बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने जाते, तो रेखा को नजरअंदाज कर देते थे।

पाई-पाई को हुईं मोहताज

पुष्पावल्ली ने बेटियों के लिए फिल्मों में काम करना जारी रखा। वह दोनों बच्चियों को सेट पर साथ ले जाती थीं। लेकिन, जल्द ही उनका फिल्मों में स्ट्रगल शुरू हो गया, और छोटे-मोटे रोल ही मिलते। स्थिति ऐसी आ गई कि पुष्पावल्ली पाई-पाई को मोहताज हो गईं। तब छोटी सी रेखा को मजबूरी में फिल्मों में आना पड़ा ताकि परिवार का गुजारा चल सके। खुद रेखा ने भी एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया था कि वह एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं, लेकिन मजबूरी उन्हें फिल्मों में ले आई।

बिन ब्याही दो बेटियों की बनीं मां

पुष्पावल्ली ने जेमिनी गणेशन से प्यार तो किया, पर कभी उनकी पत्नी नहीं बन पाईं। जेमिनी ने पहले पति से तलाक नहीं लिया था, क्योंकि उस दौर में इसे मान्यता नहीं मिली थी। पर पति से अलग रहते हुए भी वह जेमिनी के साथ रिलेशनशिप में रहीं और बेटी रेखा को जन्म दिया। जेमिनी पहले से शादीशुदा थे, पर उन्होंने पुष्पावल्ली के लिए पत्नी को छोड़ने से इनकार कर दिया और पुष्पावल्ली संग रिश्ता रखा। इसी दौरान पुष्पावल्ली ने एक और बेटी को जन्म दिया।

पुष्पावल्ली ने जैमिनी से तोड़ लिए सारे रिश्ते : पुष्पावल्ली भी जेमिनी गणेशन के इस रवैये से टूट गईं थीं। जेमिनी ने तो उन्हें पत्नी का दर्जा दिया और ना ही सुख। जैमिनी ने फिर गुपचुप तीसरी शादी कर ली, और उस वक्त उनकी उम्र 78 साल थी। इसके बाद तो पुष्पावल्ली बुरी तरह टूट गईं। उन्होंने जैमिनी के साथ अपने सारे रिश्ते-नाते तोड़ दिया। पेट पालने और दोनों बेटियों की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर आ गई।

खबर संक्षेप

कॉफी डे के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया फिर से होगी शुरू

नई दिल्ली। कैफे कॉफी डे श्रृंखला का स्वामित्व रखने वाली कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड (सीडीईएल) के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है, क्योंकि अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी उच्चतम न्यायालय की निर्धारित 21 फरवरी की समयसीमा के भीतर आदेश पारित नहीं कर सका।

रुपया दो पैसे टूटकर 87.21 प्रति डॉलर

मुंबई। घरेलू बाजारों में नरमी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 87.21 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुल्क की घोषणाओं ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ है।

सिविल लेखा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेगी निर्मला

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक मार्च को 49वें सिविल लेखा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पर 'भारत में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन का डिजिटलीकरणः परिवर्तनकारी दशक (2014-24)' शीर्षक से एक सार-संग्रह भी जारी किया जाएगा।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 1000 करोड़ की संपत्तियां बेची

नई दिल्ली। रियल एस्टेट डेवलपर गोदरेज प्रॉपर्टीज ने मजबूत मांग के बीच पुणे में अपनी नई परियोजना में 1,000 करोड़ रुपये मूल्य की आवासीय संपत्तियां बेची हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने पुणे के हिंजेवाडी स्थित अपनी परियोजना 'गोदरेज एवरग्रीन स्क्वायर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियां बेची हैं।

एसएमएफजी पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

मुंबई। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही

(150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)। भारत में तकरीबन 65-70 फीसदी ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि एवं कृषि से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर करती है। ऐसे में पशु और मवेशी ग्रामीणों के लिए आजीविका और उनके आर्थिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के 7वें संस्करण का आयोजन किया, जिसका विषय था 'मेरा पशु मेरा परिवार'। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में पशुओं के महत्व पर रोशनी डाली।

सालाना पशु विकास दिस के आयोजन में 6000 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जो ग्रामीण कल्याण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने अपना विस्तार किया

जबलपुर। भारत की सबसे बड़ी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस), भारत भर में 100 स्थानों पर अपनी एचएचसी पहल का विस्तार करके देश की सबसे बड़ी होम हेल्थ केयर (एचएचसी) प्रदाता बन गई है। जुलाई 2023 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम अब स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के 85% से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है, जो बिना किसी जेब खर्च के 3 घंटे के भीतर कैशलेस डोरस्टेप मेडिकल केयर प्रदान करता है। भारत में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच, उपलब्धता और सामर्थ्य में सुधार करता है।स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॉय ने कहा, "स्टार हेल्थ में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य बीमा वित्तीय कवरेज प्रदान करने से कहीं आगे जाता है। यह हर व्यक्ति के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा का एक पुल है।

उद्योग जगत से कहा, वे साहसी बने और प्रतिस्पर्धा करे

उद्योग जगत सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें : गोयल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से कहा कि वे साहसी बनें और समर्थन के लिए सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें।

आईएमसी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने पूछा कि उद्योग कब तक सब्सिडी, उच्च आयात शुल्क और अन्य समान संरक्षणवादी उपायों की ''बैसाखियों'' पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा, '' हम कब तक सरकार की ओर (समर्थन के लिए) देखते रहेंगे? या, कब तक हम सब्सिडी और समर्थन, प्रोत्साहन, उच्च आयात शुल्क, संरक्षणवादी मानसिकता और विश्व के साथ अपने संबंधों में अत्यधिक रक्षात्मक होने की बैसाखी पर जीत हासिल करते रहेंगे?''

संरक्षणवादी मानसिकता कमजोर कर रही

गोयल ने कहा, '' हमें एक राष्ट्र के रूप में इस संरक्षणवादी मानसिकता और कमजोर सोच से बाहर निकलने का फैसला करना होगा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या माइकल पोर्टर का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पर किया मौलिक कार्य केवल तब तक प्रासंगिक है जब तक उद्योग के नेता व्यापार स्कूलों में हैं।

ट्रंप के व्यापार मोर्चे पर विचार-विमर्श जारी

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार मोर्चे पर नीतिगत कदमों के बाद, दुनिया भर के देशों में गहन विचार-विमर्श शुरू हो गया है। वहीं देश ने पिछले कुछ दिन में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते सहित अन्य मुद्दों पर बातचीत फिर से शुरू हुई है।

भारत विश्व व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने तैयार

मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 'मेक इन इंडिया' जैसी अनेक पहलों ने सामूहिक रूप से देश की मानसिकता का निर्माण किया है। देश अब विश्व व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

- समर्थन के लिए सरकार पर निर्भर न रहे
- उद्योग कब तक सब्सिडी की बैसाखियों पर निर्भर रहेगा
- संरक्षणवादी मानसिकता और कमजोर सोच से बाहर निकलने

गुणवत्ता भारत के लिए लंबे समय से चुनौती

गोयल ने कहा कि गुणवत्ता, भारत के लिए लंबे समय से चुनौती रही है और औषधि जैसे क्षेत्रों में, आवश्यक वैश्विक मंजूरी प्राप्त बड़ी कंपनियों को सामूहिक लाभ के लिए गुणवत्ता के मामले में छोटी कंपनियों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने उद्योग से ऐसे आदेशों को चुनौती देने के बजाय गुणवत्ता मानकों को अपनाने के लिए कहा।

जब तक प्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे सफल नहीं होंगे

मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धात्मकता उद्योग की नवप्रवर्तन, विनिर्माण पद्धतियों, कौशल और दक्षताओं के उन्नयन की क्षमता से आएगी। उन्होंने कहा, '' जब तक हम प्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे, 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं सफल नहीं होंगी और हम विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे।''

देश वास्तव में आयात पर निर्भर है

गोयल ने कहा कि जब तक देश व्यापार के माध्यम से विश्व के साथ अपनी भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान नहीं देगा, तब तक वह विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में अपवाद होंगे जहां देश वास्तव में आयात पर निर्भर है, जैसे तेल, रक्षा और खाद्य।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रही
- अल्ट्राटेक सीमेंट पांच प्रतिशत टूटा

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में उतार-चढ़ाव आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। इस प्रकार, इसमें 313.31 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ निफ्टी में लगातार सातवें सत्र में गिरावट जारी रही। निफ्टी में शामिल शेयरों में 31 नुकसान में जबकि 19 लाभ में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, जोमैटो, टाटा स्टील और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सर्वाधिक 4.99 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के गुजरात में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 'केबल' और तार खंड में प्रवेश की घोषणा के बाद शेयर टूटा।

बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.09 फीसदी लुढ़का

इसके अलावा, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.09 प्रतिशत लुढ़का जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.97 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

- खुदरा कारोबार 10 फीसदी की दर से बढ़ रहा

संगठित खुदरा कारोबार 2030 तक 230 अरब डॉलर पहुंचेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में संगठित खुदरा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और बढ़ती खर्च योग्य आय तथा विकसित होती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के कारण 2030 तक इसके 230 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

डेलॉयट-आरएआई की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में संगठित खुदरा कारोबार 10 प्रतिशत की सालाना

दर से बढ़ रहा है। इसमें कहा गया, '' इसके 2030 तक 230 अरब डॉलर तक पहुंचने के आसार हैं।'रिपोर्ट कहती है, भारत के उपभोग को बढ़ाने वाले प्रमुख रुझानों और ताकतों में बढ़ती आय का स्तर, 'जेन जी' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग) उपभोक्ताओं का उभरता प्रभाव, ऋण तक आसान पहुंच और संगठित खुदरा व्यापार की ओर रुझान शामिल हैं। संगठित खुदरा क्षेत्र की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव हो रहा है।'' रिपोर्ट के अनुसार, निजी खपत 2013 में 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 2,100 अरब डॉलर हो गई, जो अमेरिका, चीन और जर्मनी की निजी खपत से अधिक है।

ईपीएफओ ने दिसंबर में 16.5 लाख नए सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दिसंबर में शुद्ध रूप से 16.05 लाख नए सदस्यों को जोड़ा है। यह नवंबर, 2024 के मुकाबले 9.69 प्रतिशत अधिक है। नियमित वेतन पर रखे जाने वाले कर्मचारियों के बारे में ईपीएफओ के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। शुद्ध रूप से ईपीएफओ से जुड़ने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि का मतलब है कि संगठित क्षेत्र में नौकरियां बढ़ी हैं। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि दिसंबर, 2023 के मुकाबले नियमित वेतन पर रखे गये (पेरोल) लोगों की संख्या 2.74 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ के दिसंबर, 2024 के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के अनुसार शुद्ध रूप से उससे 16.05 लाख सदस्य जुड़े है, जो इससे पिछले महीने के मुकाबले 9.69 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, ईपीएफओ ने 8.47 लाख नये अंशधारकों को जोड़ा।

यात्री वाहनों की बिक्री सात फीसदी बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली। भारत में यात्री वाहनों की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में चार से सात प्रतिशत की मध्यम दर से बढ़ने के आसार हैं। दोपहिया वाहन खंड की वृद्धि दर छह से नौ प्रतिशत रहेगी जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 11-14 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2023-24 में यात्री वाहन उद्योग की बिक्री 42 लाख इकाई के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में मोटर वाहन विनिर्माताओं के स्थिर उत्पादन के कारण थोक बिक्री स्थिर रही।

राशिफल

मेष मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

वृष व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

मिथुन लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

कर्क कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

सिंह रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

कन्या तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

तुला नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

वृश्चिक किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

धनु नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

मकर नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

मीन आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन ने जारी की रिपोर्ट

एआई में जरूरी प्रतिभा वाले पेशेवरों की कमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनरेटिव एआई भारतीय कंपनियों के लिए महज चर्चा का विषय न होकर तेजी से एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनिवार्यता हो गई है और अधिकांश कारोबारी दिग्गज कृत्रिम मेधा (एआई) को प्राथमिकता दे रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन की रिपोर्ट कहती है कि प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता के इस्तेमाल के लिए सटीक एआई और संबंधित कौशल वाले पेशेवरों को ढूंढना इन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

कंपनियां चयनात्मक भर्ती का तरीका अपना रही

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियां वर्ष 2025 में 'चयनात्मक भर्ती' का तरीका अपना रही हैं। चयनात्मक भर्ती संगठन की जरूरतों के लिहाज से उपयुक्त गुणों वाले सही लोगों की नियुक्ति और चयन की प्रक्रिया है।

80 फीसदी योग्यता पूर्ण करने वालों पर ही विचार

रिपोर्ट कहती है कि भारत में आधे से अधिक एचआर पेशेवर केवल उन उम्मीदवारों तक पहुंचने (55 प्रतिशत) और भर्ती (54 प्रतिशत) पर विचार करेंगे जो नौकरी के लिए निर्धारित योग्यता के 80 प्रतिशत या उससे अधिक मानदंडों को पूरा करते हैं।

आइकिया की भारत में नया निवेश करने की योजना

नई दिल्ली। स्वीडन की फर्नीचर खुदरा विक्रेता आइकिया भारत में निवेश के अगले दौर की तलाश में है और उसे विस्तार के बाद मुनाफे में आने का पूरा भरोसा है। कंपनी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुसेन पुल्वरर यह संभावना जताई है। पुल्वरर ने कहा कि कंपनी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दो पूर्ण आकार के स्टोर खोलने की योजना बना रही है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

आवश्यकता है
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8981475043, 7439736348

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शब्द पहेली - 5792



बाएँ से दाए-
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईंख-2
6. रजनीगंधा -2, 1,2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

ऊपर से नीचे
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

शब्द पहेली -5791 का हल

का		बु	आ		द		स	खत		मु
र	क्त		कु	क	र	मु	त्ता		जा	ला
तू		म	ल		मि		धी	र		य
स	क्रि	य	ता		या		श	ब	न	म
	या				न				या	
रा	शी	क	र	ण		भा	र	ही	न	ता
	ल				टी				वे	
री	ता	प	न		ना		न	ह	ला	ना
ई		स	जा		मु		का	म		का
ब	लि		क	हा	नी	का	र		छ	बि
सं		गी	त		म		ना	नी		ल

सूडोकु नवताल - 5802

मध्यम

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 5801 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

बच्चों, तुम कहानियां, कॉमिक्स या मैग्जींस तो पढ़ते ही होगे। अगर तुम्हें ऐसी किताबें पढ़ने के साथ-साथ साइंस में भी रुचि है तो विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन भी पढ़ो, तुम्हें खूब मजा आएगा। विज्ञान कथाएं तुम्हें रहस्य-रोमांच की एक अलग ही दुनिया में ले जाएंगी। आज साइंस-डे के मौके पर जानो, साइंस फिक्शन से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

रहस्य-रोमांच से भरपूर साइंस फिक्शन

स्पेशल स्टोरी / शिखर चंद जैन

बच्चों, विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन पढ़ने का अपना अलग ही रोमांच है। कहने को तो ये काल्पनिक कथाएं होती हैं, लेकिन इनमें सिर्फ ऐसी कल्पनाएं नहीं होतीं, जो बिल्कुल ही निराधार हों, इनका साकार होना संभव न हो। दुनिया में इंसान के लिए बहुत से ऐसे उपयोगी आविष्कार हुए हैं, जो विज्ञान कथाओं से प्रेरित हैं। सक्षम और अनुभवी विज्ञानकथा लेखकों ने तकनीक, फैंटेसी और भविष्य की कल्पना का ताना-बाना बुनकर ऐसी बहुत सी रोचक विज्ञान कथाएं लिखी हैं, जो पूरी दुनिया के बच्चों को ही नहीं, बड़ों को भी खूब पसंद आई हैं।

क्या हैं विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं अकसर भविष्य की कल्पना करके लिखी जाती हैं। जैसे आने वाले समय में मनुष्य कौन-सी नई तकनीक इस्तेमाल कर सकता है, यातायात, संचार, रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के लिए कैसे उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है? ये कहानियां वास्तविक दुनिया से बहुत अलग होती हैं। लेकिन इन्हें असंभव या सिर्फ एक कल्पना कहकर हवा में नहीं उड़ाया जा सकता। इन विज्ञान कथाओं में ग्रहों के तरह-तरह के जीवों, अंतरिक्ष में मनुष्य के सुगमता पूर्वक रहने की कल्पना की जाती है। अलग-अलग विज्ञान कथा लेखकों ने चिकित्सा की नवीनतम प्रणालियों, यातायात के अद्भुत साधन, नई संचार प्रणालियों की कल्पना बहुत पहले की है, जो आज साकार हैं।

कहां से आया 'साइंस फिक्शन' टर्म

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार सबसे पहले 'साइंस फिक्शन' या 'विज्ञान कथा' शब्द का प्रयोग 1851 में हुआ था। विलियम विल्सन ने इसे अपनी संकलित कविताओं की पुस्तक 'अ लिटिल अर्नेस्ट बुक अपॉन ए ग्रेट ओल्ड सब्जेक्ट' में इस्तेमाल किया था। आधुनिक समय में 'साइंस फिक्शन' शब्द को प्रचलित करने का श्रेय ह्यूगो जर्न्स बैक को जाता है। उन्होंने 1926 में विज्ञान कथाओं की पत्रिका 'अमेजिंग स्टोरीज' शुरू की थी। 1930-40 तक 'साइंस फिक्शन' शब्द बहुत लोकप्रिय हो चुका था।

तरह-तरह की विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन कई तरह के होते हैं। मोटे तौर पर लोग इन्हें दो शैलियों में विभाजित करते हैं- हार्ड और सॉफ्ट विज्ञान कथाएं। हार्ड साइंस फिक्शन विज्ञान सम्मत सच्चे तथ्यों और सिद्धांतों पर आधारित होती हैं। इनमें फिजिकल साइंस, एस्ट्रोलॉजी और केमिस्ट्री का प्रयोग रहता है। इनमें बताया जाता है कि आने वाले दिनों में मनुष्य कई उन्नत तकनीकें विकसित कर लेगा। कई हार्ड साइंस फिक्शन लेखक तो पेशेवर वैज्ञानिक रहे हैं। उनकी कई कल्पनाओं ने बखूबी मूर्त रूप लिया और नए आविष्कारों का आधार बनीं। सॉफ्ट साइंस फिक्शन मनोविज्ञान, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, न्यूरो साइंस और सोशियोलॉजी से आइडिया लेती हैं। ये कहानियां ज्यादातर भावनाओं और कैरेक्टर्स पर आधारित होती हैं। सामाजिक और सॉफ्ट विज्ञान कथाएं काफी हद तक काल्पनिक होती हैं। अलौकिक विज्ञान कथाओं में अद्भुत क्षमता संपन्न मनुष्यों की कल्पना और सुपरमैन जैसे पात्रों की कल्पना की जाती है। स्पेस ओपेरा में अंतरिक्ष पर दूसरे ग्रहों की दुनिया पर आधारित कहानी होती हैं। वहीं टाइम ट्रैवल में ऐसा कथानक बुना जाता है, जो किसी पात्र को अचानक बहुत समय बाद के कालखंड में मौजूद दिखाता है।

कई आविष्कारों की प्रेरणा हैं विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं कई उपयोगी आविष्कारों की प्रेरणा बन चुकी हैं, ऐसा खुद आविष्कारकों और वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। जूल्स बर्न का विज्ञान उपन्यास 'रॉबर द कंकरर', जिसका दूसरा नाम है 'क्लिपर ऑफ द क्लाउड्स' में उड़ान भरने वाली मशीन अल्बाट्रॉस का विवरण है। इससे प्रेरित होकर अमेरिकी विशेषज्ञ आई गौर सिकोर्सकी ने हेलीकॉप्टर डिजाइन किया। रॉकेट की प्रेरणा अमेरिकी वैज्ञानिक रॉबर्ट गोडर्ड को ब्रिटिश विज्ञान कथा लेखन एचजी वेल्स की पुस्तक 'द वॉर ऑफ वर्ल्ड' से मिली। ह्यूमनायड रोबोट की प्रेरणा जापान के रोबोट विज्ञानी टोमोटाका ताकहासी को 'एस्ट्रोबॉय' कॉमिक्स से मिली । WWW यानी वर्ल्ड वाइड वेब का आइडिया ऑथर सी क्लार्क की शॉर्ट स्टोरी 'डायल एफ फॉर फ्रैंकस्टीन' से मिला, ऐसा खुद इन वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। *

पहली विज्ञान कथा

दुनिया की पहली विज्ञान कथा 1616 में जर्मन लेखक जोहान वेलेंटीन एंड्रिए लिखित उपन्यास 'द केमिकल वेडिंग' को माना जाता है। इस उपन्यास की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जिसे एक पंख वाली महिला की रहस्यमयी शाही शादी में आमंत्रित किया जाता है। भारत में विज्ञान कथाओं की विधिवत शुरुआत 1896 से मानी जाती है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने 1896 में बांग्ला भाषा में 'आगोश' और 'पलातक तूफान' के नाम से विज्ञान कथाएं लिखी थीं। कुछ लोग 1905 में रुकेया शेखावत हुसैन द्वारा लिखित 'सुल्तान का सपना' को पहली विज्ञान कथा मानते हैं, जो 'द इंडियन लेडीज' मैगजीन में छपी थी। हालांकि 1882 में विज्ञान दर्पण में हेमलाल दत्त की कहानी 'रहस्य', 1884 में पंडित अंबिका दत्त व्यास द्वारा लिखित 'आश्चर्य वृतांत', 1892 में जगदानंद राय द्वारा लिखित 'शुक्र भ्रमण' शुरुआती विज्ञान कथाएं मानी जाती हैं। विज्ञान कथा या साइंस फिक्शन शब्द का प्रयोग भले ही बाद में शुरू हुआ हो लेकिन विज्ञान कथाएं बहुत पहले से किसी ने किसी रूप में लिखी-पढ़ी जाती रही हैं।

स्पेस के नजारे दिखाते प्लेनेटोरियम

बच्चों, अगर तुम्हें खगोल विज्ञान मतलब कि सूर्य, चंद्रमा और तारों से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी चाहिए तो तारामंडल में जाकर ले सकते हो। ये तारामंडल अपने देश में कहां-कहां हैं? यहां जाकर तुम कैसे खगोल विज्ञान से जुड़ी जानकारी रोचक, सरल ढंग से पा सकते हो, जानो।

जानकारी

प्लेनेटोरियम को हम हिंदी में ताराघर या तारामंडल भी कहते हैं। वास्तव में यह एक ऐसा भवन होता है, जहां लोगों को खगोल विज्ञान से जुड़ी ज्ञानवर्धक जानकारियां मनोरंजक ढंग से दी जाती हैं।

ऐसा बना होता है तारामंडल: आमतौर पर तारामंडल में गुंबद के आकार की छत होती है, इसके इर्द-गिर्द दर्शकों के बैठने के लिए स्टेडियम के तरह का हॉल होता है। इस विशेष हॉल में एक प्रोजेक्टर गुंबददार छत पर उभर रही छवियों पर रोशनी डालकर उन्हें चमकाता है। इन छवियों से संबंधित जरूरी जानकारियां वहां बैठे लोगों को कमेंट्री करके दी जाती है।

कोई निश्चित आकार नहीं होता: तारामंडल का कोई निश्चित आकार नहीं होता, लेकिन जिसे दुनिया का प्लेनेटोरियम नंबर वन कहा जाता है, वह तारामंडल रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्थित है। इसके गुंबद का आकार 37 मीटर है।

भारत में कितने हैं तारामंडल: भारत में 30 तारामंडल हैं। इनमें चार सबसे मशहूर हैं, जो क्रमशः मुंबई, नई दिल्ली, बैंग्लुरु और प्रयागराज में स्थित हैं। जहां तक देश के पहले एमपी बिड़ला ताराघर की बात है, यह सितंबर 1962 में कोलकाता में शुरू हुआ था।

देते हैं खगोलीय पिंडों की जानकारी: बच्चों, जब इन तारामंडलों में लोग अंधेरे में बैठकर गुंबद की ओर देखते हैं, तो ऐसा आभास होता है, जैसे हम किसी खुले स्थान में बैठे हुए आकाश की छटा देख रहे हों। यहां विभिन्न ग्रह-उपग्रह और तारे चलते हुए प्रतीत होते हैं। खगोलीय पिंडों के विषय में जानकारी प्रदान करने वाले ये बड़े ही उपयोगी तारामंडल हैं। इनके जरिए सूर्य, चंद्रमा और तारों की आकाश में होने वाली वार्षिक गतिविधियों को बहुत अच्छी तरह से चंद मिनटों में देखा और समझा जा सकता है।

ऐसे हैं आधुनिक तारामंडल: आधुनिक तारामंडलों (प्लेनेटोरियम) में स्लाइड दिखलाने वाले प्रोजेक्टर लगे रहते हैं। इनके द्वारा अंतरिक्ष यात्राओं और दूसरे ग्रहों पर उतरने के दृश्य भी दिखलाए जाते हैं।

बढ़ता जा रहा है महत्व: तारामंडलों का महत्व अंतरिक्ष संबंधी ज्ञान बढ़ने के साथ ही बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण, बादल, कुहरे आदि के कारण आकाश में किसी ग्रह या तारे का पता लगाना बहुत कठिन होता है, लेकिन इन्हें हम तारामंडल में सरलता से देख सकते हैं। उनकी स्थिति, विवरण और गति आदि की पूरी जानकारी भी हमें मिल जाती है। प्लेनेटोरियम की रचना बहुत ही जटिल होती है। इसमें बहुत से लेंस, प्रिज्म और दर्पण लगे होते हैं। अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को शहर में स्थित प्लेनेटोरियम में लगभग 25,000 छोटे-बड़े यंत्र हैं। इस प्रोजेक्टर का वजन लगभग 2.5 टन है। सबसे पहला प्लेनेटोरियम जीज ऑप्टिकल कंपनी, पूर्वी जर्मनी के वाल्टर ने 1923 में बनाया था। आज संसार के सभी देशों में बड़े-बड़े शहरों में प्लेनेटोरियम बने हुए हैं, जिनसे दर्शक अपने ज्ञान की वृद्धि करते हैं। *

प्रस्तुति : एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब

समीर गांगुली

मशीनों का सत्याग्रह

बच्चों, पहले कुछ बड़े बच्चों यानी किशोर पाठकों के लिए हिंदी में स्तरीय विज्ञान कथाएं पढ़ने को कम मिलती थीं, लेकिन अब लिखी जा रही हैं। इन्हीं विज्ञान कथाओं में आया है नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित एक रोचक विज्ञान फैंटेसी उपन्यास 'मशीनों का सत्याग्रह'। इसके लेखक हैं सूर्यनाथ सिंह, जिन्हें इससे पहले 'कौतुक एप' नामक साइंस फिक्शन यानी विज्ञान कल्प कथा पर साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार मिल चुका है। 'मशीनों का सत्याग्रह' में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटलीजेंस युक्त रोबोट्स द्वारा संचालित और नियंत्रित भविष्य की अतिविकसित दुनिया की रोमांचक कहानी है। सोचो जरा, अगर ये इंटेलीजेंट रोबोट्स एक दिन सामूहिक रूप से विद्रोह पर उतर आए तो दुनिया का क्या हाल होगा? उपन्यास की शुरुआत बाइसवीं सदी के पहले दिन नए वर्ष के उत्सव और उल्लास के माहौल से होती है। उस दौर के भविष्य की कल्पना बहुत ही रोचक अंदाज में करने के साथ ही उस समय के पर्यावरण की स्थिति को भी इसमें दिखाया गया है। सबसे अधिक रोमांच तो तब होता है, जब उत्सव के उस माहौल में अचानक खबर आती है कि रोबोट्स सत्याग्रह करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए तुम्हें यह उपन्यास पढ़ना होगा। बच्चों, लेखक ने इस बात का ध्यान रखा है कि तुम तकनीकी शब्दावली और टेक्नोलॉजी की जटिलता में न उलझ कर एक रोमांचक कहानी का मजा लो। बच्चों, इसे तुम नेशनल बुक ट्रस्ट के पोर्टल या ऑनलाइन या फिर नेशनल बुक ट्रस्ट के किसी स्टोर से खरीद सकते हो। *

किताब: मशीनों का सत्याग्रह, **लेखक:** सूर्यनाथ सिंह,
मूल्य:110 रुपए, **प्रकाशक:** नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली

विज्ञान कथा

जाकिर अली 'रजनीश'

करम के दिमाग में एक दिन आया कि क्यों न वह एक ऐसा रोबोट बनाए, जो उसका होमवर्क कर दिया करे। बाजार से सारे कल-पुर्जे मंगवा कर करम ने एक रोबोट बना भी लिया, लेकिन जब उसने रोबोट से होमवर्क के सवाल करने को कहा तो उसने कोई रेस्पॉन्स नहीं दिया। रोबोट ने करम का होमवर्क क्यों नहीं किया?

इससे तो अच्छा...

अखबार में रोबोट का विज्ञापन देखकर करम के दिमाग में एक विचार कौंधा, 'क्यों न एक ऐसा रोबोट बनाया जाए, जो मेरा होमवर्क कर दिया करे।'

यह सोचकर करम रोमांचित हो उठा। अपनी सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए उसने कंप्यूटर की मदद ली। उसने इस विषय की किताबें खोज-खोज कर पढ़ीं। कई किताबों को पढ़ने के बाद करम को विश्वास हो गया कि वह भी रोबोट बना सकता है। मन में यह विश्वास आते ही वह अम्मी के पास पहुंचा। वह उस समय बेड पर बैठीं टीवी देख रही थीं। करम उनसे बहुत प्यार से बोला, 'अम्मीजान, मैं एक रोबोट बनाना चाहता हूं।'

'अरे वाह, यह तो बहुत अच्छी बात है!' अम्मी ने रोमांचित होकर पूछा, 'लेकिन बेटा, क्या तुम रोबोट बना पाओगे?'

'हां अम्मी, बस कुछ रुपयों की जरूरत पड़ेगी।' करम ने पूरे विश्वास के साथ जवाब दिया। 'ठीक है, लेकिन इससे तुम्हारी पढ़ाई नहीं डिस्टर्ब होनी चाहिए।' अम्मी ने आगाह किया।

'जी अम्मी, आप मुझ पर यकीन करें। मैं अपनी स्टडी बिल्कुल भी डिस्टर्ब नहीं होने दूंगा।' करम ने वादा किया। अम्मी को मालूम था कि करम धुन का पक्का है। वह जो ठान लेता है, करके ही मानता है। इसलिए उन्होंने उसे जरूरत के मुताबिक रुपए दे दिए। करम ने अम्मी का शुक्रिया अदा किया और अपने काम में लग गया।

सबसे पहले करम ने गूगल से रोबोट के कल-पुर्जे बनाने वाली दुकान का पता खोजा, फिर अपनी जरूरत का सामान ऑर्डर कर दिया। रोबोट के कल-पुर्जे वाली दुकान करम के शहर में थी। शाम तक करम का सारा सामान घर पर आ गया। करम ने अपने स्टडी रूम को प्रयोगशाला में बदल दिया और रोबोट बनाने में जुट गया। इस काम में उसे काफी मेहनत करनी पड़ी। जहां कहीं पर वह अटकता, गूगल की मदद ले लेता। इस तरह उसकी समस्या हल हो जाती। वह फिर से अपने काम में जुट जाता।

अंततः करम की मेहनत रंग लाई। उसका रोबोट तैयार हो गया। अपनी इस सफलता पर करम फूला नहीं समाया। उसने रोबोट का नाम रखा-रेंचो ।

करम का रोबोट देखकर अम्मी-अब्बा गदगद हो उठे। उन्होंने दिल खोल कर करम की तारीफ की। करम ने अपने दोस्तों को घर बुला कर अपना रोबोट दिखाया। उसके सारे दोस्त भौंचक्के रह गए। सुमित बोला, 'क्या यह सचमुच में होमवर्क के सवाल हल कर पाएगा?'

'क्यों नहीं!' करम मुस्कुराया। उसने रोबोट को आदेश दिया, 'रेंचो, मुझे होमवर्क में जो सवाल हल करने को मिले हैं, उन्हें करके दो।'

रोबोट शांत खड़ा रहा। जैसे उसने करम की बात सुनी ही न हो। यह देखकर करम के दोस्त मुस्कुराने लगे। करम ने रोबोट को दुबारा आदेश दिया, 'रेंचो, तुमने सुना नहीं? मेरा होमवर्क करो।'

लेकिन रोबोट इस बार भी कुछ नहीं बोला। उसके पेट पर लगी स्क्रीन पर कोई संदेश उभर रहा था, लेकिन करम ने उस पर ध्यान नहीं दिया। उसने गुस्से में रोबोट के गाल पर एक झापड़ रसीद कर दिया।

रोबोट लोहे का बना हुआ था। इसलिए करम का हाथ झन्ना गया। वह हाथ पकड़कर बैठ गया और रोबोट को बुरा-भला कहने लगा। तभी करम के अब्बा वहां आ गए। वह बोले, 'यह क्या कर रहे हो बेटा? तुम अपना गुस्सा रोबोट पर क्यों उतार रहे हो?'

'अब्बा, यह मेरा कहना नहीं मानता।' करम गुस्से में बोला।

अब्बा बोले, 'इसमें इसकी क्या गलती?'

'गलती क्यों नहीं है अब्बा?' करम ने सवाल किया,'मैंने आखिर इसे होमवर्क करने के लिए ही तो बनाया है?'

'हां, पर तुमने सिर्फ एक लोहे का ढांचा बनाया है। अगर तुम चाहते हो कि यह सवाल भी हल करे, तो तुम्हें इसके मस्तिष्क में प्रोग्राम करके गणित के सूत्र भी डालने होंगे और यह एक मुश्किल काम है।' अब्बा ने करम को समझाया।

'यह तो मुश्किल काम है।' करम ने बुझे मन से पूछा, 'इसमें कितना समय लगेगा?'

'इसमें दो-तीन साल भी लग सकते हैं। इसके लिए तुम्हें प्रोग्रामिंग सीखनी होगी, सवालों के सूत्रों को कोड में बदलना होगा, फिर उन्हें रोबोट के मस्तिष्क में...।' अब्बा ने बताया।

करम अब्बा की बात बीच में ही काटते हुए बोला, 'इससे तो अच्छा है कि मैं अपने सवाल खुद ही हल कर लूं।'

तभी करम की आंख खुल गई। यह क्या? क्या वह सपना देख रहा था? हां, वह तो मेज पर सिर रख कर सो गया था। शायद अम्मी के पैरों की आहट सुनकर उसकी नींद टूटी थी।

उसी समय अम्मी वहां आ गईं, बोलीं, 'क्या सोच रहे हो बेटा?'

'ज... जी कुछ नहीं।' करम चौंकते हुए बोला और फिर सवाल सॉल्व करने में व्यस्त हो गया। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

मानव शरीर

भैया यह मानव शरीर है
चलती-फिरती मशीन।
भांति-भांति के लगे हैं पुर्जे
काम हैं जिनके बड़े महीन।
जैसे भवन बना करते
ढेरों ईंटों के मेल से।
वैसे बना शरीर हमारा
छोटे-छोटे सेल से।
पेट हमारी भट्ठी जिसमें
खाद्य पदार्थ जला करते।
अम्ल, क्षार और रस में घुलकर
हर कोशिका को मिला करते।
जैसे कि पंपिंग मशीन
हर घर में जल पहुंचाता है।
वैसे ही सारे अंगों में
हृदय रक्त दौड़ाता है।
शोधक यंत्र हमारे गुर्दे
नियमित काम किया करते।
अच्छी चीजें रख लेते और
गंदा फेंक दिया करते।
खोजी यंत्र हमारी आंखें
देतीं दिमाग को हर संदेश।
कंप्यूटर दिमाग निर्णय लेता
देता है अंगों को आदेश।

जीके क्विज-143

1. किस वैज्ञानिक खोज की स्मृति में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है?
2. किस भारतीय वैज्ञानिक ने सर्वप्रथम पता लगाया कि पेड़-पौधों में भी जीवन होता है?
3. भारत में परमाणु कार्यक्रम की शुरुआत का श्रेय किस वैज्ञानिक को जाता है?
4. किस भारतीय वैज्ञानिक को 'मिसाइल मैन' के नाम से जाना जाता है?
5. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. खगोलीय वेधशाला 'जंतर मंतर' का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
7. भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
8. हाल ही में यूके में मानद नाइटहुड की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया है?
9. किस भारतीय स्वाधीनता सेनानी को 'देशबंधु' के नाम से जाना जाता है?
10. 'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था?

बच्चों, जीके क्विज-143 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-142 का उत्तर : 1.विराट कोहली, 2.पंकज आडवाणी, 3.रेखा गुप्ता, 4.रोलेट एक्ट (1919), 5. 22 दिसंबर, 6.आर.के. नारायण, 7.विटामिन डी, 8.हाइड्रोजन, 9.नाइक्रोम, 10.आर्यभट्ट

जीके क्विज-142 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, ज्योति-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक, अनिता-महासमुंद, दिव्या-महेंद्रगढ़, कशिश-भोपाल, अमन-रायपुर

अंतर बताओ

बच्चों, यहां लैब में एक्सपेरिमेंट कर रहे साइंटिस्ट के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में 7 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।

उत्तर: 1.पीछे बाईं तरफ रखा बीकर गायब है। 2.अल्कोहल बर्नर नहीं जल रहा है। 3.एर्लेनमेयर फ्लास्क के ऊपर बबल्स निकल रहे हैं। 4.आगे बाईं तरफ रखा जार गायब है। 5.आगे, दाहिनी तरफ टेस्ट-ट्यूब रैक पर एक के बजाय दो टेस्ट-ट्यूब्स रखे हैं। 6.दाहिनी तरफ रखे जार का ढक्कन खुला हुआ है। 7.साइंटिस्ट के चश्मे का फ्रेम डिफरेंट कलर का है।

ढूंढो तो जरा...

बच्चों, दिए गए चित्र में नीचे सोलर सिस्टम और स्पेस रिसर्च से रिलेटेड जुड़े कुछ टर्म्स दिए गए हैं। तुम ऊपर बॉक्सेज में से उन टर्म्स को ढूंढकर बताओ।

O	Y	J	U	A	X	I	K	H	N	S
I	S	H	U	T	T	L	E	C	A	P
W	R	N	G	R	X	B	A	Q	S	A
G	R	A	V	I	T	Y	S	H	A	C
A	T	M	O	S	P	H	E	R	E	E
Y	P	L	A	N	E	T	F	V	D	M
T	C	E	X	P	L	O	R	E	S	E
T	L	A	U	N	C	H	X	N	O	T
J	P	Y	M	C	A	P	S	U	L	E
N	C	Q	X	R	D	P	O	S	A	O
H	F	N	Y	Y	L	G	J	H	R	R

LAUNCH
VENUS
SHUTTLE
PLANET
CAPSULE
ATMOSPHERE
EXPLORE
NASA
GRAVITY
METEOR
SOLAR
SPACE

चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान का सफर 9 दिन में खत्म, बिना कोई मैच जीते बाहर हुआ गत चैंपियन

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ग्रुप-ए का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। रावलपिंडी में बारिश की वजह से टॉस तक नहीं हो सका। इसी के साथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान के सफर का बुरा अंत हुआ है। टीम तीन में से एक भी मैच नहीं जीत पाई। गुरुवार को बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से दोनों टीमों को एक-एक अंक तो मिला, लेकिन रिजवान की टीम ग्रुप-ए में आखिरी स्थान पर रही। बांग्लादेश ने उनसे ऊपर तीसरे स्थान पर रहते हुए सफर का अंत किया। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जबकि बांग्लादेश को भी इन्हीं दोनों टीमों के खिलाफ शिकस्त मिली।

नहीं पेश कर सका चुनौती

पाकिस्तान ने अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में कीवियों ने मेजबानों के खिलाफ 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ जिसमें टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 241 रन के स्कोर पर ही रोका और लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने सामने मोर्चा संभाला और 43.2 ओवर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यूं तो पाकिस्तान की उम्मीदें दो मैच हारने के साथ ही खत्म हो गई थी, लेकिन उसकी संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत ने कर दिया।

बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

पाकिस्तान ने इसके साथ ही कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। 2009 के बाद यह पहली बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबान टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई है। आखिरी बार ऐसा दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था जब टीम ने तीन में से दो मैच हारे और एक में उसे जीत मिली थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम उस वक्त ग्रुप में सबसे नीचे रही थी।

चौथी टीम जो नहीं कर पाई खिताब का बचाव

इतना ही नहीं पाकिस्तान ऐसी चौथी टीम है जो चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब का बचाव करने उतरी, लेकिन ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई। पहली बार ऐसा 2004 में हुआ जब भारत और श्रीलंका ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। भारत और श्रीलंका 2002 में इस टूर्नामेंट के संयुक्त विजेता बने थे। आखिरी बार 2013 में ऐसा हुआ था जब गत चैंपियन टीम ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। उस वक्त ऑस्ट्रेलिया कोई मैच नहीं जीत सकी थी।

पाकिस्तानी संसद में उठेगा मेजबानों की हार का मुद्दा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम के खिलाड़ियों से चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबानों के खराब प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की सरकार टीम के जल्दी बाहर होने से खफा है। 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही पाकिस्तान की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में दो करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से बात करेंगे। वह क्रिकेट से जुड़े मुद्दों को कैबिनेट और संसद में उठाएंगे।

खबर संक्षेप

कप्तान के रूप में भविष्य पर करूंगा आकलन

लाहौर। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद कहा कि टीम के कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर फैसला करने से पहले वह अगले कुछ सप्ताह इस बात का विश्लेषण करने में बिताएंगे कि वह 'समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का'। इंग्लैंड को 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से हार का सामना करना पड़ा। बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड का यह लगातार तीसरा असफल आईसीसी टूर्नामेंट अभियान था। इससे पहले भारत में 2023 विश्व कप और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में 2024 टी20 विश्व कप में टीम को निराशा का सामना करना पड़ा।

आज मुंबई की नजरें बदला चुकता करने पर

बेंगलुरु। पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी। तो उसकी नजरें लीग की शीर्ष दो टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले को जीतकर पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी। इसी महीने वडोदरा में हुए चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने में सफल रही थी और शुक्रवार को जब हरनमप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

बतौर कप्तान रोहित परिपक्व हो गए हैं

दुबई। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं और अपने साथियों के साथ उनका करीबी रिश्ता है जो भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है। धवन ने कहा, '2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है, लड़कों को कैसे एकजुट करना है। एक कप्तान के रूप में वह परिपक्व हो गया है।'

आईसीसी मैच रेफरी बून सीए बोर्ड में शामिल

मेलबर्न। पूर्व बल्लेबाज डेविड बून पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी मैच रेफरी के अपने मौजूदा पद को छोड़ देंगे और 28 मार्च से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बोर्ड में शामिल होंगे। बून क्रिकेट तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और सीए में निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह लेंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू' ने सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड के हवाले से कहा, 'मुझे बेहद खुशी है कि डेविड एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने विशाल अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे।'

चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को अंतिम लीग मैच खेलेगी भारतीय टीम

जीत की हैट्रिक पर भारत की नजर, रोहित ने बनाई दूरी, विराट ने किया कड़ा अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विजयी रथ पर सवार भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड से टकराएगी। यह मुकाबला 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय टीम ने गुरुवार को अभ्यास किया। चोटिल भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने नेट्स में बल्लेबाजी नहीं करने का विकल्प चुना। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अकादमी मैदान में अंडर लाइट प्रशिक्षण लिया। शुभमन गिल ने अभ्यास नहीं कया, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है। रोहित शर्मा को हल्की फिटनेस ड्रिल करते देखा गया। भारतीय कप्तान ने नेट्स में बल्लेबाजी करने से परहेज किया। उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के साथ काफी समय बिताया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान रोहित को हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैदान से बाहर रहे थे। पाकिस्तान की पारी के दौरान वह तकलीफ में नजर आए थे। उन्हें चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी। हालांकि वह बल्लेबाजी करने आए और 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे।

गौतम से की गंभीर चर्चा

नेट प्रैक्टिस छोड़ने के बावजूद रोहित ने भारत के प्रशिक्षण सत्र पर कड़ी नजर रखी। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी चर्चा की और टेनिस रैकेट का उपयोग करके हल्के-फुल्के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया। कोच मोर्ने मोर्कल फिर से टीम में शामिल हो गए हैं। मोर्कल ने टीम के साथ दुबई की यात्रा की थी, लेकिन फैमिली इमरजेंसी के कारण उन्हें साउथ अफ्रीका वापस जाना पड़ा था।

कोहली में दिखी रन की भूख

पाकिस्तान के खिलाफ मैच विनिंग शतक के बाद विराट कोहली ने नेट्स पर स्पिनर्स का सामना किया। इस दौरान उनके अंदर रन की भूख नजर आई। विराट ने ट्रेनिंग सत्र के दौरान कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों का तो सामना किया है, साथ में उन्होंने अन्य नेट गेंदबाजों को बुलाकर उनका भी सामना किया। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी को भी पूरे दमखम के साथ गेंदबाजी करते देखा गया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी भी परेशानी में दिखे थे।

पंत को मिल सकता है मौका

खबरों की मानें तो दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की धीमी और निचली सतहों के विपरीत, भारत ने घास से भरपूर पिच पर प्रशिक्षण लिया। ऋषभ पंत ने भी काफी अभ्यास किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नेट्स में कोहली के साथ प्रशिक्षण लिया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अगले मैच में पंत को मौका दे सकती है।

शमी ने कोहली को किया परेशान

शमी ने कोहली को गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया। उनकी गेंद दो बार जाकर कोहली के पैड पर भी लगी। वहीं, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी सत्र के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। मोर्कल की निगरानी में सभी गेंदबाज न्यूजीलैंड की चुनौती के लिए तैयार दिखे। मोर्कल को मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। शुभमन गिल, जो टूर्नामेंट में भारत के स्टैंड आउट बल्लेबाज रहे हैं, एकमात्र ऐसे बल्लेबाज थे जो अभ्यास सत्र के लिए नहीं आए।

रणजी ट्रॉफी फाइनल

विदर्भ के खिलाफ केरल का स्कोर 131/3, सरवटे की तूफानी फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| नागपुर

आदित्य सरवटे के नाबाद 66 रन की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ के पहली पारी के 379 रन के जवाब में दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 131 रन बना लिए।

केरल की टीम अभी भी पहली पारी में 248 रन पीछे है। स्थानीय सितारे सरवटे ने उम्दा पारी खेलकर केरल को मजबूत स्कोर की नींव दी जबकि गेंदबाजों ने इससे पहले विदर्भ को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। पहले दिन चार विकेट पर 254 रन बनाने वाली विदर्भ टीम की नजरें 450 के आसपास के स्कोर पर थी लेकिन केरल के गेंदबाजों ने उसे 400 के भीतर रोक दिया। विदर्भ के लिए दानिश मालेवार ने 153 और करुण नायर ने 86 रन बनाए। दूसरे दिन पहले सत्र में केरल के गेंदबाजों ने अपनी लय कायम रखी। तेज गेंदबाज एम डी निधीश ने 61 रन देकर और ईडन एपल टॉम ने 102 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। एन एम बासिल को दो विकेट मिले। बासिल ने मालेवार की पारी का अंत करके सुबह केरल को पहली सफलता दिलाई। मालेवार ने 285 गेंद में 153 रन बनाए जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

टखने के दर्द के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से हटा

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। हाल ही में श्रीलंका में श्रृंखला के दौरान टखने में दर्द के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा था कि उनके फैसले के पीछे कुछ 'व्यक्तिगत विचार' भी थे। स्टार्क ने कहा, 'कुछ अलग-अलग कारण हैं, कुछ व्यक्तिगत विचार हैं। टेस्ट श्रृंखला के दौरान मेरे टखने में थोड़ा दर्द था इसलिए मुझे बस इसे ठीक करने की जरूरत है।'

प्राग मास्टर्स शतरंज

प्रज्ञानानंदा ने नवारा से ड्रॉ खेला अरविंद की बाजी भी बराबर रही

एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चेक गणराज्य के स्टार डेविड नवारा से ड्रॉ खेला जबकि अरविंद चिदंबरम ने भी स्थानीय दावेदार एनगुएन थाइ डेइ वान के साथ अंक बांटे।

विश्व चैंपियनशिप के दौरान डी गुकेश की टीम का हिस्सा रहे जर्मनी के विन्सेंट केमर ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराया। अमेरिका के सैम शेंकलैंड भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने तुर्की के गुरेल एडिस को शिकस्त दी। वियतनाम के कुआंग लिएम ली और नीदरलैंड के अनीष गिरी की बाजी ड्रॉ रही। पहले दौर के बाद केमर और शेंकलैंड एक अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा, अरविंद, गिरी, लिएम ली, डेइ वान और नवारा आधे अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में चुनौती पेश कर रही एकमात्र महिला और एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख को स्पेन के इवान सेलगाडो लोपेज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

वाणी ने महिला पीजीटी का जीता चौथा चरण

मुंबई। वाणी कपूर ने अंतिम दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से बृहस्पतिवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के चौथे चरण का खिताब जीता। वाणी का कुल स्कोर एक ओवर 211 रहा। यह वाणी की 2024 सत्र के 12वें चरण के बाद पहली जीत है। वाणी ने 11वें और 13वें होल में बर्डी की और इस समय वह दो एमेच्योर खिलाड़ियों सानवी सोमू और अनुराधा चौधरी से पीछे थीं। सानवी कल तक शीर्ष पर थीं। वाणी ने इसके बाद वापसी करते हुए 15वें होल में बर्डी की जबकि इसी होल में अनुराधा ने बोगी की। इससे अनुराधा एक शॉट की बढ़त गंवाकर एक शॉट से पीछे हो गईं। सानवी ने भी 15वें, 17वें और 18वें होल में बोगी की। अनुराधा ने दो ओवर के कुल स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि सानवी तीन ओवर के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। स्नेहा सिंह (66) और रिद्धिमा दिलावरी (67) ने भी संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

पीटरसन बने दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नियुक्त किया गया। इस 44 साल के पूर्व खिलाड़ी ने 2014 में दिल्ली की टीम की कप्तानी की थी। पीटरसन पहली बार आईपीएल में कोचिंग से जुड़ी किसी भूमिका में दिखेंगे। वह खिलाड़ी के तौर पर 2009 से 2016 तक इस लीग का हिस्सा रहे हैं। पीटरसन को 200 टी20 मैच खेलने का अनुभव है, जिसमें उन्होंने 5,695 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे की फ्रेंचाइजी के साथ कुल 36 मैचों में 1001 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स में वह हेमांग बदानी की अगुवाई वाली कोचिंग टीम का हिस्सा होंगे।

2025 धोनी का आखिरी आईपीएल! खास 'कोड' के साथ चेन्नई पहुंचे माही

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य पर एक क्रिप्टिक मैसेज के साथ इंटरनेट पर तहलका दिया है। आईपीएल 2025 से पहले वह अपनी टीम के साथ जुड़ने के लिए चेन्नई पहुंचे। हालांकि, उनके वहां पहुंचने से ज्यादा चर्चा उनकी टी-शर्ट की हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि टी-शर्ट पर कोड के रूप में एक क्रिप्टिक मैसेज था जो बताता है कि आईपीएल 2025 उनका आखिरी आईपीएल होगा। फैंस ने टी-शर्ट पर संदेश को डिकोड कर पर सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी साझा की है। फैंस का कहना है कि यह एक मोर्स कोड है जिसका अनुवाद 'एक आखिरी बार' (वन लास्ट टाइम) है। धोनी हाल ही में जियो हॉटस्टार स्टूडियो में अभिनेता सनी देओल के साथ भारत-पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी मैच देखते दिखे थे। उससे पहले वह संजू सैमसन के साथ एक कार्यक्रम का भी हिस्सा बने थे। इससे पहले धोनी ने कहा था कि फिट रहने और आईपीएल के दो महीने के लिए तैयार रहने के लिए काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

रहाणे बने पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स के ब्रांड दूत

मुंबई। भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को तीन से चार मार्च तक यहां होने वाले एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर सीरीज के पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स का ब्रांड दूत बनाया गया है। यह ग्रैंडमास्टर सीरीज ि स्क ल ह ब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन की पहल है और बेंगलुरू में 'दक्षिण क्षेत्र एक' की सफलता के बाद पश्चिम क्षेत्र पहुंची है। डेढ़ लाख से अधिक पंजीकरण के साथ प्रतियोगिता ने अपने ऑनलाइन प्रारूप में भारत की प्रमुख कौशल-आधारित माइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल बाद चैंपियन बनने को आतुर

ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान मैच का विजेता खेलेगा सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶| लाहौर

क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियंस ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे।

बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है। टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो लेकिन टीम अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है।

दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब फिर से हासिल करना चाहेगा। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं।

मजबूत गेंदबाजी आक्रमण

जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उनकी बल्लेबाजी की अगुआई सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान करेंगे जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में नहीं लेगा और अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने इंग्लैंड पर जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात स्वीकार की। लेकिन ट्रॉट के पास चिंता करने की कोई वजह नहीं है क्योंकि उनके पास अजमतुल्लाह उमरजई की अगुआई में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। टीम के पास राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी भी है।

दुर्घटना में बच्चों सहित 27 घायल, मेडीकल में भर्ती

पिकअप वाहन खाई में गिरा, 3 की मौत

जबलपुर।

बरेला थाना अतंर्गत ग्राम काशी महगवा नाला के पास गत बुधवार दोपहर एक पिकअप वाहन खाई में पलट जाने से एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दो अन्य घायलों की इलाज के दौरान गुरुवार को मेडीकल कॉलेज अस्पताल में मृत्यु हो गई। इस हादसे में तीन लोग मारे गए, जबकि 27 लोग घायल हुए है। घायलों का मेडीकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। बताया गया है कि वाहन तेज रफ्तार में था इसी दौरान वाहन का स्टेयरिंग फेल हो गया और वाहन अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। बरेला थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम काशी महगवा नाले के पास यह वाहन पलटा। इस वाहन में ऐठाखेड़ा निवासी मजदूर विजय सिंह सोयम अन्य परिजन व रिश्तेदारों के साथ पिकअप वाहन में सवार होकर शादी पक्की करने जा रहें थे, जैसे ही पिकअप वाहन बरेला ब्रिज के पास काशी महगवा नाले के पास पहुंचा, तभी स्टेयरिंग फेल होने के कारण सड़क किनारे खाई में जा गिरा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और निजी वाहनों एवं 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया गया। इस हादसे में रामेश्वरम मरावी, मेर सिंह कुलस्ते और महिला धमकती बाई, की मौत हो गई हैं, जबकि महिला बच्चे सहित 27 लोग घायल हुए हैं जिनका इलाज मेडिकल अस्पताल में किया जा रहा है।दुर्घटना के समय पिकअप वाहन में महिलाएं, बच्चे सहित 30 से अधिक लोग वाहन में सवार थे, सभी घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ रिपोट पर धारा 281, 125(ए), 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

पनागर और माढ़ोताल में सड़क हादसे

सड़क दुर्घटनाओं में 2 की मौत, 1 गंभीर

जबलपुर। पनागर और माढ़ोताल क्षेत्र में अलग अलग हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। बताया गया है कि पनागर में एलपीआर मोड ग्राम बंधी के पास एक बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। इसी तरह माढ़ोताल कटंगी बायपास ब्रिज के ऊपर सड़क दुर्घटना में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तिलगवां निवासी 24 वर्षीय सुशील सिंह गोंड गत दिवस अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एनक्यू 0309 में अपने दोस्त साहिल कोल के साथ कैलाश धाम मंदिर दर्शन करने गए थे, जहां से दर्शन करने के बाद घर लौटते समय एलपीआर मोड़ ग्राम बंधी के पास उनका एक्सीडेंट हो गया, जिसमें दोनों घायल हो गये। उसके छोटा भाई आशीष गोंड को सूचना मिली तो वह अपने दोस्त जितेन्द्र राय के साथ मौके पर पहुंचा जहां दोनों घायल अवस्था में पड़े थे। उसने 108 एम्बुलेंस से दोनों को उपचार के लिए सीएचसी पनागर लेकर पहुंचे जहां रात लगभग 9.30 बजे डाक्टर ने चैक कर सहिल कोल को उपचार हेतु मेडिकल कालेज रेफर कर दिया तथा सुशील सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। इसी प्रकार गत रात लगभग 9.30 बजे कटंगी बायपास ब्रिज के ऊपर माढ़ोताल में सड़क दुर्घटना में घायल होने पर ग्राम मनियारी खुर्द पनागर निवासी 31 वर्षीय मोहित कोल को देर रात लगभग 2 बजे उसके भाई रोहित कोल द्वारा मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत शाम लगभग 6.15 बजे मोहित कोल की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

बादल छंटते ही ऊपर चढ़ने लगा पारा

जबलपुर। मौसम साफ होते ही पारा फिर से ऊपर चढ़ने लगा। एक दिन पहले आसमान पर बादल घिर आए थे और शीतल हवाओं से पारा औसत से नीचे आ गया था लेकिन गुरुवार को अचानक से मौसम बदल गया। मौसम विभाग की माने तो आने वालें दो चार दिन में तापमान में फिर से बढ़ोत्तरी होगी, तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है।प्रदेश में मौसम में आए अचानक बदलाव के बाद चार दिन तक हल्की ठंडक का अहसास रहा. वहीं कुछ शहरों में तापमान 10 डिग्री से भी कम रहा।ऐसा माना जाता है कि फरवरी माह में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होते है। जिसके चलते तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहती है हालांकि अभी बारिश के कोई आसार नहीं है। प्रदेश के पिछले दस वर्षो के आंकड़ों पर यदि नजर डाले तो फरवरी माह में रात-दिन गर्म ही रहते है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक आमतौर पर पश्चिमी विक्षोप धीमी गति से सक्रिय होता है, लेकिन इस दफा काश्मीर में तेजी से सक्रिय हुये पश्चिमी विक्षोप के कारण चक्रवात मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

2-4 दिनों में गर्मी दिखायेगी अपना

सीएजी की रिपोर्ट में खुलासा : प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नहीं की कार्रवाई

रेलवे साइडिंग की मंजूरी का आदेश डीसीएम के पास नहीं पहुंचा

जबलपुर।

बगैर कंसेट आदेश प्राप्त किए रेलवे में जबलपुर सहित देश के अनेक साइडिंग मालगोदामों में भारी अवैध लोडिंग अनलोडिंग हो रही है, इसका खुलासा कंट्रोलर एंड आडिटर जनरल की रिपोर्ट से हुआ है। सीएजी की रिपोर्ट नंबर 21 (20212-13) (रेलवे) पैरा 2.3.1 में बताया गया है कि रेलवे बोर्ड के स्पष्ट निर्देश हैं कि आयरन ओर, सीमेंट आदि के साइडिंग हेतु बुकिंग की रसीद जारी करने के पूर्व में सीनियर डीसीएम के पास कंसेंट आदेश जमा है, यह सुनिश्चित करना चाहिए। केवल 55 प्रतिशत में (16 रेलवे जोन के

34 टेस्टिंग सेंम्पलों में से 19 के पास) ही कंसेंट आदेश पाया गया है। मतलब 34 में से 15 में बगैर कंसेंट आदेश से ही लोडिंग अनलोडिंग हो रही थी। जबलपुर के कछपुरा मालगोदाम में केवल खाद्यान्न के लिए ही कंसेंट आदेश है, फिर भी वहां पर आयरन ओर तथा अन्य वस्तुओं की लोडिंग अनलोडिंग निरंतर जारी है। अतः डॉ. पीजी नाजपांडे ने चेयरमेन रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर निवेदन किया कि सीएजी की रिपोर्ट में हुए खुलासे के परिपेक्ष्य में जबलपुर का मामला रेलवे विजीलेंस को सौंपा जाए।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा रेलवे बोर्ड ने कार्रवाई नहीं की

रजत भार्गव तथा एड.प्रभात यादव ने बताया कि वायु अधिनियम 1981 की धारा 21 के तहत रेलवे में साइडिंग हेतु कंसेंट आदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से लेना होगा। रेलवे बोर्ड ने भी 16 अप्रैल 2018 को सभी जोनल महाप्रबंधकों को कंसेंट आदेश प्राप्त करने को कहा है।लेकिन इन आदेशों का पालन नहीं होने के बावजूद भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा रेलवे बोर्ड ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

बरगवां स्टेशन पर 8 ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने जाने वाली आठ रेलगाड़ियों को बरगवां स्टेशन पर 01 मार्च 2025 से आगामी अगले आदेश तक के लिए प्रायोगिक तौर पर ठहराव देने कि अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया हैं। जिसमें अहमदाबाद-कोलकाता-अहमदाबाद, कोलकाता-मदार जंक्शन-कोलकाता, संतरागाछी-अजमेर-संतरागाछी एवं हावड़ा-भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों के बरगवां स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान ठहराव किया जाएगा। पमरे के जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 19413 अहमदाबाद-कोलकातार एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान रात 20:18/20:20 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान प्रातः 05:33/05:35 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान प्रातः 05:33/05:35 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान रात 20:18/20:20 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान प्रातः 05:33/05:35 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 18010 अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान रात 20:18/20:20 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान प्रातः 05:33/05:35 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस बरगवां में आगमन/प्रस्थान रात 20:18/20:20 बजे रहेगा।

72198 21111 | BAJAJ SECURE | *Terms and conditions apply. *Ex-showroom price for Pulsar 125 variants. Bajaj Auto reserves the right to withdraw any or all offers without prior notice. Stunts have been performed by experts, under professional supervision, in a controlled and enclosed environment, in isolation from general public or public roads. Do not attempt to replicate these stunts and always follow traffic and safety rules. AMC available on specific models and in specific states. Check with Bajaj dealer for more details. Road Side Assistance is provided by third parties and is subject to their terms and conditions.

Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur : Nagrath Chowk FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • Wright Town FRONTIER BAJAJ 77710 11280 • Damoh Naka SELECT BAJAJ 7880097791 • Balaghat SAI BAJAJ 9425822517• Damoh MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • Shahdol JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Katni TARA BAJAJ 9111407700. **Authorised Service Centre :** Adhartal 9479999997, Anuppur 9826688221, Bahoriband 8602598363, Barghat 9303455660, Baihar 9555367761, Barhi 9179202547 Bichiya 9424340254, Bijuri 8827988201 Birsinghpur Pali 6264386139, Chhapara 9713908909, Chichli, 9425419598, Dhanpuri 7489650025, Dindori 9425854910, Gadarwara 9617873963, Gadasarai 9522711045 Gotegaon 9424631001, Hatta 9425094139, Jaisingh Nagar 9425472262, Kareli 9926349292, Katangi 9302930389 Keolari 7879822080 Keswahi 9669691764 Kirnapur 9009464748, Kotma 9329404241, Kundam 9981874048, Lakhnadon 7999593709, Madan Mahal 7880097793, Majholi 7898404020, Mandla 077710 03238, Manpur 9993009143, Nainpur 9595929353, Nowrozabad 7697487999, Palari 9165621818, Panagar 9302893617, Papaundh 9754290155 Patharia 9893678714, Rampur 9827246605, Saleemanabad 8823822886, 9691093624 Shahpura bhitoni 9755453839, Shahpura Dindori 7987250082, Sihora 9826439447, Umaria 9302281902, Waraseoni 9425822517. Saikheda 9893108022, Lanji 9424906995, Ghansore 7566551504, Majhagawan 9399249831 Rithi 9179891917, 7587524410 Badwara 9098307441,8462995655 Chandangaon 7771003685, Adegaon 9926964389, Vijayraghogarh 8225880280, 769200280, Tendukheda 9424994577, Gokalpur 8109090222.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240